www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


■ वर्ष 31 अंक 184 ■ जबलपुर गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# मप्र के विकास की तस्वीर बनेगा ‘अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट’

## उद्योग के साथ पर्यटन, नगरीय विकास और एमएसएमई के क्षेत्र में विकास सशक्त तस्वीर होगी प्रदर्शित

भोपाल (स्वतंत्र मत)

ग्वालियर में 25 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा ‘अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट’ मध्यप्रदेश के विकास मॉडल को एक नए और व्यापक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करने जा रहा है। यह आयोजन केवल निवेश प्रस्तावों और औद्योगिक घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस समग्र सोच को सामने लाता है, जिसमें उद्योग, नगरीय विकास, पर्यटन, एमएसएमई, स्टार्ट-अप और रोजगार एक साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देते हैं। यही वजह है कि यह समिट राज्य की विकास यात्रा में एक साधारण कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक समन्वित विकास मंच के रूप में उभर रहा है। समिट के दौरान एमपीआईडीसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी और प्रस्तुतियों में नगरीय विकास विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों को विशेष स्थान दिया गया है। प्रदर्शनी में लगाए गए सूचना पैनलों और ऑडियो-विजुअल फिल्म के माध्यम से यह बताया गया कि किस तरह शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। इन योजनाओं का सीधा प्रभाव आम नागरिक के जीवन पर पड़ रहा है। स्मार्ट सिटी पहलों के जरिए बेहतर सड़कों, सार्वजनिक सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं और शहरी प्रबंधन को मजबूती मिल रही है, जिससे शहरी जीवन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। नगरीय क्षेत्रों में जलप्रदाय, सीवरेज और हरित क्षेत्र विकास से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं की जानकारी भी इस मंच पर प्रस्तुत की जा रही है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचा विकसित करना नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए शहरी विस्तार को सुव्यवस्थित करना है। स्वच्छ जल



आपूर्ति, बेहतर सीवरेज व्यवस्था और हरित क्षेत्रों का विकास शहरों को निवेश और रोजगार के लिए अधिक अनुकूल बना रहा है। शहरी आजीविका और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने वाली योजनाओं को भी समिट में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को दिए गए ब्याजमुक्त ऋण, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से परिवारों को आजीविका से जोड़ने और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की पहल यह दर्शाती है कि शहरी विकास केवल इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं, बल्कि मानव संसाधन के सशक्तिकरण पर भी समान रूप से केंद्रित है। भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल परियोजनाओं की प्रगति आधुनिक शहरी परिवहन की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### यथार्थवादी विकास सोच का सजीव उदाहरण

समिट के दौरान बड़े निवेश प्रस्तावों से जुड़ी परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण, भूमि आवंटन और आशय पत्रों का वितरण तथा उच्च रोजगार सृजन करने वाले उद्योगों का सम्मान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन यह संदेश देता है कि मध्यप्रदेश में विकास एकांगी नहीं है। यहाँ उद्योग के साथ-साथ नगरीय जीवन की गुणवत्ता, पर्यटन की संभावनाएँ और एमएसएमई की मजबूती भी समान रूप से प्राथमिकता में हैं। ग्वालियर में होने जा रहा यह समिट राज्य की उसी संतुलित और यथार्थवादी विकास सोच का सजीव उदाहरण बनकर सामने आएगी।

### डकैत की हत्या के लिए हरिद्वार में पुलिस पर हमला

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में बुधवार को दिनदहाड़े फिल्मी स्टाइल में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। बदमाशों ने मेरठ के अपराधी विनय त्यागी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गनीमत रही कि गोली उसके पैर में लगी और वह बाल-बाल बच गया। उस पर लूट और डकैती के कई केस हैं। क्रॉस फायरिंग में दो कॉन्स्टेबल घायल हो गए हैं। यह घटना तब हुई जब पुलिस विनय त्यागी को कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रही थी।

### देवास में दंपती ने खुद को आग लगाई

**देवास।** देवास के सतवास में बस स्टैंड पर स्टेशनरी और फोटोकॉपी की दुकान चलाने वाले संतोष व्यास वार्ड नंबर 5 में मकान का निर्माण करवा रहे हैं। प्रशासन को इसमें अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। इसके बाद बुधवार दोपहर को तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी मशीन के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के दौरान संतोष व्यास और उनकी पत्नी जयश्री व्यास की तहसीलदार से बहस हो गई। दंपती ने तहसीलदार के सामने ही अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है।

# साफ हवा नहीं तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों

## दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार से किया सवाल

नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है तो एयर प्यूरीफायर पर 18 प्रतिशत जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना ठीक नहीं है। कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए। अपील में कहा गया कि खराब एक्यूआई के समय में एयर प्यूरीफायर अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। कोर्ट ने केंद्र के वकील से दोपहर 2:30 बजे के बाद इस पर जवाब लेकर आने को कहा।



### पॉल्यूशन पर हाईकोर्ट के 3 कमेंट

- जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।
- कोर्ट ने पूछा कि लोग कब तक इंतजार करें? क्या तब तक, जब हालात और ज्यादा गंभीर हो जाएं? एक व्यक्ति दिन में करीब 21 हजार बार सांस लेता है और जहरीली हवा का असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ता है।
- केंद्र से पूछा कि जब हालात एयर इमरजेंसी जैसे हैं, तो क्या किसी आपात प्रावधान के तहत अस्थायी रूप से एयर प्यूरीफायर को जीएसटी से छूट नहीं दी जा सकती।
- बेंच ने सुझाव दिया कि 15 दिन या किसी तय अवधि के लिए ही सही, टैक्स राहत पर विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने साफ किया कि वह सिर्फ लंबी तारीखें नहीं, बल्कि मौजूदा हालात में ठोस प्रस्ताव चाहती है।

### दिल्ली की हवा से मुझे एलर्जी हो गई

वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40 प्रतिशत हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में सड़कों की स्थिति बेहतर होने के कारण लॉजिस्टिक कॉस्ट कम हो रही है। अब यह 10 फीसदी पर हो गई है और इसमें करीब छह फीसदी की कमी हुई है। दिसंबर तक उम्मीद है कि लॉजिस्टिक कॉस्ट को नौ फीसदी तक किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में स्क्रैपिंग से सभी को फायदा होगा। इसके लिए सभी निर्माताओं को काम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2025 में करीब तीन लाख वाहनों को स्क्रैप किया गया जिनमें से 1.41 लाख सरकारी वाहन थे। लेकिन 97.4 लाख वाहनों को स्क्रैप किया जाना चाहिए था। उन्होंने निर्माताओं से आग्रह किया कि जो भी व्यक्ति अपने पुराने वाहन को स्क्रैप करवाता है और फिर नया वाहन खरीदता है तो उसे अच्छा डिस्काउंट देना चाहिए।





# धरती पर कहीं से भी कर सकेंगे वीडियो कॉल

## इसरो ने 6100केजी का अमेरिकी सैटेलाइट किया लॉन्च

श्रीहरिकोटा

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है।

इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले, नवंबर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित किया गया था। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस एलवीएम3-एम 6 रॉकेट से लॉन्च किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिए धरती पर कहीं से भी बिना टावर 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और अमेरिका स्थित स्ञ स्पेसमोबाइल के बीच हुए एक कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है। न्यूस्पेस इंडिया, इसरो का कॉमर्शियल ब्रांच है।

# पुलिस पर तीर, पत्थर और देसी बम से हमला

**नई दिल्ली।** असम का वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिला बीते कुछ दिनों से उबाल पर है। यहां इस कदर हिंसा भड़की जिसमें 40 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। आलम ये रहा कि पुलिस पर पत्थरों, तीरों और देसी बम से हमला किया गया। दुकानों और घरों में आगजनी की गई। कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर इलाके में सेना तैनात कर दी गई है। लंबे समय से चले आ रहे आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के



बीच भूमि विवाद से उपजा यह तनाव अब तक दो लोगों की जान ले चुका है और कम से कम 45 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 38 पुलिसकर्मी शामिल हैं। कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद के प्रमुख और बीजेपी नेता तुलिराम रोंगहांग के आवास को भी आग के हवाले कर दिया गया। बुधवार तक स्थिति तनावपूर्ण जरूर रही, लेकिन नियंत्रण में बताई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल किसी नई हिंसा की सूचना नहीं मिली है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात किए गए और निषेधाज्ञा लागू रही। पश्चिम कार्बी आंगलोंग के खेरेनी इलाके में हुए टकराव के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, तीरों और देसी बमों से हमला किया।

# बीएमसी की लड़ाई...साथ लड़ेंगे दोनो भाई

**मुंबई।** उद्धव और राज ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया। 20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता



शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में बीएमसीसमेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा। इस दौरान राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई का मेयर मराठी होगा। मैने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है। आज की बैठक के बाद हम अन्य नगर निगमों के लिए भी घोषणा करेंगे। मुंबई का मेयर मराठी ही होगा और वह हमारे दल से होगा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि बंटेंगे तो हम सब बिखर जाएंगे। इसलिए न टूटें, न बंटें। मराठी अस्मिता की विरासत को न छोड़ें।

# पीएम मोदी ने वीबी-जी राम जी को सराहा

## कहा- गांवों में रोजगार, संपत्ति के साथ अच्छी मिलेगी फसल

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट 2025 को सराहा। उन्होंने कहा कि यह कानून सिर्फ ग्रामीणों को मजदूरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे गांवों में काम के साथ-साथ स्थायी संपत्तियां बनेंगी, खेती को मजबूती मिलेगी और लंबे समय में ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी। पीएमओ के मुताबिक, इस कानून को बनाने से पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से बात की। इसके अलावा विशेषज्ञों के साथ तकनीकी बैठकों और अलग-अलग हितधारकों के साथ चर्चा भी की गई, ताकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा सके। वीबी जी राम जी बिल संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के हंगामे और विरोध के बीच 18 दिसंबर को पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 दिसंबर को मंजूरी दी, इसके बाद यह कानून बना था।



यह नया कानून मनरेगा की जगह लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक आर्टिकल शेयर किया। हालांकि वीबी-जी राम जी एक्ट को लेकर राजनीति विरोध भी सामने आया है। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने चेन्नई में इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों का आरोप है कि नए नियमों से रोजगार गारंटी कमजोर होगी और केंद्र व राज्यों के बीच तालमेल पर असर पड़ेगा। सरकार ने कहा कि नए कानून में हर ग्रामीण परिवार को अब साल में 125 दिन काम देने की गारंटी होगी, जो पहले 100 दिन थी। इससे गांवों में रहने वाले परिवारों को ज्यादा काम मिलेगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। कानून की धारा 22 के तहत इस योजना के खर्च को केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर वहन करेंगी। सामान्य राज्यों में खर्च का बंटवारा 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य के बीच होगा।

# अरावली में अब नए खनन की इजाजत नहीं

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अरावली पहाड़ियों की पूरी रक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सभी संबंधित राज्यों को निर्देश दिए हैं कि अरावली क्षेत्र में कोई नई खनन लीज नहीं दी जाएगी। यह रोक गुजरात से दिल्ली तक फैली पूरी अरावली श्रृंखला पर एकसमान लागू होगी। इसका मकसद अवैध और बिना नियंत्रण वाले खनन को पूरी तरह रोकना और अरावली को एक सतत भू-आकृति के रूप में बचाना है। अरावली पहाड़ियां दिल्ली-एनसीआर की हवा को साफ रखने, रेगिस्तान के फैलाव को रोकने, भूजल को रिचार्ज करने और जैव विविधता को संरक्षित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केंद्र सरकार ने इनकी लंबे समय की सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाई है। अरावली के पूरे इलाके में कोई नई खनन लीज नहीं दी जाएगी। यह फैसला अवैध खनन की बढ़ती समस्या को देखते हुए लिया गया है। इससे अरावली की प्राकृतिक

### विवाद के बीच केंद्र का बड़ा फैसला



संरचना बची रहेगी और पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा। केंद्र ने इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन को निर्देश दिया है कि वह पूरे अरावली क्षेत्र में अतिरिक्त इलाकों की पहचान करे जहां खनन पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए। यह काम पहले से प्रतिबंधित क्षेत्रों के अलावा होगा। पारिस्थितिकी, भू-विज्ञान और परिदृश्य के आधार पर किया जाएगा। इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन को पूरे अरावली के लिए एक वैज्ञानिक और व्यापक सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान तैयार करना है। इस प्लान में पर्यावरण पर कुल प्रभाव का आकलन, संवेदनशील इलाकों की पहचान, बहाली के उपाय और खनन की वहन क्षमता का अध्ययन शामिल होगा। प्लान तैयार होने के बाद इसे सार्वजनिक किया जाएगा ताकि सभी पक्षकारों से सुझाव लिए जा सकें। इससे अरावली में संरक्षित क्षेत्र और बड़ा होगा, खासकर स्थानीय भू-आकृति, पारिस्थितिकी और जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए।

### चल रही खदानों पर सख्त निगरानी

जो खदानें पहले से चल रही हैं, उनके लिए राज्य सरकारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी पर्यावरण नियमों का सख्ती से पालन करवाएं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार चल रही खनन गतिविधियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाए जाएंगे। सस्टेनेबल माइनिंग के नियमों का पूरी तरह पालन करना होगा ताकि पर्यावरण को कोई नुकसान न हो। केंद्र सरकार का कहना है कि अरावली का संरक्षण रेगिस्तान के फैलाव को रोकने, जैव विविधता बचाने, भूजल स्तर बनाए रखने और क्षेत्र को पर्यावरणीय सेवाएं देने के लिए जरूरी है। यह फैसला लंबे समय से चल रहे अरावली संरक्षण विवाद में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में पहाड़ियों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

# प्रशासन गांव की ओर : ग्राम पंचायत कारीगढ़ हरी में रात्रि चौपाल का आयोजन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत आज विकासखंड शहपुरा की ग्राम पंचायत कारीगढ़हरी में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में कलेक्टर, जनपद अध्यक्ष शहपुरा, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम शहपुरा, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल में स्वास्थ्य केन्द्र भी संचालित किया जिसमें एक डॉक्टर, तीन स्टॉफ नर्स की उपस्थित में ग्राम के ही 211 लोगों का बुखार, शर्दी जुकाम, सुगर, बीपी, गठियावात, खांसी, खुजली आदि संक्रमक रोगों का परीक्षण कर दवाईयां वितरित किए। चौपाल को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्राम की स्थानीय समस्याओं को समझकर उनका त्वरित निराकरण करना है। प्रशासन और ग्रामीण एक साथ बैठकर समस्याओं का समाधान करेंगे। ग्रामीणों की प्रमुख मांगें चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने निम्न समस्याएं एवं मांगें



रखीं ग्राम पंचायत में उचित मूल्य की दुकान की आवश्यकता, सिल्की नदी के किनारे विद्युत खंभे लगाए जाने की मांग, एक टोला से दूसरे टोले तक सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत में पीने के पानी की गंभीर समस्या।गांव की दीदियों एवं स्कूल में भोजन बनाने वाली रसोइयों ने बताया कि उन्हें लगभग एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। कलेक्टर के पूछने पर बताया गया कि हैंडपंप लगे हैं, परंतु उनसे पानी नहीं निकल रहा है। इस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को 15 दिवस के भीतर सर्वे कर जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अन्य महत्वपूर्ण निर्देश उचित मूल्य दुकान हेतु जिला खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। नदी किनारे विद्युत व्यवस्था हेतु विद्युत विभाग को सर्वे के निर्देश प्रधानमंत्री सोलर पंप योजना के अंतर्गत किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप लगाने के निर्देश दिए। इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 26 दिसंबर 2025 को पंचायत भवन में किसानों के दस्तावेज तैयार करने हेतु पटवारी सचिव एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया गया। बच्चों और महिलाओं से संवाद कलेक्टर ने चौपाल में उपस्थित बच्चों को बिस्कुट एवं चॉकलेट वितरित किए तथा उनसे स्कूल, आंगनबाड़ी, पढ़ाई और पोषण आहार के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने आत्मविश्वास से जवाब दिए। साथ ही शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं और पटवारी के कार्यों की भी जानकारी ली गई।

## स्व-सहायता समूहों की सफलता

समूह की दीदियों ने बताया कि वे टेंट संचालन एवं बकरी पालन का कार्य कर रही हैं। शासन की योजनाओं से उनकी आय में वृद्धि हुई है और वे अपने परिवार व बच्चों की शिक्षा का बेहतर ढंग से ध्यान रख पा रही हैं। जागरूकता कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कठपुतली के माध्यम से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का संदेश दिया गया। ग्रामीणों को बाल विवाह कानून की जानकारी दी गई और सभी से शपथ दिलाई गई कि लड़की की शादी 18 वर्ष और लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं करेंगे। अंत में कलेक्टर ने कहा कि सभी समस्याएं नोट कर ली गई हैं। कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया है, शेष का निराकरण शीघ्र किया जाएगा। ग्रामीणों ने मीडिया के सामने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सरकार की सराहनीय पहल हैं, जिससे स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होता है। रात्रि चौपाल से प्रसन्न होकर ग्रामीणों ने सरकार का आभार व्यक्त किया।

# सुशासन दिवस पर जनपद पंचायत बजाग में शपथ कार्यक्रम आयोजित



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

सुशासन दिवस के अवसर पर एसडीएम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बजाग रामबाबू देवांगन ने जनपद पंचायत बजाग परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जनपद के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शपथ कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने, शासकीय योजनाओं का पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा कार्यों में जवाबदेही बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर देवांगन ने कहा कि सुशासन का मूल उद्देश्य नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने सभी से अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ करने की अपील की। सुशासन दिवस प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुशासन की दिशा में सतत कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# परीक्षा परिणाम सुधार को लेकर कलेक्ट्रेट में कार्यशाला आयोजित

### कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर हुआ मंथन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में परीक्षा परिणाम सुधार विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान परीक्षा परिणाम, प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारी, वार्षिक कार्ययोजना 2026-27, छात्रवृत्ति योजनाएं, यू-डाइस पोर्टल पर अद्यतन एवं नामांकन, विमश पोर्टल पर शिक्षक अपडेशन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, सत्र 2025-26 में नामांकन की वर्तमान स्थिति तथा शाला त्यागी



विद्यार्थियों के शाला छोड़ने के कारणों पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की गई। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक एक महत्वपूर्ण पद है जिसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने को कहा। विद्यालय स्तर पर छात्रवृत्ति, सीएम हेल्पलाइन छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षक, छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, विद्यार्थियों की काउंसलिंग, विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता, पेंशन प्रकरण आदि समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाए जिससे सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के स्कोर स्तर को ठीक किया जा सकता है। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु सतत निगरानी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शाला त्याग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं एवं पोर्टलों पर अद्यतन जानकारी समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए, ताकि शैक्षणिक लाभ सीधे विद्यार्थियों तक पहुंच सके। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जिले के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाना। कार्यशाला में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते, समस्त प्राचार्य सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 23 दिसंबर 2025 को जिले की दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित 701 मतदान केंद्रों पर निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया गया। प्रारूप प्रकाशित नामावली के अनुसार जिले की दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 5,07,199 मतदाता दर्ज हैं। पूर्व में दिनांक 28 अक्टूबर 2025 की स्थिति में यह संख्या 5,28,183 थी। वर्तमान सूची में 2,18,820 सेल्फ मैपिंग, 2,85,856 प्रोफाइल मैपिंग तथा 2240 नो-मैपिंग मतदाता शामिल हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जिले में 9841 मृत, 2024 अनुपस्थित, 6989 स्थानांतरित, 2103 दोहरी प्रविष्टि तथा 27 अन्य कारणों से अपात्र पाए गए मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित किए गए हैं।

# पुलिस लाइन में सृजन कार्यक्रम आयोजित बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए पुलिस लाइन डिंडौरी में च्च्सृजन कार्यक्रमज्ज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के निर्देशन में मध्यप्रदेश शासन की तकनीकी सहायता से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं किशोर-किशोरियों में आत्मविश्वास विकसित करना, उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना, लैंगिक समानता का महत्व समझाना तथा कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करना है। इसके साथ ही बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना का विकास करना भी कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य है।



कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक श्रीमती गंगोत्री तुरकर द्वारा बच्चों को अधिनियम, महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनों तथा महिला संबंधी अपराधों के विषय में सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को यह समझाया कि किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में वे किस प्रकार स्वयं की सुरक्षा कर सकते हैं और कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रभारी रक्षित निरीक्षक कुंवर सिंह ओलाडी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों को समाज में सुरक्षित, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया तथा पुलिस को मित्र के रूप में देखने और आवश्यकता पड़ने पर निर्भीक होकर सहायता लेने का संदेश दिया।

# शासकीय महाविद्यालय बुढार के विद्यार्थियों ने ओपीएम कागज कारखाना के टिशू पेपर सेक्शन एवं वुड संग्रहालय का कराया गया औद्योगिक भ्रमण

बुढार (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार के रसायन शास्त्र तथा एम.एससी. के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कागज कारखाना ओरियंट पेपर मिल्स अमलाई का भ्रमण कराया गया, इस दौरान टिशू पेपर सेक्शन एवं मिल परिसर में स्थित वुड संग्रहालय एवं कागज निर्माण की प्रक्रियाओं को छात्रों से भली-भांति परिचय कराया गया। औद्योगिक भ्रमण शासकीय नेहरू महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा के दिशा निर्देशन पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नागमणि मानिकपुरी के मार्गदर्शन में तथा महाविद्यालयीन शैक्षणिक स्टाफ डॉ. सोमा मिश्रा, डॉ. निशा कुमारी, रितिका सिंह, रितेश जैन, प्रिया मिश्रा एवं शिवचरण महरा के अगुवाई में छात्रों को कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ओपीएम संस्थान के तीनों इकाइयों का अवलोकन किया और कागज निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया को बारीकी से समझा, वही विद्यार्थियों ने पेपर मिल परिसर में स्थित वुड संग्रहालय



का भी भ्रमण के दौरान अवलोकन किया, जहाँ विभिन्न राज्यों में पाये जानें वाले वृक्षों की लकड़ियों के नमूने देखे तथा उनके उपयोग और विशेषताओं की विस्तृत जानकारी से अवगत हुये। ओरियंट पेपर मिल के डी.जी.एम. (एच.आर.) रवि सिंह ने औद्योगिक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय बुढार विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अपने कार्यानुभव को साझा किये। इस अवसर पर विपिन गुप्ता द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मिल का इतिहास एवं कागज निर्माण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। औद्योगिक भ्रमण के सफल आयोजन में ओ.पी.एम. संस्थान के डिप्टी मैनेजर (एच.आर.) देवेंद्र द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

# किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव भी हैं : सीबीएम साईड हेड राजेश वर्मा

बुढार (स्वतंत्रमत)

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में पूरे उल्लास से रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा ग्राम देवरी नं. 1 में मनायी गई, और कृषि सम्मान समारोह का आयोजन कर क्षेत्रीय प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर कृषि के क्षेत्र में उनकी सफलता को सराहा गया। रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा सी.एस.आर. गतिविधियों के अंतर्गत कृषि विकास को एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता के रूप में लिया गया है, और परियोजना क्षेत्र के 58 ग्रामों के किसानों को कृषि आदान सामग्री, जैविक खाद, कीटनाशक, उन्नत कृषि यंत्र एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के सहयोग से किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी निरंतर दी प्रदान की जा रही है, जिससे खेती की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में प्रभारी उपसंचालक कृषि अनुराग पटेल, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. बी.के. प्रजापति, डॉ. अल्पना शर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी



शिशुपाल सिंह राजपूत बुढ़ार तथा चन्द्रभान बागरी, गोहपारू एवं लाइजन टीम के अजीत सिंह, सिक्योरिटी टीम से आर.के. सिंह, ग्राम पंचायत देवरी की सरपंच रंजू बैगा, जनपद सदस्य लीलावती की विशिष्ट उपस्थिति रही। रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के साइट हेड राजेश वर्मा नें राष्ट्रीय किसान दिवस पर क्षेत्रीय उन्नतशील कृषकों को शुभकामना देते हुये कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव भी हैं, रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट का पूर्ण विश्वास है कि जब किसान सशक्त होगा, तभी गांव, समाज और देश प्रगति करेगा। कृषक सम्मान के इस महत्वपूर्ण अवसर पर हम संकल्पित हैं, किसानों को आगे लाना चाहते हैं, जिन्होंने परंपरागत खेती से आगे बढ़कर नवीन खेती को अपनाया है, ताकि वे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन सकें। रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट के साइट हेड राजेश वर्मा नें अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि रिलायंस सी.बी.एम. आने वाले समय में भी हम किसानों के साथ मिलकर टिकाऊ, लाभकारी और वैज्ञानिक तकनीकि खेती को बढ़ावा देते रहेगे। रिलायंस सी.बी.एम. के सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय किसान दिवस किसानों के योगदान को सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, और ऐसे किसानों को मंच से सम्मानित किया जाना स्वागत योग्य है क्योंकि अन्नदाता किसान उन्नतशील एवं कृषि में नवीन तकनीकी अपनाकर कृषि के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे अन्य किसान भी उनसे प्रेरणा लेकर कृषि की दिशा में आगे बढ सकें।

# नवांकुर संस्था जगदंबा जन विकास समिति द्वारा जल संचय अभियान अंतर्गत किया गया बोरी बंधान

**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिसद विकासखंड ब्यौहारी के सेक्टर क्रमांक आखेटपुर 01, मे जल संचय अभियान अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 1 के ग्राम विकास प्रसफुटन समिति. देवगांव के सहयोग से गोदावल नाला मे बोरी बंधान का कार्यक्रम संपन्न किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित रहे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शहडोल के जिला समन्वयक विवेक पांडे ,नावाकुर संस्था जगदंबा जन विकास समिति के अध्यक्ष यमुना प्रसाद नापित, ग्राम पंचायत मैरटोला के सरपंच,



सचिव, सुदामा गुप्ता, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शिवम गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता अजय गुप्ता, राम निरंजन चतुर्वेदी, पुस्सा कोल, प्रस्फुटन समिति देवगांव के अध्यक्ष भैयालाल पाल एवं सभी सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के मैटर्स ऋसरस्वतीचंद्र पांडे, हीरालाल साहू, रामेश्वर पाल, अर्पिता,बैश्य, ज्योति पांडे, छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर ग्राम स्तर पर जल का संचय व जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के लिए किया गया ।

# मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का हुआ समापन

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 दिसंबर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, जिला प्रशासन, विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।और समापन समारोह में भोपाल वरकत उल्ला विश्वविद्यालय एवं जबलपुर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बीच फाइनल मैच खेला गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप मे कुलसचिव प्रो अशीष तिवारी शहडोल उपस्थित रहे।



समापन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने मुख्य अतिथीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का भी विकास करते हैं। राज्य स्तरीय अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ आपसी सौहार्द को भी बढ़ाती हैं। विश्वविद्यालय भविष्य में खेल अवसंरचना को और सुदृढ़ करने के लिए सतत प्रयास करेगा।खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण व अंचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर मिलता है। विश्वविद्यालय प्रशासन खेलों के विकास हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।


## कार्यालय जनपद पंचायत सोहागपुर जिला शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक/ज.पं./ई.टेण्डर/2025/2396 सोहागपुर दिनांक 24.12.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय कलेक्टर शहडोल के पत्र क्रमांक/डीएमएफ/2025/471 शहडोल दिनांक 15.07.2025 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर, तहसील कार्यालय सोहागपुर एवं जनपद पंचायत सोहागपुर में ई ऑफिस कार्यप्रणाली क्रियान्वित करने के निर्देश के पालन में जनपद पंचायत सोहागपुर द्वारा ब्रांडेड कम्प्यूटर प्रिंटर, अन्य आवश्यक उपकरण क्रय करने हेतु ऑनलाईन निविदा क्रमांक/2376 दिनांक-23.12.2025 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा विवरण बेवसाईड www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत सोहागपुर**



## कार्यालय नगरपालिका परिषद धनपुरी जिला-शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2025-26/1889 धनपुरी दिनांक 24.12.2025

### ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenderrs.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1788_DATE-19.12.2025 2025_UAD_470054 | CONSTRUCTION OF RCC COVERED DRAIN AT WARD NO 11 SHANKAR MANDIR TO GIRDHARI GHAT. | 60 दिवस 7.07 लाख | 2000/- एवं 7070/- | 06.01.2026 05.30 PM |
| 2 | 1789-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470056_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT WARD NO 07 MANISH VERMA HARDWARE TO RAILWAY LINE. | 60 दिवस 8.22 लाख | 2000/- एवं 8220/- | 06.01.2026 05.30 PM |
| 3 | 1790-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470057_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT WARD NO 07 LALA VERMA HOUSE TO NAALA. | 60 दिवस 8.90 लाख | 2000/- एवं 8900/- | 06.01.2026 05.30 PM |
| 4 | 1791-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470060_1 | CONSTRUCTION OF PATHWAY AT WARD NO 20 BIHARI KACHER HOUSE TO RAJ MOHAMMED HOUSE. | 60 दिवस 8.95 लाख | 2000/- एवं 8950/- | 06.01.2026 05.30 PM |
| 5 | 1792-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470063_1 | CONSTRUCTION OF PATHWAY AT WARD NO 11DEEPAK HOUSE TO ANGANBADI TO KISHAN HOUSE. | 60 दिवस 9.31 लाख | 2000/- एवं 9310/- | 06.01.2026 05.30 PM |
| 6 | 1793-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470064_1 | CONSTRUCTION OF RCC COVERED DRAIN AT WARD NO 21 MANOJ HOUSE TO PEARL PALACE TO SANTOSH HOUSE. | 60 दिवस 1.50 लाख | 2000/- एवं 1500/ | 06.01.2026 05.30 PM |
| 7 | 1794-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470065_1 | CONSTRUCTION OF RCC COVERED DRAIN AT WARD NO 03 ANURAG COMPLEX TO MASJID. | 60 दिवस 1.99 लाख | 2000/- एवं 1990/ | 06.01.2026 05.30 PM |
| 8 | 1795-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470067_1 | CONSTRUCTION OF RCC COVERED DRAIN AT WARD NO 06 MASJID ROAD. | 60 दिवस 2.16 लाख | 2000/- एवं 2160/ | 06.01.2026 05.30 PM |
| 9 | 1796-DATE-19.12.2025 2025_UAD_470069_1 | CONSTRUCTION OF RCC COVERED DRAIN AT WARD NO 18 MAIN ROAD TO CHANDNI HOUSE. | 60 दिवस 2.38 लाख | 2000/- एवं 2380/ | 06.01.2026 05.30 PM |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धनपुरी जिला शहडोल (म.प्र.)**

# हत्या के आरोपी को दोषी साबित करने में नाकाम रहा अभियोजन पक्ष

### अदालत ने गवाहों के बयानों में भिरोधाभास पाते हुए किया दोषमुक्त

जबलपुर(स्वतंत्रमत)।



अपर सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सहलाम की अदालत ने हत्या के आरोपी को साक्षियों के विरोधाभास बयान व दस्तावेजी साक्ष्यों में अंतर पाते हुए दोषमुक्त करार दिया है। दरअसल यह मामला शासन की ओर से दायर किया गया था। जिसमें गोराबाजार थाना क्षेत्रातंर्गत ओवन क्लासिक के बाजू में बनी टपरिया में 9 मार्च 2023 को चौकीदार गुलाबनाथ सपेरा की सिर पर डंडे से हमला कर हत्या किये जाने से संबधित था। उक्त मामले में पुलिस ने मंडला टिकरिया चिरईडोंगरी निवासी 32 वर्षीय वीरेन्द्र उर्फ राहुल मरावी को आरोपी बनाया था। जिसकी ओर से अधिवक्ता अरुण कुमार विश्वकर्मा ने पक्ष रखा।

वहीं सहयोगी अधिवक्ता के रूप में पूनम दुबे व सावन रजक उपस्थित हुए। जिन्होंने घटना दिनांक और अभियोजन पक्ष द्धारा पेश की गई दलीलों को झूठा साबित किया, बल्कि साक्षियों और अभिलेखी दस्तावेजों के विरोधाभास को उजागर किया। जिस पर संदेह का लाभ देते हुए अदालत ने आरोपी वीरेन्द्र मरावी को उक्त हत्याकांड में दोषमुक्त करने के निर्देश दिये।

## मारपीट करने वाले दो आरोपियों को एक-एक साल की सजा

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री उर्वशी सूर्यवंशी की अदालत ने मारपीट करने वाले दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी कमलेश माली व राजेश माली को एक-एक साल के सश्रम कारावास व तीन-तीन सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत के समक्ष एडीपीओं सुश्री रश्मि ठाकुर ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि आरोपी कमलेश माली व राजेश माली ने 25 अगस्त 2020 को हनुमानताल प्रेम नगर मरघटाई के पास फरियादी बब्लू यादव से गालीगलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत पर हनुमानताल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने दोनों आरोपियों को उक्त सजा सुनाई।

## बम पटककर दशहत मचाने पर 10 वर्ष का कारावास

अपर सत्र न्यायाधीश निशा विश्वकर्मा की अदालत ने बम पटककर दशहत मचाने के आरोपित अस्फकार उर्फ आसु मंसूरी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ 10 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 29 नवंबर, 2021 को बड्डा दादा ग्राउंड, सर्वेंट क्वार्टर, मेडिकल कालेज के समीप सुअर मार बम रोड पर पटककर दशहत मचा दी थी। इससे रोड पर चलने वाले राहगीरों के जीवन को संकट पैदा हो गया था। बम के अवशेष कंकड, कांच, कील आदि रोड में बिखर गए थे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के कब्जे से दो नग जिंदा सुअर मार बम बरामद किए थे। लिहाजा, अपराध पंजीबद्ध कर लिया था।

## शराब कारोबारी को झटका याचिका खारिज

जबलपुर।

जस्टिस विशाल मिश्रा ने याचिकाकर्ता शराब कारोबारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसका लायसेंस निरस्त करने को चुनौती दी गई थी। सतना निवासी कमलेश त्रिपाठी ने याचिका दायर कर बताया कि कलेक्टर ने 30 जून 2025 को शराब दुकान संचालन का उसका लायसेंस निरस्त कर दिया। इसके साथ ही 2 जुलाई को नई निविदा जारी कर दी। उसे एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक का लायसेंस मिला था। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि वह कई वर्षों से इस व्यवसाय में है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसकी दुकान से करीब 5 सौ मीटर के दायरे में एक अन्य व्यापारी की दुकान शिफ्ट कर दी, जिससे उसका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने दलील दी कि शराब नीति के अनुसार लायसेंसधारक को एक पखवाड़े की पूरी राशि जमा नहीं करता है, तो 7 दिनों के बाद सहायक आयुक्त उसे नोटिस देगा। नोटिस के बाद भी राशि जमा नहीं करने पर लायसेंस निरस्त करने का प्रावधान है। याचिकाकर्ता ने उक्त शुल्क जमा नहीं किया था।

# प्रदेश में बिजली की मांग ने नई ऊंचाइयों को छुआ

### पहली बार साढे 19 हजार के पार, 19572 मेगावाट का नया रिकार्ड दर्ज

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।



मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग का नया रिकार्ड 24 दिसंबर को प्रात: 10.43 बजे उस समय बना जब विद्युत की शीर्ष मांग साढे 19 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार करती हुई आज तक के शीर्ष शिखर 19572 मेगावाट तक जा पहुंची। विशेष बात यह रही कि प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग की आपूर्ति निर्बाध रूप से की गई। इससे पूर्व 23 दिसंबर को प्रदेश में बिजली की मांग 19371 मेगावाट दर्ज हुई थी। प्रदेश में जब बिजली की मांग 19572 मेगावाट पर दर्ज हुई उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में 5317 मेगावाट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 6221 मेगावाट, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में सर्वाधिक 7640 मेगावाट, एस.ई.जेड एवं रेलवे में 394 मेगावाट बिजली की मांग दर्ज हुई।अधिकतम मांग के समय ताप विद्युत उत्पादन 2670 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन 1889 मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा 1691 मेगावाट व एनटीपीसी, बैंकिंग एवं अन्य सोर्स से कुल 13322 मेगावाट बिजली प्राप्त हुई।

## घायल हुए वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थानातंर्गत ग्राम सगड़ा निवासी 72 वर्षीय रसल किशोर लोधी विगत 12 दिसंबर को घर में गिरने से आई चोटों पर उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिनकी विगत दिवस उपचार दौरान मौत हो गई।

## गुंजन कला सदन का स्थापना दिवस 27 को

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश का 68वां स्थापना दिवस एवं संस्थापक ओंकार श्रीवास्तव का स्मरण शनिवार 27 दिसंबर को संध्या 6:30 बजे से शहीद स्मारक भवन, गोल बाजार में आयोजित है। गीत गायन एवं नवरंग कथक कला केंद्र के कलाकारों द्वारा मधुर गीतों पर नृत्य के इस आयोजन का आतिथ्य अजय विश्नोई ,विनोद दिनेश्वर, रवीन्द्र बाजपेयी एवं श्रीमती रचना त्रिवेदी करेंगी। संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आनंद तिवारी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर नर्तक, नृत्यांगनाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# एमपी एमएलए कोर्ट से भाजपा विधायक कुंवर सिंह टेकाम बरी

### लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन का लगा था आरोप



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** एमपी एमएलए कोर्ट ने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में भाजपा विधायक कुंवर सिंह टेकाम को बरी कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष विधायक पर लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करने में असफल रहा, इसलिए उन्हें संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है।विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार ने अपने फैसले में कहा कि कुंवर सिंह टेकाम के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं हो सके हैं। साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने विधायक को आरोपों से बरी कर दिया। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से जुड़ा है। उस समय सीधी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रीति पाठक चुनाव मैदान में थीं। उनके समर्थन में 23 अप्रैल 2019 को ग्राम धनौली में एक आमसभा आयोजित की गई थी। आरोप था कि सभा के दौरान भाजपा विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने अपनी विधायक निधि से गांव में पांच हैंडपंप लगवाने की घोषणा की, जिसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदीप सिंह उर्फ दीपू ने मझौली थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

**कोर्ट ने परिवाद प्रस्तुत करने के दिए थे निर्देश**-पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस में खात्मा लगा दिया था। इसके बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को परिवाद पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिसके आधार पर एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के दौरान विधायक की ओर से अधिवक्ता विकास मिश्रा ने दलील दी कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विधायक द्वारा दी गई कथित घोषणा आचार संहिता का उल्लंघन थी। बचाव पक्ष ने यह भी बताया कि जिस मोबाइल फोन से घटना का वीडियो बनाए जाने का दावा किया गया था, वह टूट चुका है और वीडियो की फॉरेंसिक जांच भी नहीं कराई गई, जिससे उसकी सत्यता प्रमाणित नहीं हो पाई।

# जिला स्तरीय 'गणित महापर्व' का हुआ आयोजन

### 25 महाविद्यालयों की रही सहभागिता, गणितीय प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।




महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी की 138वीं जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय गणित महापर्व का भव्य आयोजन एवं सफल समापन बुधवार दिनांक 24 दिसंबर 2025 को शासकीय प्रगति शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर में उत्साह, ऊर्जा एवं गणितीय रचनात्मकता के साथ संपन्न हुआ। यह जिला स्तरीय शैक्षिक आयोजन मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा समर्थित एवं उत्प्रेरित तथा जबलपुर निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें जबलपुर जिले के 25 से अधिक शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता कर गणितीय कौशल एवं तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष अतिथि डॉ. प्रहलाद अग्रवाल, सदस्य, जिला स्वीप कोर समिति, जबलपुर ने अपने संबोधन में कहा गणितीय सोच और जागरूक नागरिकता एक-दूसरे की पूरक हैं। स्वीप गतिविधियों से जुड़ा यह आयोजन बौद्धिक सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

कार्यक्रम के जिला समन्वयक एवं संचालक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि गणित महापर्व का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच एवं दैनिक जीवन में गणित के उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। गणित महापर्व के अंतर्गत - डिजिटल प्रश्न मंच, 10 मिनट में अधिकतम अंकगणितीय प्रश्न हल करने की प्रतियोगिता, मैजिक मैथ, मैथमेटिकल रंगोली, मैथमेटिकल मॉडल, फन विद मैथ्स, पोस्टर निर्माण एवं एक्सटेम्पोर (आकस्मिक भाषण) जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

इस अवसर पर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा वैदिक गणित पर आधारित अचंभित करने वाले जादुई गणितीय प्रयोगों का सजीव प्रदर्शन भी किया गया, जिसे देखकर विद्यार्थी एवं शिक्षकगण अत्यंत प्रभावित हुए। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष एवं सुचारु मूल्यांकन में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. ज्योति खरे, श्रीमती ललिता सप्रा एवं श्रीमती अल्पना खरे ने किया।

## दो जुआ फड़ों पर सिहोरा पुलिस की रेड

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** सिहोरा पुलिस ने ग्राम पिण्डरई हार में आबाद दो जुआ फड़ों पर रेड मारकर सात जुआरी को धर दबोचा। वहीं कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम पिण्डरई हार में दबिश दी गई। जहां खेत के अंदर तथा नाले के पास अलग-अलग दो जुआ फड़ लगे हुये थे। पुलिस की घेराबंदी देख जुआरियों में भगदड़ मच गई, जिनमें कुछ भागने में सफल हो गये। पुलिस ने मौके से मोनू साहू निवासी ,मंझौली, कोदूलाल झारिया, आशराम भूमिया, भोला उर्फ राजेन्द्र पटैल निवासी हरिसिंधी सिहोरा, जितेन्द्र बर्मन, विशाल सिंह गौड़, निवासी ग्राम झिंगरई, रोहित भूमिया निवासी घाट सिमरिया को हिरासत में लिया।

# ननि में आउटसोर्स एवं सफाई कर्मियों सबंधी गड़बड़ियां सुधारने आयुक्त ने मांगा 10 दिन का समय

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम के महापौर और आयुक्त कार्यालय में बुधवार को उस वक्त हड़कंप सी स्थिति निर्मित हो गई, जब अपने साथीगणों के साथ पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कार्यालयों में दस्तक दी और चल रही गड़बड़ियों के प्रमाण प्रस्तुत कर जांच करने की मांग की। श्री सक्सेना ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों ईपीएफ भुगतान में भारी अनियमितता और गड़बड़ियाँ की जा रहीं हैं जिससे कर्मचारी आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। यह मांग की गई कि वार्डों में काम पर लगाए गए सभी कर्मचारियों के नाम बीट अनुसार पब्लिक डोमेन में डाले जाएं ताकि प्रत्येक नगरवासी को भी यह मालूम हो सके कि उनके क्षेत्र में कौन सा कर्मचारी किस जगह पर कार्यरत है? जिससे गड़बड़ी पर रोक लग सके।

### ईपीएफ पोर्टल में रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं

सौंपे गए पत्र में श्री सक्सेना ने बताया है कि नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदार की आपसी मिलीभगत से कर्मचारियों को ईपीएफ हेतु ईपीएफ पोर्टल में आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम ही दर्ज नहीं कराए जा रहे हैं यह जानकारी उन्हें ईपीएफ कमिश्नर ने दी थी। यह मांग की गई कि ईपीएफ पोर्टल में तत्काल नाम दर्ज करने आदेश जारी किए जाएं। जिससे हितग्राहियों का शोषण रुके। उन्होंने बताया कि एक ओर तो शहर में चौतरफा गंदगी को लेकर प्रदर्शन और सवाल खड़े हो रहे हैं। आयुक्त - नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से मुलाकात के दौरान विनय सक्सेना ने कठोंदा के आसपास व्याप्त भारी प्रदूषण से नागरिकों को हो रही परेशानी की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया जिस पर आयुक्त ने तत्काल प्लांट चालू कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने 10 दिन का समय मांगा है।

## चाकू चमकाकर दुकानदारों से हफ्ते की मांग

**जबलपुर।** माढ़ोताल चुंगी नाका में अन्नू अहिरवार नामक बदमाश ने दुकानदारों से विवाद करते हुए हफ्ता दिये जाने की मांग की। आरोपी ने चाकू चमकाते हुए व्यापारियों को धमकी दी। जिसके बाद व्यापारियों ने पुलिस की शरण ली है। पुलिस अब सरगर्मी से आरोपी की तलाश कर रहीं है। पुलिस ने बताया प्रतीक जैन कपड़ों का व्यवसाय करते है। बीती रात अन्नू अहिरवार पहुंचा और दुकान के सामने टंगे कपड़े हटाने का कहते हुये दुकान के सामने टंगे बच्चों के कान में लगाने वाला चुहचू निकालकर रोड़ में फेंक दिये तथा चाकू निकालकर चाकू लहराते हुये गाली गलौज कर बोला कि चुंगी में दुकानदारी करना है तो हर हफ्ता मुझे पैसे देने पड़ेगें।

# बिना ओटीपी व मैसेज के खाते से 3.20 लाख गायब

### पीड़ित ने कोतवाली थाने में दर्ज करायी शिकायत



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** ऑनलाईन ठगी के रोजाना नये-नये मामले सामने आ रहे है। ऐसा ही एक मामला कोतवाली क्षेत्र में सामने आया। जहां फरियादी के पास न तो कोई ओटीपी आया और न ही राशि निकलने के बैंक की ओर से कोई मैसेज और उसके एकाउंट से तीन लाख बीस हजार रुपये आहरित कर लिये गये। जिसकी जानकारी पीड़ित को विगत दिवस लगी जब वह पासबुक प्रिंट कराने बैंक गया। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी गई।

पुलिस ने बताया कि उपरैनगंज निवासी 47 वर्षीय जितेन्द्र दुबे ने लिखित शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि उसका एकाउंट एसबीआई मिलौनीगंज में है। 29 अगस्त 2025 से 2 सितंबर 2025 के बीच अलग-अलग तिथियों में उसके खाते से तीन लाख बीस हजार रुपये आहरित कर लिये गये। जिसकी जानकारी उसे विगत 2 दिसंबर को उस समय हुई, जब वह पासबुक प्रिंट कराने बैंक गया था।

राशि आहरण के दौरान उसे न तो कोई ओटीपी आया और न ही बैंक की ओर से राशि निकलने का कोई मैसेज आया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



# कॉमेडी प्ले मसाज का मंचन 30 को

### मशहूर अभिनेता राकेश बेदी निभाएंगे 24 किरदार

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

एक साथ 24 किरदार निभाते हुए अपनी कमाल की कॉमिक टाइमिंग से वरिष्ठ अभिनेता राकेश बेदी दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ेंगे। वे जबलपुर में अपने चर्चित नाटक 'मसाज' का मंचन करने आ रहे हैं। चौरे सिनेमा कम्पनी और मेगा माइंड्स द्वारा आयोजित ये शो 30 दिसंबर को नेता जी सुभाष चंद्र कन्वेंशनल एंड कल्चरल ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। पीवीआर में आयोजित वार्ता में स्वयं अभिनेता राकेश बेदी और फिल्म राइटर डायरेक्टर सचिन्द्र शर्मा मौजूद रहे। श्री बेदी ने नाटक के किरदारों पर चर्चा की। साथ ही इस प्ले को अपने दिल के बेहद करीब बताया। वार्ता में मौजूद लव यू फैमिली फिल्म के निर्देशक और कई प्रख्यात फिल्म के राइटर श्री शर्मा ने भी पत्रकारों से चर्चा की। इस अवसर पर चौरे सिनेमा के प्रोप्राइटर जितेंद्र चौरे, मेगा माइंड्स से महेश झरिया, गौरव सी. वी सैलून से चिन्नी और विन्नी,आकर्षण किड्स स्कूल से मंजूषा श्रीवास्तव मौजूद रहे।

वन-मैन शो 'मसाज' एक व्यंग्यात्मक और हास्यप्रधान वन-मैन शो है, जिसे प्रसिद्ध नाटककार विजय तेंदुलकर ने लिखा है। करीब 90 मिनट तक चलने वाला यह नाटक मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक विसंगतियों पर भी तीखा व्यंग्य भी प्रस्तुत करता है। श्री बेदी पिछले 23 सालों से इस नाटक का मंचन देश-विदेश में कर रहे हैं और इसे दर्शकों से हमेशा जबरदस्त सराहना मिली है। वरिष्ठ अभिनेता राकेश बेदी इससे पहले शतरंज के मोहरे, मेरा वो मतलब नहीं था, और पत्ते खुल गए जैसे नाटकों में भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं।

# आज प्रदर्शनकारी जलाएंगे मुख्यमंत्री के 101 पुतले

### सिहोरा को जिला बनाने का आंदोलन हो रहा उग्र

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।



जिले की सिहोरा तहसील को जिला बनाने की मांग उग्र जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहे सिहोरा वासियों का धैर्य अब टूटता जा रहा है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। समिति ने घोषणा की है कि 25 दिसंबर को सिहोरा नगर सहित प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री के कुल 101 पुतले जलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इस आंदोलन की सबसे गंभीर स्थिति अन्न सत्याग्रही और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू की है। वे पिछले 17 दिनों से अनवरत सत्याग्रह पर हैं और उन्होंने अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया है।

लगातार उपवास के कारण उनके स्वास्थ्य में तेजी से गिरावट आ रही है, जिसे लेकर क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। आंदोलनकारियों का कहना है कि चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे कर वोट लेना और सत्ता में आते ही उन्हें भूल जाना सिहोरा के स्वाभिमान पर सीधा प्रहार है।

### सीएम ने दिया था वार्ता का आश्वासन

समिति के अनुसार 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वार्ता न होने से जन-आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। पुतला दहन के बाद, 27 दिसंबर को चक्काजाम करने की तैयारी है। आंदोलन समिति ने सिहोरा के हर नागरिक से आह्वान किया है कि वे अपने घर के बाहर मुख्यमंत्री और मध्यप्रदेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर इस अपमान का करारा जवाब दें। यह लड़ाई अब किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि सिहोरा के अस्तित्व और पहचान की लड़ाई बन चुकी है।

## छोटा लाभ देकर सवा लाख ठगे

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** गढ़ा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक को जालसाजों ने छोटा लालच देकर फंसाया और उससे एक लाख बीस हजार रुपये ऑनलाईन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये। युवक जब तक कुछ समझता तब तक उसके खाते से राशि ट्रांसफर हो चुकी थी। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत गढ़ा थाने में दर्ज करायी है।पुलिस ने बताया कि प्रेमनगर राजुल अपार्टमेंट निवासी 38 वर्षीय सुशील कुमार शर्मा फाईनेंस कंपनी में प्राइवेट काम करता है। 3 दिसंबर की सुबह उसके मोबाईल पर व्हाटसअप पर मैसेज आया जिसमें लिखा था कि आनलाईन रेटिंग दोगे तो एक रेटिंग का 50 रूपये बढ़कर मिलेगा। जिस पर सुशील जालसाज के जाल में फंस गया और पांच रेटिंग के ढाई सौ रुपये मिलने के बाद वह राशि बढ़ाता गया।




# बालाघाट में रेत समूह ठेका समर्पण को लेकर उप संचालक खनिज ने स्पष्ट की स्थिति

### मे. वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा.लि. द्वारा रेत समूह ठेका समर्पण के लिए म.प्र. स्टेट माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड भोपाल को आवेदन प्रस्तुत

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम 2019 के नियम 16 में मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 26 मई 2023 द्वारा किए गए संशोधन के अनुसार, किसी भी रेत समूह का समर्पण एम.डी.ओ. द्वारा तीन माह पूर्व सूचना देकर किया जा सकता है। निगम अथवा राज्य शासन को देय समस्त बकाया राशि का भुगतान किए जाने के पश्चात, राज्य शासन के अनुमोदन से उक्त ठेका समर्पण स्वीकार किया जाता है। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने इस संबंध में बताया कि नियमों के अनुसार, एक बार समूह समर्पण हेतु आवेदन प्रस्तुत हो जाने के बाद यह अपृथकरणीय होता है तथा राज्य शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में इस पर निर्णय लिया जाता है। साथ ही, समर्पण आवेदन प्राप्त होने पर निगम द्वारा समूह की पुनः निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। हालांकि, अनुबंधित ठेका समाप्ति की तिथि से छह माह पूर्व प्रस्तुत समर्पण आवेदन पर विचार नहीं किए जाने का भी प्रावधान है। उक्त प्रावधानों के अंतर्गत जिले में विद्यमान एम.डी.ओ. द्वारा गठित एस.पी.वी. मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा.लि., पता 491/9ए, द्वितीय तल, सेक्टर 9ए, साकेत नगर, हबीबगंज, भोपाल (म.प्र.) द्वारा मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड, भोपाल के समक्ष दिनांक 12 दिसंबर 2025 को जिला बालाघाट रेत समूह के ठेका समर्पण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। निगम द्वारा वर्तमान दिनांक तक उक्त ठेका समर्पण आवेदन स्वीकार नहीं किया गया है। उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया कि इसके अतिरिक्त, म.प्र. रेत नियम 2019 के नियम 18 (11) में किए गए संशोधन के अनुसार, अनुज्ञा की अवधि समाप्त होने अथवा निरस्त होने की स्थिति में अनुज्ञप्तिधारी को भण्डारण स्थल पर उपलब्ध रेत को ठेका समाप्ति या निरस्ती की तारीख से एक माह के भीतर हटाना अनिवार्य है। निर्धारित अवधि में रेत न हटाए जाने की दशा में भण्डारण स्थल पर उपलब्ध खनिज रेत को राजसात किए जाने का प्रावधान है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# भड़गांव और लोरमी में नल जल योजना का कार्य पूर्ण

### कार्यपालन यंत्री श्री उईके ने किया ट्रायल एंड रन का निरीक्षण

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



जिले के जनजातीय बहुल विकासखंड बिरसा के ग्राम भड़गांव एवं लोरमी में ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नल-जल योजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने 24 दिसंबर को दोनों ग्रामों में नल-जल योजना के ट्रायल एंड रन का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर योजना के निर्माण कार्य का पर्यवेक्षण करने वाले उपयंत्री एवं ग्राम पंचायत के सरपंच भी उपस्थित रहे। कार्यपालन यंत्री श्री उईके ने बताया कि वर्तमान में ग्राम भड़गांव एवं लोरमी की नल-जल योजना का ट्रायल एंड रन किया जा रहा है। इस दौरान यदि योजना के निर्माण या संचालन में कहीं भी कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों ग्रामों के प्रत्येक घर में नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। नल-जल योजना के पूर्ण होने से अब ग्रामवासियों को घर पर ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें बड़ी सुविधा मिलेगी और दैनिक जीवन सरल होगा। इन ग्रामों में पहले पेयजल की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं थी। ग्रामीणों को हैंडपंप, कुएं एवं तालाबों पर निर्भर रहना पड़ता था तथा गर्मियों में जलस्त्रोतों के सूख जाने से स्थिति और भी कठिन हो जाती थी। इससे ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को पानी की व्यवस्था में काफी समय व्यतीत करना पड़ता था। घर-घर नल कनेक्शन मिलने से अब ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इससे समय की बचत होगी और वे अपने दैनिक कार्यों एवं अन्य गतिविधियों के लिए अधिक समय निकाल सकेंगे। नल-जल योजना से ग्रामों में जीवन स्तर में सुधार आएगा और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह योजना लाभकारी सिद्ध होगी।

# बैहर एसडीएम ने तहसील कार्यालय बैहर का औचक निरीक्षण किया

### आमजन की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना



**बालाघाट।** 24 दिसंबर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर श्री अर्पित गुप्ता द्वारा तहसील कार्यालय बैहर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित आवेदकों एवं आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम श्री गुप्ता ने आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं उचित मार्गदर्शन के उद्देश्य से तहसील बैहर एवं बिरसा में हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए। हेल्प डेस्क के माध्यम से आवेदकों को राजस्व संबंधी प्रकरणों, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य शासकीय कार्यों के संबंध में जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए प्रतिदिन दो पटवारियों की ड्यूटी हेल्प डेस्क पर निर्धारित की गई है, ताकि आमजन को समय पर सहायता मिल सके और उन्हें अनावश्यक भटकाव से राहत मिले। एसडीएम श्री गुप्ता् की इस पहल से तहसील स्तर पर पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित होगा।

# वैनगंगा नदी में अवैध रेत उत्खनन रोकने बड़ी कार्यवाही

### गायखुरी में रेत खनन के लिए बैनगंगा नदी पर बनाया गया अस्थायी पुल किया गया ध्वस्त

बालाघाट (स्वतंत्र मत)




जिला प्रशासन द्वारा रेत के अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। अवैध रेत खनन की लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के आधार पर 24 दिसंबर 2025 को तहसीलदार बालाघाट एवं खनिज विभाग के अमले द्वारा बालाघाट तहसील के ग्राम गायखुरी स्थित वैनगंगा नदी में संयुक्त कार्यवाही की गई है। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि गायखुरी में वैनगंगा नदी से अवैध रूप से खनिज रेत के उत्खनन एवं परिवहन में उपयोग के लिए नदी में बने अस्थायी पुल को जे.सी.बी. मशीन के माध्यम से ध्वस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही मार्ग को पूर्णतः अवरुद्ध कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। जिससे नदी से अवैध रूप से रेत का खनन न किया जा सके। उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत निगरानी एवं कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत स्कूलों में छात्राओं को प्रदाय की जा रही जानकारी

उमरिया (स्वतंत्र मत)



कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 5 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक प्रथम चरण के कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. परमेश्वर सिंह मरावी के निर्देशन अभियान नोडल प्रभारी डॉ नियाज़ अहमद अंसारी सह प्रभारी डॉ राजीव तिवारी के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया जा रहा हैं। अभियान के अंतर्गत स्कूलदृकालेज संपर्क कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापको की टीम द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, करियर अवसरों तथा प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जा रही हैं। विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु परामर्श सत्र एवं संवादात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय के कुल 18 प्राध्यापकों डॉ. नियाज़ अंसारी, डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा, श्रीमती तबस्सुम बानो, डॉ रिचा तिवारी, दिनेश विश्वकर्मा,कामता भूरिया, महेंद्र कनोजिया आदि प्राध्यापकों ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान लगभग 300 विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर उन्हें उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रमों, करियर अवसरों तथा प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इन विद्यालय विजिट के दौरान प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को विषय चयन, करियर अवसर, महाविद्यालय की सुविधाओं तथा प्रवेश प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी प्रदान की। संवादात्मक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

# चिचोली में अवैध रेत खनन पर खनिज विभाग की छापामार कार्यवाही

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



जिला प्रशासन के निर्देशों के पालन में 24 दिसंबर 2025 को खनिज विभाग के अमले द्वारा तहसील खैरलांजी के ग्राम चिचोली क्षेत्र में रेत खनिज के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए छापामार कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के दौरान रेत के अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर उसके मालिक एवं चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि 24 दिसंबर को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम चिचोली, तहसील खैरलांजी स्थित खसरा क्रमांक 463 के अंश भाग, बावनथडी नदी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक ख्क्क50-एए- 5292 को अवैध रूप से खनिज रेत भरते हुए पाया गया। मौके पर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बस्तीराम पिता बुधराम उईके, उम्र 40 वर्ष, निवासी भण्डारबोडी, तहसील खैरलांजी बताया। चालक द्वारा खनिज रेत खनन एवं परिवहन से संबंधित कोई भी वैध अनुमति अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.) के प्रकरण क्रमांक 1262/2024 में पारित आदेश दिनांक 15 अक्टूबर 2025 के अनुसार ग्राम चिचोली तहसील खैरलांजी स्थित खसरा क्रमांक 463 के अंश भाग रकबा 4.99 हेक्टेयर क्षेत्र में स्वीकृत रेत खदान सहित खदान क्षेत्र एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में आगामी आदेश तक खनिज रेत का उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है। एन.जी.टी. के प्रतिबंध के बावजूद अवैध खनन करते पाए जाने पर संबंधित आरोपी के विरुद्ध थाना खैरलांजी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपी का कृत्य म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 3 का उल्लंघन पाए जाने के कारण प्रकरण पंजीबद्ध कर खनिज नियमों के अंतर्गत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बालाघाट जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में रेत एवं अन्यक खनिज के अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ 26 दिसंबर को के9 कलेक्ट्रेट के सामने करेगा सांकेतिक धरना प्रदर्शन

उमरिया (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव ज्ञानेंद्र पाण्डेय के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 26 दिसंबर 2025 दिन शुक्रवार को समय 1 बजे से तीन बजे तक दो घंटे का सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा श्री पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मान. महेंद्र शर्मा जी के आह्वान पर मध्यप्रदेश के समस्त 55 जिलों में 15 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन के चौथे चरण में माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के नाम कलेक्टर महोदय महोदय जिला उमरिया को ज्ञापन सौंपा जाएगा, श्री पाण्डेयजी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों में से चतुर्थ श्रेणी कमर्चारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से भरे जाएं आउटसोर्स प्रथा समाप्त कर वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधी भर्ती में रखा जाए पदनाम परिवर्तन, प्रदेश में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छठवें वेतन मान के अनुसार केंद्र के कर्मचारियों की भांति वेतन विसंगति दूर करते हुए ग्रेड पे 1300 के स्थान पर 1800 करने वर्दी धुलाई भत्ता 50 से बढ़ाकर 200 किया जाए प्रदेश में कार्यभारित वा आकस्मिक कर्मचारियों को नियमित स्थापना के रिक्त पदों पर समायोजित किए जाने, 20 हजार अंशकालीन कर्मचारियों जो लगभग 15- 20 वर्षों से काम कर रहे है इनको स्थाई कर्मी का दर्जा अथवा कलेक्टर दर घोषित किया जाए वर्ष 2005 से नियुक्ति सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली करने आशा उषा कार्यकर्ता एवं रसोईयों का मानदेय कम से कम 15 हजार तक किया जाए आदि कई अन्य मांगों के संबंध में सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा साथ ही माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्यसचिव के नाम कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें संगठन के प्रांतीय सचिव ज्ञानेंद्र पाण्डेय जिलाध्यक्ष धनेश पुरी गोस्वामी कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र गड़ारी सचिव राजीव सोनी उपाध्यक्ष अंकज चतुर्वेदी ने सभी उमरिया जिले में कार्यरत लघुवेतन कर्मचारियो संगठन सदस्यों पदाधिकारियों उषा आशा कार्यकर्ता रसोईयों को दिनांक 26 दिसंबर 2025 दिन शुक्रवार को समय 1 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामने सांकेतिक प्रदर्शन में सम्मिलित होने की अपील की गई है।



# मानपुर के नजदीक पहुंचा बाघ, युवक को किया जखमी

मानपुर (स्वतंत्र मत)



बांधवगढ़ रिजर्व फारेष्ट के टाइगर शहरों में भी भृमण द्धकरने लगेहैं, दिनांक 23 - 12 - 2025 मंगलवार को दोपहर मानपुर वार्ड नम्बर 03 (सिगुड़ी) और पटेहरा के बीच निकलने वाली भड़ारी नदी में एक यूवक को जोखिम चोंटिल किया है, जिसकी खबर लगते ही वन एवं पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तब तक मोहल्ले का उमेश कुशवा ने चोंटिल यूवक को बाईक से हॉस्पिटल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में मानपुर रेंज मुकेश अहिरवार जी द्वारा यूवक को अपने बुलेरो में लेकर मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एडमिट करवाकर इलॉज चालू करवाया गया, जिसके बाद मानपुर पुलिस, रेंजर एवं एसडीओ ने पूरे स्टॉप के सांथ रात्रि 07 बजे तक टाइगर के ढूंढ़ते रहे, मौके पर ड्रोन कैमरा एवं दो हांथी लगाकर तलास किया जा रहाथा, बड़े मेहनत के बाद घटना स्थल से दूर नामदेव के अरहल खेत में रात्रि तकरीबन 06 45 बजे टाइगर दिखा, जिसे खदेड़ कर कुठुलि - पटेहरा के जंगल क्षेत्र तरफ भड़ारी नदी पार करवाया गया। चोंटिल यूवक भैयालाल पिता दुर्गा कुशवाहा उम्र 25 वर्ष ने बताया कि बस्ती पास पटेहरा रोड भड़ारी नदी पुलिया के पास मैने भैंस लौटाने गया, तभी बाघ ने अंजाने में पीछे से मुह फाड़कर मेरे ऊपर हमला कर दिया, तब मेरे पीठमें पंजा लगाथा, तभी अपने जान को बचाने के लिये मैं बहती नदी के धारमें छलांग लगाकर लेट गया, तब वह बाघ पुनह लौटकर मेरे कंद्धे को अपने जबड़े मे दबेचा, तब में गुहार लगाकर जोर से रोने लगा, तभी वहां अन्य कई चरवाहों ने सोर करके भाग को दूर भगाने में सफल रहे। मानपुर रेंजर ने बताया कि पैर के पहचान से पहचान हुआ है कि यह नर बाघ है, क्षेत्रवासियों से अपील किये कि यह कभी भी फिर चक्कर लगा शक्ताहै इसलिये क्षेत्रवासी कृपया सावधानी रखें टाइगर की मूमेंट मिलते ही वन विभाग को त्वरित जानकारी दें।

# सेन्ट्रल एकेडमी में हुआ खेल वार्षिकोत्सव का समापन समारोह

उमरिया (स्वतंत्र मत)



सेन्ट्रल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल उमरिया में चल रहे तीन दिवसीय खेल वार्षिकोत्सव लक्ष्य 2025-26 का समापन समारोह बुधवार 24 दिसंबर को हर्षोल्लास और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यकम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्या सोनिया मिश्रा रही। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में विद्यालय के समन्वयक समीर बनर्जी तथा मैनेजर हिमांशु तिवारी भी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ माननीया मुख्य अतिथि महोदया द्वारा माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तथा पूजन अर्चन के साथ हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यकम तीन दिवसीय खेल वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होने वालें खिलाडियो और खेल विधाओं के बारे जानकारी देते हुए खेल शिक्षक मो. हनीफ खान ने बताया कि विद्यालय के सभी छात्रों को चार हाउस आजाद हाउस, गांधी हाउस, नेहरू हाउस, और सुभाष हाउस में विभाजित करते हुए तीन स्तर प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर में प्रतियोगिताएँ हुई जिसमें 500 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में 100 मी., 400 मी. दौड़, लम्बीकुद, भालाफेक, गोला फेक कबड्डी, खो-खो वालीबाल, रस्साकशी आदि खेल सम्मिलित रहे। पत्र मुख्य अतिथि महोदया द्वारा सभी खेल विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान अर्जित करने वाली टीम् तथा खिलाड़ियों को ट्राफी, मेडल और प्रमाण प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि महोदया सोनिया मिश्रा ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्यारे बच्चों खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और पुष्ट तो बनाते ही है, लेकिन यदि सूक्ष्मता से देखा जाय तो खेल हमें जीबन में संघर्ष करने की प्रेरणा देते है। एक खिलाडी हर विषम परिस्थिति का सामना करते हुए, बिना विचलित हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा प्रयास करता है। फिर परिणाम में उसे जीत मिले या हार उसे वह संहर्ष स्वीकार कर फिर आगे बढ़ चलता है। यही पाठ हमें जीवन जीना सिखाता है। मेरा आप सबसे विशेष आग्रह है कि इस मंत्र को अपने जीवन में अवश्य उतारें । विद्यालय के समन्वयक समीर बनर्जी ने तीन दिवसीय खेल वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होने वालें सभी छात्रों के अनुशासन एकता, सौहाद, संयम तथा खिलाड़ी भावना की सराहना करते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के दायित्व निर्वहन की भूरि भूरि प्रसंशा की।

# नैनपुर में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञों ने सलाह देकर मरीजों का किया उपचार, नि:शुल्क दवाईयां भी दी गई





मण्डला(स्वतंत्रमत)।

इन दिनों कड़ाके की ठंड और शीतलहर के चलते लोगों में हृदय सहित अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। मंडला जिला पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं की चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में मंडला के युवा समाजसेवी पंकज सोनी ने एक सराहनीय पहल करते हुए नैनपुर में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया। ग्रामीणों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंकज सोनी एवं टीम के द्वारा वार्डो के साथ गांव-गांव जनसंपर्क किया गया जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंचे। शिविर के दौरान विभिन्न रोगों की जांच कर समुचित उपचार किया गया। वहीं जबलपुर से पहुंचे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक दवाएं एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। ठंड के मौसम में आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिए राहत साबित हुआ। नैनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित रहा जिसमें बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण अंचल के नागरिकों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर के आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर एवं सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल जबलपुर के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। इसके साथ ही स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी मंडला, भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला, जिला स्वास्थ्य विभाग मंडला एवं नैनपुर ने भी शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाई। इसका मुख्य उद्देश्य नगर व ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, कोलेस्ट्रॉल जांच, नेत्र परीक्षण (चश्मों सहित), दंत परीक्षण, हड्डी एवं जोड़ों की जांच, महिला संबंधी बीमारियों की जांचे तथा हृदय रोग विशेषज्ञ परामर्श जैसी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा फिजियोथेरेपी, पोषण संबंधी सलाह और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस शिविर से महिलाओं, बुजुर्गों एवं श्रमिक वर्ग को विशेष लाभ मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समय रहते बीमारियों की पहचान हो जाती है और इलाज के लिए शहर जाने की परेशानी से राहत मिलती है शिविर में मौजूद लोगों को चिकित्सकों द्वारा संतुलित आहार नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। आयोजकों ने लोगों से अपील की कि वे भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी जांच के लिए प्रेरित करें आयोजकों ने बताया कि इस तरह के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाना और आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है शिविर की सफलता पर स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। वहीं शिविर में पहुंचे डॉक्टर और सामाजिकजनों का स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर दिव्यांगो को ट्राई साइकिल सहित अन्य सामग्री बांटी गई।

इस दौरान नैनपुर एसडीएम आशुतोष ठाकुर, जनपद सीईओ विनोद मरावी, बीएमओ नैनपुर डॉक्टर राजीव चावला, तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे उपस्थित रहे। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, अजय वंशकार, किशोर रजक, रोहित बघेल, ओमप्रकाश गेमनानी, संतोष चक्रवर्ती, वेदनाथ ठाकुर, नितिन ठाकुर, ओमप्रकाश सोनी, सत्येन्द्र तिवारी, शिशु सिंधु भलावी, डॉ. संदीप साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सहभागिता

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

जबलपुर के पावन तीर्थ स्थल गौरीघाट में आयोजित 251 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन 19 से 22 दिसंबर तक अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सानंद रूप से संपन्न हुआ चार दिवसीय इस विराट यज्ञ आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली इस महायज्ञ में जिले के नकावल, चिखली, बिलगांव, अहमदपुर, झंगाटोला, बम्हनी, पिंडरई, मक्के, बिछिया आदि ग्रामों से समयदानी परिजनों ने विशेष रूप से सहभागिता की। इन सभी समयदानियों ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर भोजनालय व्यवस्था में पंच दिवसीय समयदान प्रदान किया और सेवा समर्पण व अनुशासन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया समयदानी परिजनों ने पूरे आयोजन काल में पूर्ण निष्ठा के साथ भोजन निर्माण वितरण एवं व्यवस्था संचालन में सहयोग किया। कार्यक्रम की पूर्णाहुति के अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट जबलपुर के मुख्य ट्रस्टी बीबी शर्मा ने समस्त समयदानी परिजनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए आत्मीय विदाई दी।

## युवक की मौत पर हुआ बवाल

**मण्डला/निवास।** निवास क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों का अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का मामला है। मामले को लेकर जब परिजन और ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचे तो आरोप है कि पुलिस ने उन्हें वापस लौटा दिया। इससे नाराज़ ग्रामीणों ने निवास से जबलपुर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। लगभग तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर मौके पर निवास विधायक चैनसिंह वरकडे सहित पुलिस प्रशासन पहुंचा और ग्रामीणों को समझाइश दी। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है।

## अपर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें जनसुनवाई में 85 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## मतदान दलों का प्रशिक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगरीय निकाय के वार्ड क्रमांक 8 के आगामी चुनाव को निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए गठित मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित किया गया प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी और व्यवहारिक जानकारियाँ दी गई।

## 85 मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला चिकित्सालय में इन दिनों प्रतिदिन मोतियाबिंद के ऑपरेशन के जरिए लोगों के अंधत्वनिवारण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के तहत आई सर्जरी आंख के ऑपरेशन किए जा रहे है।

## अभियान का आयोजन कल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढ़ावा देने तथा हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, निदान एवं परामर्श सेवाओं में सुधार की दृष्टि से प्रत्येक माह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाता है।

# बच्चों को शिक्षा के साथ दें संस्कार : देविका

मण्डला(स्वतंत्रमत)।



ग्राम करिया गांव में कुर्मी समाज की देविका पटेल की मधुर वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन उपस्थित जनमानस को देविका पटेल ने बताया कि आज हमें बच्चों को शिक्षित करना अत्यंत जरूरी है। लेकिन बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ उनमें संस्कारों की भावना भी जगाना उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि बगैर संस्कार के शिक्षा का कोई महत्व नहीं रह जाता कथा के दौरान देविका पटेल ने समस्त श्रद्धालुओं धर्मप्रेमी बंधुओ से आग्रह किया कि आप भले जीवन में एक रोटी कम खाएं अर्थात अपनी भौतिक आवश्यकताओं को भले आप कम कर दें लेकिन बच्चों को जितना ज्यादा से ज्यादा शिक्षित बना सके बनाएं उससे न सिर्फ आपके परिवार में सम्पन्नता आएगी बल्कि समाज और राष्ट्र भी विकास के मार्ग पर प्रशस्त होंगे। देविका ने कहा कि लोगों में भ्रांति है कि सिर्फ हमें अपने बेटों को ही शिक्षित करना चाहिए बेटियों का क्या? बेटियों को तो एक दिन शादी होकर दूसरे के घर जाना ही हैं लेकिन आपने कहा कि बेटियों को भी वर्तमान समय में हमें हर पहलू से सशक्त बनाना होगा तभी समाज का संतुलन बना रह सकता है। आधुनिक जमाने के माता पिता से भी आग्रह किया कि जिस तरीके से आधुनिकीकरण के जमाने में हम अपने बच्चों का नामकरण ना जाने किस-किस रूप में कर देते हैं। जिस नाम का कोई अर्थ ही नहीं होता ऐसे नामकरण से भी हमें बचना चाहिए हमें अपने बच्चों का नाम ईश्वर प्रकृति आदि के नाम पर रखना चाहिए क्योंकि इससे हमारे अंतकाल में जब हम अपने परिवार को अपने करीब पाते हैं तो अनायास ही हमारे मुख से अपने आराध्य का नाम स्वत निकल जाता है और हमें मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।




## शुक्रवार को भव्य कवि सम्मेलन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** नगर मुख्यालय में 26 दिसंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन में जगदीश मित्तल वरिष्ठ कवि राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम, मदन मोहन समर भोपाल, सुदीप भोला जबलपुर, पीके आजाद दिल्ली, अनिमेष अटल जबलपुर, आशीष सोनी नरसिंहपुर, कामता माखन रीवा, कल्पना शुक्ला दिल्ली मंडला कवि सम्मेलन में सिरकत करने आ रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री की जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय विशाल कवि सम्मेलन की तैयारियां की जा चुकी हैं यह आयोजन भाजपा जिला कार्यालय प्रागंण में शाम 6 बजे से किया जाएगा। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री जिले के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके मप्र शासन भोपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर बीते दिनों बैठक का आयोजन भी किया गया था।

## अटलविहारी बाजपेयी सामुदायिक भवन व अमर शहीद हेमू कालाणी प्रतिमा का अनावरण आज

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर पालिका परिषद नैनपुर द्वारा वार्ड क्रमांक 14 में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है जिसका नामकरण स्व अटल बिहारी वाजपेई सामुदायिक भवन रखा जाकर आज 10.30 लोकार्पण किया जाना है। तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 11 में निर्मित चिल्ड्रन पार्क में दोपहर 3 बजे अमर शहीद हेमू कल्याणी की प्रतिमा का अनावरण किया जावेगा। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती संपत्तियां उइके मंत्री मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग , विशिष्ट अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद मंडला एंव चंद्र कुमार नागपाल अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत सहित कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी नगरपालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में उपरोक्त कार्यक्रम संपन्न कराया जावेगा।

## मिनी ओलिंपिक शालेय खेल प्रतियोगिता आनंद उत्सव का शुभारंभ आज

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** आज से तीन दवसीय मिनी ओलिंपिक शालेय खेल प्रतियोगिता आनंद उत्सव का शुभारंभ नगर के जेआरसी मैदान में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में श्री मति सम्पत्ति उईके लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल, फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद मंडला एंव विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार गुप्ता मंडल रेल प्रबंधक नागपुर एंव कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी नगरपालिका अध्यक्ष नैनपुर सहित समस्त पार्षदो की उपस्थिति में किया जावेगा।

## जिला पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा है। पटवारियों ने महिष्मति घाट में मां नर्मदा की पूजन करते हुए रैली निकाली और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहां पर पटवारियों ने ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में पटवारी संदीप कछवाहा को दुर्भावना वश निलंबित किया गया था। जिससे मानसिक रूप से परेशान पटवारी संदीप कछवाहा ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात पहुंचाई थी पोस्ट करते ही जबावदार अधिकारी और पटवारी उनके घर पहुंचे जहां पर पटवारी मानसिक रूप से परेशान बताया गया इस मामले में एक जमीनी मसला भी सामने आया है। यह मसला कितना सही है और गलत इस बात की मांग को लेकर पटवारी आंदोलन कर रहे हैं।

# दुग्ध समृद्धि अभियान में कलेक्टर की पहल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** दुग्ध उत्पादन को सशक्त बनाने और पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से चल रहे दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत कलेक्टर ने ग्राम सेमरखापा का भ्रमण कर पशुपालकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जगन्नाथ पटेल एवं सिद्धार्थ अग्निहोत्री के निवास पर जाकर डेयरी प्लस योजना के अंतर्गत प्रदाय की गई दो मुर्रा नस्ल की भैंसों का जायजा लिया कलेक्टर ने पशुपालकों से पशु पोषण स्वास्थ्य प्रबंधन एवं नस्ल सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने दुधारू पशुओं की संख्या बढ़ाने संतुलित आहार समय पर टीकाकरण एवं उन्नत नस्ल के चयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके अपनाकर दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है साथ ही उन्होंने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया ग्राम भ्रमण के दौरान उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. यूएस तिवारी, नोडल अधिकारी डॉ. सुमित पटेल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पशुपालकों एवं किसानों की आय वृद्धि के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा



दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। अभियान का द्वितीय चरण 27 दिसंबर तक जारी रहेगा इस चरण के अंतर्गत जिले में 5 से 9 दुधारू पशुओं वाले कुल 5708 पशुपालकों से गृह-भेंट प्रस्तावित है जिनमें से अब तक 4482 पशुपालकों से विभागीय अमले द्वारा संपर्क किया जा चुका है यह अभियान पशुपालकों को तकनीकी मार्गदर्शन योजनाओं की जानकारी और सतत सहयोग प्रदान कर जिले को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## होटल लॉज संचालकों की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला कलेक्टर द्वारा प्रति दो माह में जिले के होटल एवं लॉज संचालकों के लिए जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पालन को सुनिश्चित करने पुलिस कंट्रोल रूम में होटल एवं लॉज संचालकों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक एसडीओपी पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें थाना कोतवाली एवं थाना महाराजपुर क्षेत्र के होटल एवं लॉज संचालक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य होटल एवं लॉज में ठहरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की समय पर जानकारी प्राप्त कर अपराधों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा होटल एवं लॉज संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए सभी होटल संचालक ठहरने वाले व्यक्ति की जानकारी अनिवार्य रूप से रजिस्टर संधारित करेंगे।



# सुशासन दिवस पर नगर पालिका में अध्यक्ष ने दिलाया शपथ

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** शासन निर्देशानुसार 24 दिसंबर 2025 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की स्मृति में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी के द्वारा समस्त कर्मचारियों को सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने और शासन को अधिक पारदर्शी ,सहभागी ,जनकल्ण केंद्रित तथा जवाब देह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने हेतु शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस पार्षद राजाराम शर्मा, राजस्व निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल , राजकुमार साहू, राजकुमार पंजवानी, अरूण यादव, गोपी नन्दा, नरेश करोंसे , रोहित चौटेल सहित अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।


## न्यायालय तहसीलदार बिछिया जिला मण्डला

क्रमांक/1177/तह./रीडर/2025 बिछिया दिनांक 23.12.2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगरपालिका अधिकारी भुआ बिछिया तहसील बिछिया जिला मण्डला के द्वारा ग्राम बिछिया रैयत तहसील बिछिया स्थित भूमि खसरा नं 386/2/1 रकबा 2.3660 हे. भूमि पर बस स्टेण्ड निर्माण प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित करने प्ररूप-एक में कलेक्टर महोदय जिला मण्डला को आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि को आवंटन बाबद मप्र नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रक्रिया अनुसार जांच हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) बिछिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है। उपरोक्त कार्यवाही में किसी को कोई दावा/आपत्ति है तो न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही होगा ।

जारी दिनांक-23.12.2025
पेशी दिनांक-07.01.2025

तहसीलदार
बिछिया
दिनांक 23.12.2025

## न्यायालय तहसीलदार बिछिया जिला मण्डला

क्रमांक/1176/तह./रीडर/2025 बिछिया दिनांक 23.12.2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगरपालिका अधिकारी भुआ बिछिया तहसील बिछिया जिला मण्डला के द्वारा ग्राम बिछिया रैयत तहसील बिछिया स्थित भूमि खसरा नं 372/1 रकबा 1.2770 हे. भूमि पर बस स्टेण्ड निर्माण प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित करने प्ररूप-एक में कलेक्टर महोदय जिला मण्डला को आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि को आवंटन बाबद मप्र नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रक्रिया अनुसार जांच हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) बिछिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है। उपरोक्त कार्यवाही में किसी को कोई दावा/आपत्ति है तो न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही होगा।

जारी दिनांक-23.12.2025
पेशी दिनांक-07.01.2025

तहसीलदार
बिछिया
दिनांक 23.12.2025


संपादकीय

# बांग्लादेश के हालात

दिनदहाड़े गोलीबारी में भारत-विरोधी कट्टरपंथी नेता और ढाका-8 से उम्मीदवार शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में माहौल बेहद तनावपूर्ण बना हुआ है। हालांकि बांग्लादेशी पुलिस की जांच जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है। फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले हो रही हिंसा को लेकर एक बड़ा सवाल बार-बार उठ रहा है और वो कि- उस्मान हादी की हत्या से आखिर किसे फायदा हुआ? माना जाता है कि शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग और न ही चुनावी दौड़ में आगे मानी जा रही बीएनपी में से किसी को भी इस हत्या से कोई ठोस राजनीतिक लाभ नहीं मिलेगा। इसके बजाय यह भी माना जा रहा है कि फायदा उन ताकतों को हो सकता है जो अराजकता, सांप्रदायिक डर और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी से उतारने की वजह से वे फलती-फूलती हैं, न कि निष्पक्ष चुनाव में। कट्टर इस्लामिक उस्मान हादी, भारत-विरोधी मंच इंकलाब मंच का प्रवक्ता भी था। 12 दिसंबर को नकाबपोश, बाइक सवार हमलावरों ने उसे गोली मारी। घटना के बाद कट्टरपंथी समूहों और भारत-विरोधी आवाजों ने दावा किया कि शूटर फैसल करीम भारत भाग गया है। हालांकि, ढाका पुलिस ने कई बार कहा कि उसके भारत भागने के कोई सबूत नहीं हैं और शूटर की लोकेशन की जानकारी उनके पास नहीं है। इसके बावजूद, कुछ समूहों ने फैसल करीम को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग से जोड़ने की कोशिश की और इसी बहाने भारत-विरोधी भावनाएं भड़काईं। औपचारिक रूप से तो बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, मोहम्मद यूनुस प्रशासन ने भारत से सहयोग की अपील की, मगर जमीनी स्तर पर भारत-विरोधी नैरेटिव चलता रहा। हादी की मौत की खबर फैलते ही भारत-विरोधी नारे तेज हो गए और ढाका में भारतीय राजनयिक मिशन को भी निशाना बनाया गया। बाद में बांग्लादेश की स्पेशल ब्रांच और डिटेक्टिव ब्रांच ने भी स्वीकार किया कि शूटर के ठिकाने को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं है। इस बीच, उस्मान हादी के शूटरों को सजा दिलाने की मांग कर रहे इंकलाब मंच ने सोमवार को मोहम्मद यूनुस सरकार को चेतावनी दी। संगठन ने वॉर्निंग दी है कि अगर 24 घंटे के भीतर दोषियों को पकड़कर सजा नहीं दी जाती तो पूरे देश में आंदोलन होगा और यूनुस की सरकार गिरा दी जाएगी। भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर काम करने वाले शोधकर्ता राजा मुनीब ने भी कहा कि हादी की हत्या से सबसे अधिक फायदा पारंपरिक राजनीतिक दलों को नहीं, बल्कि एनसीपी और जमात को हुआ है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि आखिर ये दूसरे दर्जे के नेताओं को कौन खत्म कर रहा है। अमेरिका स्थित थिंक टैंक इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट के एक सर्वे में 33 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वो बीएनपी को वोट दे सकते हैं जबकि 29 प्रतिशत ने जमात के पक्ष में यही राय जताई। सर्वे में यह भी सामने आया कि 53 प्रतिशत लोगों ने जमात को पसंद करने की बात कही, जबकि बीएनपी को पसंद करने वालों की संख्या 51 प्रतिशत रही। ऐसे में आवामी लीग पर प्रतिबंध और जातीय पार्टी के हाशिए पर जाने के बाद, जमात की स्थिति मजबूत होना हैरानी की बात नहीं मानी जा रही है।

# तप, तपस्या व त्याग की प्रतिमूर्ति भारत रत्न अटल जी

25 दिसम्बर को वंदनीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। उनका नाम जेहन में आते ही उनके प्रति लोगों का मन श्रद्धा से भर जाता है। अटल जी राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता, शुचिता, गरिमा और मर्यादा के पक्षधर थे। जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने



सुरेश पचौरी
लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं


वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। अपनी प्रतिभा, शालीनता तथा वक्तृत्व शैली से उन्होंने संसद में अमिट छाप छोड़ी।

अटल जी के जीवन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गये। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, तत्पश्चात् 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास भटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया। राजनीति की काजल-कोठरी में अटल जी पर एक भी दाग उनके सम्पूर्ण जीवन में नहीं लगा।

### भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे अटल जी

वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन शांति, सह-अस्तित्व, समता, समानता, न्याय और बंधुत्व के आदर्शों का परिपालन करते हुए बीता। वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे और राष्ट्रीय हित के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने विचार रखते थे। उनका टकराव पर नहीं, सहयोग पर विश्वास था। चाहे वे सत्ता में रहे हों, या फिर विपक्ष में, राष्ट्रहित से संबंधित मुद्दों पर सबकी राय लेते थे, सबको साथ लेकर चलते थे। अटल जी का नाम वैश्विक स्तर के नेताओं में शुमार था। उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जगत में मानवता, संवाद और मेल-मिलाप पर आधारित राजनैतिक आचार-विचार व नवाचार की शुरूआत की, जो एक मिसाल बन गई। मानवीय संवेदना से ओतप्रोत उनका हृदय क्षण भर में लाखों लोगों को उनसे जोड़ देता था। वे पारस्परिक सौहार्द बनाने वाले तथा संबंधों को बढ़ाने वाले एक सदाशयी नेता थे। वास्तव में वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।

### भारत के विकास के स्वर थे अटल जी



सुशासन दिवस (25 दिसम्बर)

अपने प्रधानमंत्रित्व काल में अटल जी ने पारदर्शी, जबावदेह, जनहितैषी शासन व्यवस्था की आधारशिला रखी। उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश के चारों कोनों को आपस में जोड़कर प्रमुख औद्योगिक, कृषि, रक्षा, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक केन्द्रों को संसाधन उपलब्ध कराया। किसान क्रेडिट कार्ड, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा सर्व शिक्षा अभियान शुरू किया। उनके नेतृत्व में देश के विकास की बड़ी लम्बी फेहरिस्त है। यह भी प्रासंगिक है कि अटल जी के आदर्शों को अपनाकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सतत् कटिबद्ध हैं। वाजपेयी जी भारत को आर्थिक एवं सैन्य दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे और इस दिशा में उनके द्वारा जो कदम उठाए गये, वे नि:संदेह स्तुत्य हैं। लोकतंत्र की रक्षा और 21वीं सदी के सशक्त व सुरक्षित भारत के लिए अटल जी ने जो किया, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने लगभग सात दशकों तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की सेवा की। साथ ही पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाया। हिन्दी भाषा को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन में जो गौरव दिलाया था, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। बतौर भारत के विदेश मंत्री उन्होंने दुनिया भर के शीर्ष राजनयिकों के समक्ष हिन्दी में भाषण देकर इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण कहा था।

### अटल जी मेरे अभिभावक स्वरूप रहे

अटल जी से मेरे पारिवारिक आत्मीय रिश्ते रहे हैं। उनके दोनों भतीजे इंजीनियर श्री श्याम बिहारी वाजपेयी तथा डॉ. रसिक बिहारी वाजपेयी मेरे अभिन्न मित्र हैं। जब मैं राजनीति में नहीं आया था, तब अटल जी से उनके भतीजों के साथ भोपाल में अक्सर मिला करता था। सन् 1984 में जब मैं राज्यसभा में पहुंचा, तो मुझे अटल जी का आत्मीय स्नेह और मार्गदर्शन मिला। जब वे प्रधानमंत्री थे, तब मैं राज्यसभा में विपक्ष में डिप्टी चीफ व्हिप था। विपक्ष में रहते हुए मैं तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पर व उनकी सरकार पर यदा-कदा कटाक्ष व प्रहार करता था, उन्होंने इस पर कभी बुरा नहीं माना बल्कि सहज भाव से उन्होंने मुझे सीख दी कि मुखरता के साथ और बोला करो, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम भी इंदिरा जी के खिलाफ मुखरता से बोला करते थे। मैं अपने आप को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे संसद में स्वनाम धन्य अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम करने का मौका मिला। मैंने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी देखा-सुना और प्रधानमंत्री के रूप में भी। इन पंक्तियों को लिखते समय मुझे आज भी ऐसी अनुभूति हो रही है कि मानों अटल जी संसद में लोकहित से जुड़े किसी मुद्दे पर बोल रहे हैं और समूचा सदन उन्हें तल्लीनता से सुन रहा है। सत्ता में रहते हुए अटल जी ने हमेशा विशाल हृदय का परिचय दिया। उन्होंने कभी प्रतिशोध की भावना से निर्णय नहीं लिया। मिसाल के तौर पर जब उनके प्रधानमंत्रित्व काल में एस.पी.जी. (संशोधन) विधेयक 2003 आया, जिसके अनुसार पूर्व प्रधानमंत्रियों के बच्चों को एस.पी.जी. न देने की बात कही गई थी, तब मैंने एक संशोधन दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री के बच्चों को थ्रेट परसेप्शन के आधार पर एस.पी.जी. की सुविधा मिलनी चाहिए। अटल जी की सरकार के गृह राज्य मंत्री श्री आई. डी. स्वामी ने प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के निर्देश पर इस संशोधन की मंशा को स्वीकार किया। यह सब 27/02/2003 के राज्यसभा के रिकॉर्ड में मौजूद है। परिणामस्वरूप एस.पी.जी. (संशोधन) विधेयक 2003 पारित होने के बाद श्री राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी को 2003 में एस.पी.जी. मिली। जब अटल जी का देवलोकगमन हुआ था, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने भोपाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था, वहां मैंने कहा था कि अटल जी के जाने के बाद राष्ट्र ने अपना सच्चा सपूत खो दिया है और मैंने अपना अभिभावक खो दिया है।

### अटल जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था

अटल जी के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि था। 'भारत प्रथम' यह मंत्र वाक्य उनके जीवन का ध्येय था। उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। सच्चे अर्थों में वे 'उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम' के प्रतिपालक थे। देश की अस्मिता व गरिमा का भाव उनके रग-रग में समाहित था। हर परिस्थिति में, चाहे वह विपरीत भी क्यों न हो, ओजस्विता और तेजस्विता उनके मुख मंडल पर झलकती थी। पोखरण देश के लिए जरूरी था, तो उन्होंने प्रतिबंधों और आलोचनाओं की कोई चिन्ता नहीं की। देश में जब सुपर कंप्यूटर नहीं मिले, क्रायोजेनिक इंजन नहीं मिले तो उन्होंने इसकी भी परवाह नहीं की। बल्कि उन्होंने तय किया कि हम इसे खुद भारत में बनाएँगे। वैज्ञानिक कुशलता के बल पर असंभव दिखने वाले कार्य उनके कुशल नेतृत्व में संभव हो सके। वास्तव में एक ताकत उनके भीतर काम करती थी, वह थी 'देश प्रथम' की जिद। काल के कपाल पर लिखने और मिटाने की ताकत, हिम्मत और चुनौतियों के बादलों में विजय का सूरज उगाने का चमत्कार अटल जी के सीने में था, क्योंकि वह सीना देश प्रथम के लिए धड़कता था। इसलिए हार और जीत उनके मन पर असर नहीं करती थी। सरकार बनी तो भी, सरकार एक वोट से गिरा दी गई तो भी। उनके स्वरों में पराजय को भी विजय के ऐसे गगनभेदी विश्वास में बदलने की ताकत थी कि जीत का भ्रम पाला हुआ व्यक्ति खुद हार मान बैठे। अटल जी देश के गरीब, वंचित, शोषित के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए जीवन भर प्रयास करते रहे। वे कहते थे 'गरीबी व दरिद्रता गरिमा का विषय नहीं, बल्कि यह मनुष्य की विवशता है और विवशता का नाम संतोष नहीं हो सकता।' करोड़ों देशवासियों को इस विवशता से बाहर निकालने के लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किया। आज भारत जिस टेक्नोलॉजी के शिखर पर खड़ा है, उसकी बुनियाद अटल जी ने ही रखी थी। वे स्वप्नदृष्टा थे, साथी ही कर्म वीर भी थे। उन्होंने अनेक बार विदेशों की यात्राएँ की, जहाँ-जहाँ भी गए, स्थायी मित्र बनाए। अटल जी की हर धड़कन में, उनके रोम-रोम में 'राष्ट्र प्रथम-राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना रची-बसी थी। ऐसे शलाका पुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर उन्हें कोटिश: नमन।

# सुशासन के उपासक : अटल बिहारी वाजपेयी

भारतीय राजनीति के सर्व स्वीकार्य महानायक भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का समग्र व्यक्तित्व और कृतित्व प्रभु श्री राम की मर्यादा, संकल्प शक्ति, कर्म योगी कृष्ण के



डॉ. अशोक कुमार भार्गव
पूर्व आई.ए.एस. एवं मोटिवेशनल स्पीकर, इंदौर

राजनीतिक कौशल, चातुर्य और आचार्य चाणक्य की दूरदर्शी निश्चयात्मक बुद्धि के आलोक से समन्वित है जिसकी बुनियाद इंसानियत के थर्मामीटर की सर्वोच्च डिग्री तक उनके अंतस में सबके लिए संवेदना, उदात्तता, सहृदयता और राष्ट्रवाद की भाव भूमि पर आधारित है। तेजस्विता के प्रखर सूर्य अटल जी ने सुशासन की आभा से न केवल राष्ट्र का गौरव बढ़ाया वरन विषम से विषम परिस्थितियों में भी आर्थिक विकास और राष्ट्रीय कल्याण की बहुआयामी दीर्घकालीन योजनाएं प्रारंभ की। प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी का संपूर्ण कार्यकाल सुशासन के आधार पर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उन्नयन के लिए समर्पित था। उनकी दृष्टि में व्यक्ति के सशक्तिकरण का अर्थ है राष्ट्र का सशक्तिकरण और सशक्तिकरण तीव्र सामाजिक बदलाव के साथ तीव्र आर्थिक वृद्धि से किया जा सकता है। भारतीय राजनीति में नए युग का शुभारंभ करने वाले अटल जी के जन्म दिवस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1914 में सुशासन की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि सुशासन किसी भी राष्ट्र की प्रगति की कुंजी है। अटल जी राजनीति में वैचारिक निष्ठा और मूल्यों की पवित्रता के प्रति प्रतिबद्ध थे। इसीलिए उन्होंने सुशासन की बुनियाद रखी ताकि जवाबदेही , उत्तरदायी पारदर्शी, न्याय संगत, कुशल एवं समावेशी शासन की व्यवस्था को साकार किया जा सके। यह व्यवस्था विकासोन्मुखी हो, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के प्रति समर्पित हो ताकि राष्ट्र की उन्नति में आम आदमी को भी विकास की मुख्य धारा में भागीदारी की अनुभूति का सुखद एहसास हो सके। प्रारंभ से ही हमारी संस्कृति के धवल तत्वों में सुशासन की परिकल्पना का विराट स्वरूप परिलक्षित होता रहा है जो समस्त विश्व को परिवार मानते हुए सबके सुखी, प्रसन्न, स्वस्थ, निरोगी और सबके मंगल की कामना करती है।यहां तक की सभी प्राणियों, पेड़ पौधों, जीव जंतुओं पशु पक्षियों आदि के साथ ही अखिल विश्व के कल्याण की अभिलाषी है। भारतीय ज्ञान परंपरा में आचार्य कौटिल्य ने प्रजा के हित को ही राजा का चरम लक्ष्य निरूपित किया है। प्रजा के सुख में ही राजा का सुख और प्रजा के हित में ही उसका हित समाहित है। अपना हित करने से राजा का हित नहीं होता बल्कि जो प्रजा के लिए हितकर हो उसे करने में ही राजा का हित होता है। अत: प्रजा के लिए राजा की उपलब्धता प्रजा की शिकायतों, समस्याओं के समाधान हेतु बिना किसी बाधा के सहज और सरल होनी चाहिए। मेरे सपनों के भारत में महात्मा गांधी जी जिस राम राज्य की परिकल्पना करते हैं वह सुशासन के बिना अर्थहीन हो जाती है। इसीलिए लोकमान्य तिलक स्वराज्य के साथ सुराज की वकालत करते हैं। वहीं दूसरी ओर सामाजिक क्रांति के अग्रदूत डॉ. आंबेडकर की मान्यता है कि सुशासन की अवधारणा मानवीय गरिमा के सम्मान तथा सामाजिक आर्थिक न्याय की सुरक्षा की सुनिश्चितता के बिना साकार नहीं हो सकती। राज धर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता देने एवं उसका पालन करने वाले अटल जी में कभी भी अपने पराये में भेद किए बिना सच कहने का अद्भुत साहस था। वे असहमतियों का सदैव सम्मान करते थे इसीलिए विरोधियों के बीच भी सहज स्वीकार्य थे। अटल जी में सबको साथ लेकर चलने का राजनीतिक कौशल था। उनका विश्वास था कि राजा या शासक के लिए प्रजा प्रजा में भेद नहीं हो सकता। न जन्म के आधार पर, न जाति के आधार पर और न ही संप्रदाय के आधार पर। उनके कार्यकाल में कश्मीर से लेकर पाकिस्तान तक परस्पर संवाद का सिलसिला प्रारंभ हुआ। अलगाववादियों से बातचीत के फैसले पर प्रश्न उठा कि क्या बातचीत संविधान के दायरे में होगी तो उनका जवाब था इंसानियत के दायरे में होगी। अटल जी का विश्वास था कि भारतीय सनातन संस्कृति के आलोक में सुशासन के द्वारा लोक कल्याण को साकार किया जा सकता है। उनका विश्वास था कि यदि दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले कमजोर, पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों को ज्ञान की रोशनी नहीं मिलती तो देश का विकास अधूरा रह जाएगा। 21वीं सदी ज्ञान की सदी है इसलिए हमें विज्ञान, तकनीकी, चिकित्सा प्रबंधन और मानविकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा केंद्रों की स्थापना कर युवा पीढ़ी को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा। अत: युवाओं को बौद्धिक ज्ञान के साथ तार्किकता ,राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण और



सुशासन दिवस एवं जन्म दिवस 25 दिसंबर पर विशेष

मूल्यों की शिक्षा प्रदान करनी होगी। सब पढ़ें सब बढ़ें के चमत्कारी उद्घोष वाक्य के साथ सर्व शिक्षा अभियान उनकी सबसे अनोखी पहल थी जिसका उद्देश्य 6 से 14 साल के बच्चों को मुफ्त प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना था। अटल जी जानते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांव ही हमारी सभ्यता संस्कृति के सुनहरे अध्याय हैं।इसलिए एक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण हेतु भारत की आत्मा को स्पर्श करती हुई प्रत्येक ग्राम पंचायत को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना प्रारंभ की जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हुआ। अटल जी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वर्ण चतुर्भुज मार्ग निर्माण परियोजना समय सीमा में पूर्ण हुई जिससे 8000 करोड रुपए की बचत प्राप्त हुई। अटल जी भविष्य दृष्टा भी थे इसीलिए उन्होंने आम आदमी के कल्याण के लिए अंत्योदय अन्न योजना प्रारंभ की ताकि गरीबों को सस्ता खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। हमारे अन्नदाता कृषकों के लिए क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा योजना लागू कर हमारी कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने का अद्भुत कार्य किया। देश को सूखा और बाढ़ से मुक्ति दिलाने के लिए राष्ट्र की प्रमुख नदियों को जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की।वरिष्ठ नागरिकों के लिए दादा-दादी बांड योजना,विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु सस्ती दरों पर कर्ज के प्रावधान, अमानवीय शोषण के शिकार 37 करोड़ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, दुर्घटना एवं स्वास्थ्य बीमा योजना प्रारंभ कर सुशासन के अखिल भारतीय स्वरूप को जनोन्मुखी और सर्वसमावेशी बनाया ताकि विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच सके। उन्होंने सदैव सामाजिक विषमताओं, विसंगतियों,विद्रूपताओं, अन्याय, अत्याचार और शोषण का प्रबलता से विरोध किया है। वे अपने नाम के अनुरूप अपनी मान्यताओं पर सदैव अटल रहे और बिहारी की तरह दृढ़ता के साथ प्रगतिशील भी। अटल जी ने संस्थागत भ्रष्टाचार के विरुद्ध विधि के राज्य की प्रतिष्ठा की तथा खास और आम के बीच का अंतर समाप्त किया। उन्होंने मर्यादा का उल्लंघन कभी नहीं किया। सत्ता का साकेत पाकर भी बहुत प्रसन्न नहीं हुए और ना ही वनवास प्राप्त होने पर विषादग्रस्त। वे कहते थे कि मैं मृत्यु से नहीं डरता केवल अपयश या बदनामी से डरता हूं। जय विज्ञान का उद्घोष अटल जी के विराट चिंतन और दूरदृष्टि का प्रतीक है जिसे उन्होंने शास्त्री जी के ,जय जवान, जय किसान मंत्र के साथ संयुक्त किया। यह उनकी विज्ञान आधारित समग्र सोच की आवश्यकताओं का दर्शन है। यह संयोग नहीं है कि नित्य नूतन, चिर पुरातन की धारा का विस्तार करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने उसमें एक कदम आगे बढ़कर जय अनुसंधान जोड़ते हुए इस मंत्र की गरिमा का सम्मान और बढ़ाया है। अटल जी ने सामाजिक न्याय मंत्रालय, जनजाति मामलों से संबंधित मंत्रालय और पूर्वोत्तर भारत के विकास हेतु डोनर मंत्रालयों की स्थापना तथा तीन नए राज्यों का निर्माण कर सुशासन और विकास की न्याय संकल्पना को साकार किया है। अटल जी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक सुधारों की एक नई श्रृंखला प्रारंभ हुई।उनके कार्यकाल में आर्थिक मंदी के बावजूद भारत में सकल घरेलू उत्पाद की तरह 8त्न रही। विदेशी मुद्रा का भंडार 1998 में मात्र 12 अरब डालर से बढ़कर 102 अरब डालर हो गया। उन्होंने वित्तीय घाटे को कम करने के उद्देश्य से राजकोषीय उत्तरदायित्व अधिनियम लागू किया। व्यवसाय एवं उद्योगों के संचालन में शासकीय हस्तक्षेप सीमित करने के लिए एक पृथक विनिवेश मंत्रालय गठित किया।उनके कार्यकाल में महंगाई दर मात्र 4त्न तक ही सीमित रही।उन्होंने आधुनिक दूर संचार प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए 1999 में नई दूरसंचार नीति का श्री गणेश किया जिसमें राजस्व हिस्सेदारी व्यवस्था के साथ दूरसंचार कंपनियों के लिए नियत लाइसेंस फीस परिवर्तित करने की नीतिगत पहल थी जिससे उद्योगों को चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास प्राप्त हुआ। अटल जी के मानस में सदैव राष्ट्र प्रेम की प्रबल धारा प्रवाहित रहती थी। कारगिल युद्ध के दौरान ऑपरेशन विजय के माध्यम से पाकिस्तानी सेना के घमंड को चूर-चूर कर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की वहीं दूसरी ओर विपरीत परिणामों और विकसित राष्ट्रों के आर्थिक बहिष्कार की धमकी की चिंता किए बिना ही परमाणु परीक्षण कर वैश्विक स्तर पर स्वाभिमानी भारत के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखी। अटल जी सच्ची राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे।उनका हृदय खंडित भारत का मानचित्र देखकर व्यथित होता था। वे कहते थे आजादी अभी अधूरी है, रावी की शपथ न पूरी है। हमारी एकता अनेकता में ऐसे परिलक्षित होनी चाहिए जैसे दूध में पानी। हमें आपस में मिलकर ही रहना चाहिए इसी में राष्ट्र का कल्याण है।

**सर पर बरसे यदि ज्वालाएं, निज हाथों से हंसते-हंसते, आग लगाकर चलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा।**

# क्रिसमस से 12 दिन के उत्सव क्रिसमसटाइड की भी शुरुआत

क्रिसमस वैसे तो ईसाई धर्म के अनुयायियों का सबसे बड़ा त्योहार है लेकिन अब अन्य धर्मों के लोगों द्वारा भी इसे धूमधाम से मनाया जाता है। हालांकि कोरोना काल की वजह से इस साल भी क्रिसमस की धूम कुछ फीकी दिखाई दे रही है। यूरोपीय देशों में कोरोना की नयी लहर के चलते बाजार सूने पड़े हैं तो भारत में भी सतर्कता बरती जा रही है ऐसे में इस पर्व को पहले जिस उल्लास के साथ मनाया जाता था उसकी कहीं ना कहीं कमी दिखाई दे रही है। वैसे हंसी-खुशी के इस पर्व पर बाजारों में दिवाली जैसी रौनक नजर आती है तो स्कूल, कालेजों में भी इस पर्व पर विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले आयोजित किये जाते हैं। हालांकि यह पर्व 25 दिसंबर को मनाया जाता है लेकिन पूर्व संध्या यानि 24 दिसंबर से ही क्रिसमस से जुड़े कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। यूरोपीय और पश्चिमी देशों में इस दौरान खूब रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत में गोवा राज्य में क्रिसमस की काफी धूम रहती है इसके अलावा विभिन्न शहरों की बड़ी चर्चों में भी इस दिन सभी धर्मों के लोग एकत्रित होकर प्रभु यीशु का ध्यान करते हैं। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर लोग प्रभु की प्रशंसा में कैरोल गाते हैं और क्रिसमस के दिन प्यार व भाईचारे का संदेश देने एक दूसरे के घर जाते हैं। इस पर्व के दौरान सभी लोग अपने घरों में क्रिसमस ट्री लगाते हैं जिसे अच्छे अच्छे उपहारों से सजाया जाता है। इसकी सुंदरता देखते ही बनती है। क्रिसमस से 12 दिन के उत्सव क्रिसमसटाइड की भी शुरुआत होती है। इस पर्व पर बच्चों के बीच सांता क्लाज की बहुत धूम रहती है। सांता क्लाज बच्चों के लिए मनचाहे तोहफे लेकर आते हैं और बच्चों को खुशियों से भर देते हैं। बच्चे खुद भी इस पर्व पर सुंदर रंगीन वस्त्र पहनते हैं और हाथ में चमकीली छड़ियां लिए हुए सामूहिक नृत्य करते हैं। इस दिन विश्व भर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु की जन्मगाथा की झांकियां प्रस्तुत की जाती हैं और गिरजाघरों में प्रार्थना की जाती है। हालांकि माना जाता है कि 25 दिसंबर यीशु मसीह के जन्म की कोई ज्ञात वास्तविक जन्म तिथि नहीं है।

# विकसित भारत का कृषि मॉडल: गौ-आधारित प्राकृतिक खेती और स्वस्थ जीवन



राजेन्द्र शुक्ल
लेखक मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास के उस मार्ग पर अग्रसर है, जहाँ आर्थिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सांस्कृतिक मूल्यों को समान महत्व दिया जा रहा है। इसी समग्र दृष्टि के अंतर्गत भारतीय कृषि को भी एक नए युग की ओर ले जाया जा रहा है। कृषि सदियों से हमारी सभ्यता की रीढ़ रही है। आधुनिक युग में रासायनिक उर्वरकों और सिंथेटिक कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भरता ने खेती की लागत बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता, उसकी जलधारण क्षमता और दीर्घकालिक स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, हमारे भोजन की गुणवत्ता और नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने बार-बार इस बात पर ज़ोर दिया है कि भारत की समस्याओं का समाधान हमारी अपनी परंपराओं और ज्ञान प्रणाली में निहित है। इसी विचार से प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन मिल रहा है, जो भारतीय कृषि की मूल आत्मा से जुड़ी हुई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कृषि को केवल उत्पादन के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, स्थिरता और आत्मनिर्भरता के व्यापक संदर्भ में देखा जाए।

भारत की पारंपरिक कृषि व्यवस्था सह-अस्तित्व और संतुलन पर आधारित रही है, जिसमें गौमाता की भूमिका केंद्रीय रही है। गौ केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि उत्पादकता और पोषण सुरक्षा का आधार रही हैं। हमारे पूर्वज जानते थे कि गौवंश का संरक्षण सीधे मिट्टी के स्वास्थ्य से जुड़ा है। गोबर और गोमूत्र से भूमि को पोषण मिलता है, सूक्ष्म जीव सक्रिय होते हैं और मिट्टी पुन: जीवंत होती है। स्वस्थ मिट्टी से प्राप्त अन्न अधिक पौष्टिक, सुरक्षित और मानव शरीर के अनुकूल होता है।

### प्राकृतिक खेती कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति

प्रधानमंत्री मोदी जी की दृष्टि में प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने की भारतीय पद्धति है। वे इसे किसानों की लागत घटाने, आय बढ़ाने और उन्हें बाहरी निर्भरता से मुक्त करने का सशक्त माध्यम मानते हैं। साथ ही, यह देशवासियों को रसायन-मुक्त, विषरहित भोजन उपलब्ध कराने का मार्ग है। यही कारण है कि प्राकृतिक खेती को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ा गया है। प्राकृतिक खेती की कार्यप्रणाली सरल, स्वदेशी और प्रभावशाली है। इसमें गौशालाओं को केवल संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि कृषि आदानों के उत्पादन के आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। गोबर और गोमूत्र से तैयार जीवामृत, बीजामृत और पंचगव्य जैसे प्राकृतिक इनपुट मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को सक्रिय करते हैं और भूमि की उर्वरता को दीर्घकालिक रूप से बढ़ाते हैं। पलवार (मल्चिंग) जैसी तकनीकें मिट्टी की नमी बनाए रखती हैं, जल संरक्षण में सहायक होती हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से फसलों की रक्षा करती हैं। इन उपायों से खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आती है, जिससे शून्य बजट प्राकृतिक खेती का लक्ष्य व्यवहारिक रूप से संभव होता है।

### सहकारिता से समृद्धि और संस्थागत शक्ति

प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके विजन सहकारिता से समृद्धि के तहत, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को संगठित किया जा रहा है एवं किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाया जा रहा है ताकि छोटे किसानों को न केवल सस्ती दरों पर प्राकृतिक खाद-बीज मिल सकें, बल्कि उनके विषमुक्त उत्पादों को उचित बाजार और लाभकारी मूल्य भी प्राप्त हो सके। गौ-आधारित प्राकृतिक खेती और सहकारिता का मेल ही ग्रामीण समृद्धि का नया मार्ग है।

प्राकृतिक खेती का महत्व केवल खेत तक सीमित नहीं है; इसका सीधा संबंध मानव स्वास्थ्य और जीवनशैली से है। आज जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका एक बड़ा कारण रासायनिक अवशेषों से युक्त भोजन है। प्राकृतिक खेती से प्राप्त शुद्ध और विषमुक्त अन्न पाचन तंत्र को सुदृढ़ करता है, रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा योग और आयुष को वैश्विक पहचान दिलाना इसी समग्र स्वास्थ्य दृष्टि का हिस्सा है। योग, प्राणायाम और संतुलित दिनचर्या तभी पूर्ण लाभ देती है जब भोजन भी शुद्ध और प्राकृतिक हो। प्राकृतिक खेती, स्वस्थ भोजन और योग-तीनों मिलकर स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करते हैं।

प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का व्यावहारिक मंत्र-'एक एकड़, एक मौसम'-किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। छोटे स्तर पर प्रयोग कर किसान बिना जोखिम उठाए परिणाम देख सकता है और फिर धीरे-धीरे विस्तार कर सकता है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्टीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, आदानों की उपलब्धता और बाजार से जोड़ने के लिए मजबूत संस्थागत समर्थन दिया जा रहा है। किसान उत्पादक संगठन इस दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को सामूहिक शक्ति प्राप्त हो रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि महिला किसान इस परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इस संपूर्ण प्रयास में गौ-सेवा का स्थान केंद्रीय है। गौवंश का संरक्षण और संवर्धन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण रोजगार और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी की दृष्टि में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने और सतत विकास सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस दूरदर्शी सोच को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में प्राकृतिक खेती, गौ-संवर्धन और किसान कल्याण को समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि मिट्टी, किसान और उपभोक्ता-तीनों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

### गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, भारतीय जीवनदृष्टि का पुनर्जागरण

गौ-आधारित प्राकृतिक खेती केवल कृषि सुधार की पहल नहीं, बल्कि भारतीय जीवनदृष्टि का पुनर्जागरण है। गौमाता और मिट्टी की रक्षा के अपने सांस्कृतिक दायित्व को निभाते हुए, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भोजन, संतुलित जीवनशैली और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। यही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित, आत्मनिर्भर और स्वस्थ भारत के स्वप्न को साकार करने का सशक्त मार्ग है।

# भागना पड़ जाएगा... हादी मर्डर में भाई ने यूनुस का कौन सा राज खोला, बांग्लादेश में शुरू हुआ बवाल!

ढाका

उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में खुलेआम भारत विरोधी सेंटीमेंट्स को भड़काया जा रहा है। ढाका, चटगांव, राजशाही और मेमन सिंह जैसे तमाम शहरों में खुलेआम भारत के खिलाफ जंग की कसमें खाई जा रही है। उसी बांग्लादेश के कट्टरपंथियों के परखच्चे उड़ाने वाला नया खुलासा अब सामने आया है। दरअसल यह कट्टरपंथी भारत का नाम भी अब मुंह से निकालने से पहले हादी के भाई उमर के बयान ने यूनुस के पैरों तले जमीन खिसका दी है। यूनुस का नकाब पूरी तरह से अब उतर चुका है। हादी के भाई उमर ने साफ शब्दों में कह दिया है कि हादी की मौत के पीछे भारत का नाम एक षड्यंत्र का हिस्सा है। पूरा कराया किया यूनुस का है। बांग्लादेश में इकबाल मंच के प्रवक्ता और छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या को लेकर बवाल अब भी जारी है। सवाल अब बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर उठ चुका है। उस्मान



हादी के भाई शरीफ उमर हादी ने मोहम्मद यूनुस को ही हत्या का आरोपी बताते हुए कहा कि सरकार के लोगों ने आगामी राष्ट्रीय चुनाव को पटरी से उतारने के लिए हत्या की साजिश रची थी। उस्मान हादी के भाई शरीफ उमर हादी ने कहा कि यूनुस ने उस्मान हादी को मार डाला है और अब आप इसे एक मुद्दे के रूप में इस्तेमाल करके चुनाव को विफल करने की कोशिश कर रहे हैं।

उमर ने बताया कि उनके भाई चाहते थे कि राष्ट्रीय चुनाव फरवरी तक हो जाए और अपने भाई की इच्छा का सम्मान करते हुए उन्होंने अधिकारियों से चुनाव के माहौल को खराब ना करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हत्यारों पर जल्द से जल्द मुकदमा नहीं चलाया और उन्हें नहीं पकड़ा गया तो माहौल और भी ज्यादा खराब होगा। सरकार हमारे सामने कोई ठोस पेश सबूत नहीं कर रही है और पूरी तरह से नाकाम रही है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला तो एक दिन बांग्लादेश से यूनुस को भागना पड़ेगा।

32 वर्षीय युवा नेता हादी को 12 दिसंबर को ढाका के बिजोयनगर इलाके में प्रचार के दौरान अज्ञात हमलावरों ने सिर में गोली मार दी थी। गुरुवार को सिंगापुर के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद बांग्लादेश के कई हिस्सों में अशांति और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। हादी को शनिवार को ढाका विश्वविद्यालय की मस्जिद के पास, राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। उनका अंतिम संस्कार कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। यूनुस सरकार ने हादी की याद में एक दिन का शोक घोषित किया।

## जापान ने क्योटो में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की

**टोक्यो, (वार्ता)।** जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आनुवंशिक परीक्षण से क्योटो प्रांत के एक फार्म में अत्यधिक संक्रामक बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। यह इस मौसम में देश में बर्ड फ्लू का नौंवा संक्रमण है।कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह संक्रमण क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक मुर्गी फार्म में हुआ, जहां लगभग 280,000 मुर्गियां हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को किये गये आनुवंशिक परीक्षण से अत्यधिक संक्रामक एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार, फार्म की सभी मुर्गियों को मारकर जला दिया जाएगा और दफना दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीन किलोमीटर के दायरे में स्थित फार्मों को मुर्गियों और अंडों को स्थानांतरित करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जबकि 3 से 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित अन्य फार्मों को पोल्ट्री उत्पादों को क्षेत्र से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है। संक्रमण रोकने फार्म के आसपास कीटाणुशोधन प्रयासों को तेज कर दिया गया है।

# लंदन से तौबा, रईसों का पलायन अरबपतियों ने क्यों छोड़ीं अपनी कोठियां




नई दिल्ली

ब्रिटेन ने 200 साल से भी ज्यादा पुराने टैक्स नियम 'नॉन-डॉम' को इसी साल अप्रैल में खत्म कर दिया। इसके बाद से लंदन का रियल एस्टेट नक्शा तेजी से बदल रहा है। विदेशी मूल के कई सुपर-रिच अब ब्रिटेन छोड़ रहे हैं। टैक्स से बचने के लिए ये अमीर अपनी करोड़ों की कोठियां बेचकर दुबई, अबू धाबी, मिलान, मोनाको और जिनेवा जैसे टैक्स-फ्रेंडली शहरों का रुख कर रहे हैं।

दूसरी ओर, लंदन में लगातार खाली हो रही महंगी कोठियों और लग्जरी बंगलों के नए खरीदारों की सूची में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के रईस सबसे ऊपर हैं। भारत और पाकिस्तान के नए रईसों के अलावा अरब देशों, अमेरिका, चीन, यमन और लेबनान से आए करोड़पति भी इन कोठियों और लग्जरी बंगलों को खरीदने के लिए आगे आ रहे हैं। ये लोग लंदन की प्रॉपर्टी में भारी निवेश कर रहे हैं। इनमें से कई ने टेक्नोलॉजी सेक्टर से दौलत कमाई है, जबकि कुछ सीधे तौर पर रॉयल फैमिली से जुड़े हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में करीब 181 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा कीमत वाले 65 प्रतिशत बंगले उन्हीं नॉन-डॉम्स ने बेचे हैं, जो टैक्स नियमों में बदलाव के बाद टैक्स से बचने के लिए ब्रिटेन छोड़ रहे हैं। भारतीय मूल के अरबपति अमरवीर सिंह पन्नू ने लंदन के पॉश इलाके हैम्पस्टेड में 16.4 मिलियन पाउंड (करीब 172 करोड़ रुपये) की एक कोठी खरीदी है। पन्नू इस कोठी को 50 लग्जरी अपार्टमेंट्स में तब्दील करने की योजना बना रहे हैं।

**क्या इससे ब्रिटेन की इकोनॉमी को होगा नुकसान?**

ब्रिटेन सरकार का यह फैसला अब उल्टा सिरदर्द बनता नजर आ रहा है। मित्तल जैसे उद्योगपति सिर्फ भारी-भरकम टैक्स ही नहीं देते, बल्कि रोजगार के अवसर और बड़ा निवेश भी लेकर आते हैं। लेबर पार्टी की इस नीति से अमीर तबके के देश छोड़ने का खतरा बढ़ गया है। नतीजतन, कई अंतरराष्ट्रीय कारोबारी अब ब्रिटेन से अपना बोरिया-बिस्तर समेटने पर विचार कर रहे हैं।

सरकार का तर्क है कि इससे कर्ज का बोझ कम होगा और वेलफेयर योजनाओं को मजबूती मिलेगी, लेकिन आलोचकों की चेतावनी है कि अगर पूंजी और निवेश बाहर चला गया, तो इसका सीधा झटका ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को लग सकता है।

### नॉन-डॉम नियम क्या था?

यूके का नॉन-डॉम नियम एक पुराना टैक्स प्रावधान था, जो करीब 200 साल से भी ज्यादा समय तक लागू रहा। इसका फायदा उन लोगों को मिलता था, जिनकी जड़ें किसी दूसरे देश में थीं, लेकिन वे यूके में रह रहे थे।

इस नियम के तहत, अगर किसी व्यक्ति की कमाई या मुनाफा विदेश में होता था, तो उस पर यूके में तब तक टैक्स नहीं लगता था, जब तक वह पैसा ब्रिटेन में नहीं लाया जाता था। यानी पैसा बाहर रहा, तो टैक्स से बाहर रहा, इसे ही 'रिमिटेंस बेसिस' कहा जाता था। इतना ही नहीं, यह नियम अमीर विदेशियों के लिए एक तरह की टैक्स ढाल भी था।

### इन अमीरों ने छोड़ा ब्रिटेन

**लक्ष्मी मित्तल** - टैक्स कानूनों में बदलाव के बाद पिछले महीने भारतीय मूल के स्टील कारोबारी लक्ष्मी मित्तल ने अपना टैक्स रेजिडेंस ब्रिटेन से हटाकर स्विट्जरलैंड शिफ्ट कर लिया है। उनके अलावा कई अन्य भारतीय कारोबारी भी ब्रिटेन छोड़ने की तैयारी में हैं। बता दें कि लक्ष्मी मित्तल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्टील कंपनी आर्सेलर मित्तल के मालिक हैं और ब्रिटेन के शीर्ष अरबपतियों में शामिल रहे हैं। द संडे टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, लेबर पार्टी की नई सरकार अमीरों पर टैक्स बढ़ाने की तैयारी में है, जिसके चलते मित्तल ने यह फैसला लिया। भारतवंशी मित्तल की कुल संपत्ति करीब 1.8 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। वे ब्रिटेन के आठवें सबसे अमीर व्यक्ति रहे हैं।

**रियो फर्डिनांड**- लंदन के पूर्व फुटबॉलर रियो फर्डिनांड ने डुबई शिफ्ट कर लिया है और टैक्स की वजह से ब्रिटेन छोड़ने का एक कारण बताया गया है।

**नसेफ साविरिस**- एस्टन विला फुटबॉल क्लब के सह-मालिक और अरबपति नसेफ साविरिस ने इटली छोड़कर यूएई शिफ्ट कर लिया है। उन्होंने कहा कि उनके सर्कल के लोग भी इसी बदलाव पर विचार कर रहे हैं।

**हरमन नारुला**- नए टैक्स प्रस्तावों से पहले अपने टैक्स बोझ को कम करने की योजना के तहत भारतीय मूल के इम्प्रॉबेबल नाम के टेक कंपनी के संस्थापक हरमन नरुला ने भी दुबई का रुख किया।

**निक स्टोरोंस्की**- रेवोलूट के को-फाउंडर निक स्टोरोंस्की यूएई शिफ्ट हो चुके हैं, ताकि कैपिटल गेन्स टैक्स का भारी-भरकम बिल न देना पड़े।

## ब्राजील की अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी आयात शुल्क का प्रभाव नगण्य: लूला

रियो द जेनरो, (वार्ता)

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने मंगलवार को कहा कि 2025 का अंत ब्राज़ील के लिये अच्छा साबित हो रहा है क्योंकि ब्राज़ीलियाई वस्तुओं पर अमेरिकी आयात शुल्क में बढ़ोतरी अप्रासंगिक साबित हुई है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि इस साल का अंत अच्छा हो रहा है। खाद्य पदार्थों की कीमतें गिर रही हैं और लोग एक बार फिर उन चीजों को खरीदने में सक्षम हो रहे हैं जो पहले महंगी हो गयी थीं।

श्री लूला ने घरेलू स्थिति और अमरिका के साथ ब्राजील के संबंधों का जिक्र करते हुए कहा, ब्राजील पर लगाये गये अमेरिकी आयात शुल्क भी अंततः बेअसर साबित हुए।

श्री लूला ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका की नयी व्यापार नीतियों और उनसे उत्पन्न भू-राजनीतिक और व्यापारिक तनावों के बावजूद ब्राजील की अर्थव्यवस्था ने अनुकूलनशीलता और लचीलापन दिखाया है। घरेलू मोर्चे पर श्री लूला ने आम जनता की क्रय शक्ति में क्रमिक सुधार का उल्लेख किया ,विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट निम्न आय वाले परिवारों के लिए बेहतर साबित हुई है।

श्री लूला के अनुसार, यह प्रक्रिया वर्ष के अंत तक ब्राजील की आर्थिक और सामाजिक स्थिति के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण बनाने में योगदान दे रही है।

## ताइवान को लेकर ताकाइची के बयान के विरोध में जापान में प्रदर्शन

**टोक्यो,(वार्ता)।** जापान में ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के बयान और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने को लेकर विरोध तेज हो गया है। जापानी नागरिकों ने मंगलवार शाम को टोक्यो में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने एक रैली निकाली और सुश्री ताकाइची से ताइवान पर अपनी गलत टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने वाली टिप्पणियों की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने संविधान का पालन करो और युद्ध को बढ़ावा मत दो जैसे नारे लगाए। प्रधानमंत्री कार्यालय में सुरक्षा नीति के प्रभारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियार रखने की वकालत करने वाली सार्वजनिक टिप्पणियों ने जापान के लंबे समय से चले आ रहे तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों की अवहेलना की है।

## अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय नागरिक गिरफ्तार, सभी के पास कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस

नई दिल्ली




सीमा गश्ती एजेंटों ने अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस था और वह ट्रक चला रहे थे। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने कहा कि कैलिफोर्निया के एल सेंट्रो सेक्टर में सीमा गश्ती एजेंटों ने वाहनों की जांच और अन्य अभियानों के दौरान 49 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 30 भारत से, दो अल सल्वाडोर से और शेष चीन, इरिट्रिया, हैती, होंडुरास, मैक्सिको, रूस, सोमालिया, तुर्की और यूक्रेन से थे। एजेंसी ने बताया कि 31 कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस कैलिफोर्निया द्वारा जारी किए गए थे। आठ लाइसेंस फ्लोरिडा, इलिनोइस, इंडियाना, ओहियो, मैरीलैंड, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयार्क, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन द्वारा जारी किए गए थे।

सीबीपी ने कहा कि इस अंतर-एजेंसी अभियान का उद्देश्य अमेरिकी राजमार्गों की सुरक्षा करना और वाणिज्यिक परिवहन क्षेत्र में नियामक मानकों को बनाए रखना था। हाल के महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय ट्रक चलाते समय खतरनाक और जानलेवा राजमार्ग दुर्घटनाओं में शामिल रहे हैं। 32 वर्षीय राजिंदर कुमार पर आपराधिक लापरवाही से हत्या और जानबूझकर खतरा पैदा करने का आरोप लगाया गया है, क्योंकि उनके ट्रक से कार टकराने से दो लोगों की मौत हो गई थी। अगस्त में, फ्लोरिडा में एक ट्रक चलाते समय तीन लोगों की हत्या के आरोप में हरजिंदर सिंह की गिरफ्तारी के बाद, आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

# कोडीन कफ सिरप कारोबारियों के खिलाफ कब कार्रवाई करेगी योगी सरकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वार्ता)

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपए में मिल रही है। इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं। किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है। हालात ऐसे हो गये हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल-कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है। पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी लेकिन आज कफ सिरप का नशा उत्तर प्रदेश में फैल रहा है।

उन्होंने कहा कि इस सिरप में कितना नशा है और इसके नशे की लत कितनी गहरी है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के उन्नाव में आकाश नाम के एक लड़के को कफ सिरप के नशे की लत लग गई। उसकी लत छूटी नहीं और उसे यह सिरप आसानी से मिलता है। महज 17 साल के इस लड़के ने पहले पॉकेट मनी से कफ सिरप खरीदा और फिर घर का सामान और मां के जेवर बेचे। घरवालों ने डांट लगाई तो चेन झपटी करने लगा। अब आकाश की लीवर-किडनी ख़राब हो चुकी है। पेट में पानी भर गया है। इलाज में लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं, पर लत नहीं छूटती। ये कहानी सिर्फ आकाश की नहीं, बल्कि उन अनगिनत युवाओं की है, जो कफ सिरप के नशे का शिकार हो रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कोडीन कफ सिरप का उत्तर प्रदेश का किंगपिन शुभम जायसवाल है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का रहने वाला है और बीते पांच साल में इसने 500 करोड़ रुपये की कमाई इसी कफ सिरप से की है। उसका गोरखधंधा उत्तर प्रदेश में ही नहीं बिहार, पश्चिम बंगाल, बंगलादेश और नेपाल तक फैला है। इस पूरे गोरखधंधे में शुभम जायसवाल अकेला नहीं है उसके इस खेल में धनंजय सिंह, अमित सिंह टाटा और उत्तर प्रदेश पुलिस का बर्खास्त सिपाही आलोक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कोडनी कफ सिरप कारोबार रैकेट में शामिल धनंजय सिंह राजनीति से जुड़ा एक बड़ा नेता है। वह भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी जनता दल-यू के राष्ट्रीय महासचिव हैं और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी उन पर कृपा बरसती है। धनंजय सिंह कोडीन कफ सिरप गोरखधंधे में शामिल लोगों को अपना छोटा भाई बताता है। सवाल है कि धनंजय सिंह पर बुलडोजर कब चलेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कोडीन मामले में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ठोक ठोक कर ठोस कार्रवाई की जा रही है और अभी तक कोई मौत नहीं हुई है। मतलब जब किसी की मौत होगी, तभी संगीन मामला बनेगा और बुलडोजर निकलेगा। लोगों की किडनी खराब हो या लोग नशे के शिकार हों-इनसे सरकार को मतलब नहीं है। इस मामले में सिर्फ लीपापोती की गई। कुछ छोटे-मोटे लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया, कुछ ट्रक बरामद किये गये और कुछ गोदामों पर छापे पड़े।

उन्होंने सवाल किया कि सरकार को बताना चाहिए कि शुभम जायसवाल और धनंजय सिंह कहां है। क्या अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर चलाने वाली योगी सरकार का बुलडोजर इन पर भी चलेगा और सरकार बताए कि इन पर कार्रवाई कब होगी।



## सोनम बाजवा 2026 की शुरुआत बॉर्डर 2 से करेंगी



पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार अभिनेत्री सोनम बाजवा वर्ष 2026 की शुरुआत फिल्म बॉर्डर 2 से करेंगी। वर्ष 2025 में पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार सोनम बाजवा ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा। बॉलीवुड के अपने पहले ही साल में, अभिनेत्री तीन बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहीं, जिसमें हाउसफुल 5, बागी 4 और एक दीवाने की दीवानियत के नाम शामिल हैं। अब वह इस कामयाबी को अगले साल भी जारी रखने के लिए तैयार हैं, जिसकी शुरुआत साल के पहले महीने में ही एक बड़ी रिलीज़ से होगी। हाल ही में बॉर्डर 2 का टीज़र रिलीज़ किया गया है, जिसमें सोनम युद्ध पर आधारित इस ड्रामा फिल्म में दिलजीत दोसांझ के अपोजिट नज़र आएँगी। यह सोनम की चौथी हिंदी फिल्म है। सोनम ने अपनी सभी हिंदी फिल्मों में बड़े कलाकारों के साथ काम किया है, जो उनकी स्टार पॉवर को साबित करता है। जहाँ 2025 का अंत उनके लिए एक दीवाने की दीवानियत के साथ शानदार रहा, वहीं 2026 की शुरुआत बॉर्डर 2 के साथ और भी बड़ी होने वाली है। सोनम बाजवा ने बॉर्डर 2 के बारे में बात करते हुए कहा, निर्देशक अनुराग सिंह ने बॉर्डर 2 के लिए मुझसे संपर्क किया। हमारा काम का रिश्ता पहले से ही बहुत अच्छा है, क्योंकि हमने पहले भी साथ काम किया है। दिलचस्प बात यह है कि उन दोनों फिल्मों में भी दिलजीत मेरे साथ थे, इसलिए पंजाब में हमारा साथ काफी खास रहा है। सोनम बाजवा ने कहा, बॉर्डर 2 में, मैं मंजीत नाम की एक पंजाबी लड़की का किरदार निभा रही हूँ, जो अंबाला की रहने वाली है और दिलजीत दोसांझ के किरदार (फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों) की पत्नी है। अनुराग ने मुझे बताया कि मंजीत के रोल के लिए सबसे पहले उनके दिमाग में मेरा ही नाम आया, जो मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मैं बहुत उत्साहित थी, क्योंकि जैसे ही मुझे पता चला कि बॉर्डर 2 बन रही है, यह मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट बन गया। सोनम बाजवा ने कहा, मुझे याद भी नहीं कि बचपन में मैंने कितनी बार टीवी पर बॉर्डर फिल्म देखी है। यह मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक है और इससे बचपन की बहुत सारी यादें जुड़ी हैं। मुझे इस तरह की फिल्म का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व और खुशी महसूस हो रही है। बॉर्डर 2, साल 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज़ होने जा रही है। इस फिल्म में सोनम बाजवा के साथ सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और अन्या सिंह भी मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएँगे।

## प्रथाओं की ओढ़े चुनरी: बींदणी में अपरा मेहता की दमदार एंट्री



सन नियो के लोकप्रिय शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी में जानी-मानी अभिनेत्री अपरा मेहता शो की एंट्री हो गयी है। अपरा मेहता इस शो में राजश्री बुआ की भूमिका में नजर आएँगी। हाल ही में जारी प्रोमो में बुआ सा (अपरा मेहता द्वारा निभाया गया किरदार) को पूजा-पाठ में लीन देखा गया, जहाँ उनके सिर पर सलीके से ओढ़ी गई चुनरी सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि घर की इजत और बड़ों के मान-सम्मान का प्रतीक बनकर उभरती है। वहीं, उनके लिए परंपराएँ और संस्कार किसी भी आधुनिक सोच और शिक्षा से कहीं ऊपर हैं और यही विश्वास ठाकुर परिवार की पहचान और मर्यादा को परिभाषित करता है। अपरा मेहता ने कहा,मैंने अब तक लगभग पैंतीस डेली शोज़ में काम किया है और शायद ही कोई टीवी चैनल बचा हो, जहाँ मैंने काम न किया हो, इसमें कुछ ऐसे चैनल भी हैं, जो अब अस्तित्व में नहीं हैं। लेकिन, सन नियो एकमात्र ऐसा चैनल था, जिसके साथ मैंने पहले कभी काम नहीं किया था। उस वक्त मुझे कई डेली शोज़ के ऑफर्स मिल रहे थे, लेकिन प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी की कहानी और अपने किरदार के बारे में सुनते ही मुझे एहसास हुआ कि यही वो शो है, जिसे मैं करना चाहती हूँ। छह महीने के ब्रेक के बाद मैंने फिर से डेली शो में वापसी की और सबसे खास बात यह है कि मैं पहली बार राजस्थानी परिधान पहन रही हूँ, जिसे पहनकर मुझे बेहद खुशी मिल रही है। अपरा मेहता ने कहा,मैं शो में बुआ का किरदार निभा रही हूँ, जो परिवार की सबसे वरिष्ठ सदस्य और मुखिया हैं। उनका व्यक्तित्व ऐसा है कि लोग अपने आप ही उनका सम्मान करते हैं। वे परंपराओं, रीति-रिवाजों और संस्कारों को मानती हैं और आधुनिक सोच के खिलाफ हैं।

## पूनम पांडे दुबई में देंगी धमाकेदार परफॉर्मेंस



अभिनेत्री और परफॉर्मर पूनम पांडे दुबई में आयोजित एक एक्सक्लूसिव न्यू ईयर ईव एक्स्ट्रावगेंज़ा में लाइव परफॉर्म करेंगी, जहां 30 हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद होंगे। पूनम पांडे ने अपने इसे अपने सफर का एक अहम मुकाम बताते हुए कहा, यह सचमुच एक सपने के सच होने जैसा है। दुबई में न्यू ईयर ईव पर 30 हजार से ज्यादा लोगों के सामने परफॉर्म करना मेरी कल्पना से भी परे है। इतने भव्य और ग्लोबल मंच पर नए साल का स्वागत करना मेरे लिए बेहद खास और भावुक पल है। मैं मिले प्यार और इस मौके के लिए दिल से आभारी हूँ। अपनी बेबाक आत्मविश्वास, जबरदस्त मौजूदगी और हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली पूनम ग्लैमर, जोश और यादगार पलों से भरा एक शानदार शो पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।दुबई में न्यू ईयर ईव पर यह परफॉर्मेंस उनके करियर का एक बड़ा मील का पत्थर है, जो अंतरराष्ट्रीय एंटरटेनमेंट मैप पर उनकी बढ़ती पहचान को और मजबूत करता है।

## रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म मैसा की पहली झलक रिलीज



दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म मैसा की पहली झलक रिलीज हो गई है। फिल्म मैसा , जिसमें रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं, अपनी शुरुआती झलकियों के सामने आने के बाद से ही हर तरफ चर्चा में बनी हुई है। धीरे-धीरे फिल्म को लेकर उत्सुकता इतनी बढ़ गई कि यह साल की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में शामिल हो गई। अब इस पूरे क्रेज के बीच फिल्म की पहली झलक आखिरकार सामने आ चुकी है।इस झलक में रश्मिका मंदाना अपने अब तक के सबसे खतरनाक और दमदार अवतार में नजर आ रही हैं, जिसने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। दमदार ओपनिंग नैरेशन के साथ रश्मिका को मैसा के रूप में पेश किया गया है, वहीं जलते हुए जंगल के दृश्य और उसके साथ चलता जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर मिलकर एक बेहद तीव्र और प्रभावशाली माहौल रचते हैं।यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन इमोशनल एक्शन थ्रिलर होने का वादा करती है, जो दर्शकों को गोंड जनजाति की सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और आकर्षक दुनिया में गहराई तक ले जाएगी। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना एक बिल्कुल नए और बदले हुए अवतार में नजर आएंगी, जैसा उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया।रश्मिका फिल्म में एक गोंड महिला की भूमिका निभा रही हैं, जिसमें जबरदस्त तीखापन, गुस्सा और गहरी भावनात्मक ताकत देखने को मिलेगी।

# सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में सृजन कार्यक्रम का आयोजन



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सांदीपनि विद्यालय में आज सृजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदूरख्या , ए0 डी 0 पी0 सी0 विपनेश जैन एवं अन्य गणमान्य पालकों की गरिमामयी उपस्थिति में छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागतगीत के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों मे सहभागिता करने वाली छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से प्रदत्त ब्लेजर जिला शिक्षा अधिकारी इन्दुरख्या द्वारा पारितोषक स्वरूप प्रदान किये गये। संस्था के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने सृजन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते बताया कि म0 प्र0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग और लो 0 शि0 संचालनालय म0 प्र0 भोपाल के निर्देश अनुसार लगातार चौथे वर्ष सृजन कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की सीख का उत्सव और बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की कल्पनाशक्ति, नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धक संबोधन दिया गया तथा विद्यार्थियों में नैतिक गुणों के विकास पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने बच्चों के बीच जाकर उनके द्वारा तैयार किए गए मॉडलों एवं रचनात्मक कृतियों का स्वयं निरीक्षण किया और उनकी सराहना की।मंचासीन अतिथियों के साथ संस्था के प्राचार्य श्री प्रभात कुमार मिश्रा, माध्यमिक विभाग की प्रधान अध्यापिका श्रीमती माधुरी गर्ग, प्रधान पाठक श्री एम. ए. अंसारी एवं श्री देवेश वैद्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री महेन्द्र सिंह लोधी द्वारा किया गया ।सृजन कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नैतिकता एवं आत्मविश्वास का संचार किया और उपस्थित अतिथियों ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उक्त अवसर पर योगेश गुप्ता, सुशील दीक्षित, प्रभात राजपूत एवं अभिनव लखेरा विनोद बमनेले मनोज वैष्णव , लक्ष्मण प्रसाद डेहरिया ,आशीष पटेल ,ब्रजेश जाट, सुनील सोनी ,मुकेश चौपड़ा , सुरेन्द्र पटैल , गनेश लोधी, कृष्णकांत शर्मा ,सोमनाथ घोषी श्रीमती स्मरणा सिंह ,श्रीमती मीनाक्षी नेमा ,श्रीमती सीमा चौक्से ,श्रीमती शिखा महाजन उपस्थित रहे।

## जनसमस्या निवारण शिविर सम्पन्न हुआ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत इमलिया में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर उनका निराकरण किया गया। शिविर में अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री उदय सिंह, एसडीएम नरसिंहपुर श्री मणिन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, विकासखंड स्तरीय अधिकारी और ग्रामीणजन मौजूद थे। शिविर में कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर 55 आवेदनों को निराकृत किया और शेष 32 आवेदन संबंधित विभाग को भेजकर समय सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के 17, राजस्व विभाग के 12, सामाजिक न्याय के दो, जन्म प्रमाण पत्र के 4, विद्युत विभाग के 02, नाली निर्माण के 05, जाति प्रमाण पत्र का एक, बीपीएल के 5, किसान सम्मान निधि के 2, नामांतरण का एक और आधार संबंधी 21 आवेदन प्राप्त हुए थे।

**गाडरवारा को मिलेगा दुर्लभ सौभाग्य**

# श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन 29 दिसंबर को

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



नगरवासियों एवं समस्त शिव भक्तों के लिए यह अवसर अत्यंत दिव्य, ऐतिहासिक और दुर्लभ होने जा रहा है। देवों के देव, देवाधिदेव भगवान शिव के श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अपने दिव्य दर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान करने हेतु 29 दिसंबर 2025, सोमवार को गाडरवारा नगर पधार रहे हैं। यह कोई सामान्य शिवलिंग नहीं, बल्कि वही मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग है, जो प्राचीन काल में सोमनाथ मंदिर में विराजमान था। इतिहास गवाह है कि वर्ष 1020ङ्क1024 ईस्वी के दौरान सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण हुआ था। उस कठिन काल में दिव्य ज्योतिर्लिंग की रक्षा एवं संरक्षण के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित रखा गया। लगभग 1000 वर्षों के पश्चात, वही पावन, चैतन्य एवं दिव्य श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पुनः भक्तों को दर्शन देने आ रहे हैं। शंकराचार्य से संत परंपरा तक का दिव्य संरक्षण रहा वर्ष 1924 में इन पावन ज्योतिर्लिंगों को शंकराचार्य जी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। उनके मार्गदर्शन अनुसार भारत की स्वतंत्रता एवं श्रीराम मंदिर निर्माण के उपरांत इन्हें दक्षिण भारत की संत परंपरा को सौंपा गया। वर्तमान में यह दिव्य धरोहर परम श्रद्धेय श्री श्री रविशंकर जी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में है।

शिव कृपा का अलौकिक अवसर शास्त्रों में कहा गया है कि जिस स्थान पर ज्योतिर्लिंग विराजमान होते हैं, वहां स्वयं महादेव उपस्थित होते हैं। यह अवसर पापों से मुक्ति, कष्टों के नाश, मनोकामना पूर्ति एवं शिव कृपा प्राप्ति का अद्भुत माध्यम माना जाता है। ऐसा सौभाग्य जीवन में बार-बार नहीं मिलता। गाडरवारा नगर को यह ऐतिहासिक एवं दिव्य अवसर प्राप्त होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।कार्यक्रम इस प्रकार हे रुद्राभिषेक एवं सत्संग दिनांक 29 दिसंबर 2025, सोमवार समय- प्रातः 11-00 बजे से दोपहर 02-00 बजे तक स्थान- मानस धाम परिसर, कामती रोड पर आयोजित है । आयोजक देव नरसिंह मंदिर न्यास, गाडरवारा ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

## स्थानीय मेथोडिस्ट चर्च में आज प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन मनाया जाएगा



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय मेथोडिस्ट चर्च में आज प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन, क्रिसमस डे बड़े जोर-शोर से मनाया जाएगा ! क्रिसमस प्रभु यीशु मसीह के जन्म का प्रतीक है। पास्टर विपिन मसीह के अगुवाई में केंडिल जलाकर विशेष प्रार्थना और दुआ की जाएगी। चर्च को विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया है और सांता क्लॉस के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे । मसीह समाज उत्साह के साथ क्रिसमस मनाएगा।

सुबह से चर्च में विशेष आराधना और विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। चर्च में प्रार्थना में क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉस, और गिफ्ट के साथ प्रेम और शांति का संदेश दिया जाएगा । मेथोडिस्ट चर्च के व्यवस्थापक संजय राजकुमार ने यह जानकारी दी हे ।

# उपभोक्ता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य पर गत दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर के हॉल में उपभोक्ता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नरसिंहपुर द्वारा कराया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता आयोग नरसिंहपुर की महिला सदस्य श्रीमती प्रतिभा शर्मा उपस्थित हुयी इसके अतिरिक्त श्री देवेंद्र कुमार खोबरिया जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नापतोल निरीक्षक, पेंशन ऐसोसिऐशन के सदस्य उपभोक्ता के क्षेत्र से जुड़े हुए अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी



गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप संचालक, सहकारिता विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं आम उपभोक्ता जन उपस्थित हुये जिला आपूर्ति अधिकारी श्री खोबरिया द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के संबंध में विस्तार से कानूनी जानकारी दी गई एवं आम उपभोक्ताओं से अपील की गयी कि उपभोक्ता के अधिकारों के प्रति सजग रहकर जागरूक उपभोक्ता बने जिससे की ठगी से बचा जा सके इसी तरह खाद्य सुरक्षा अधिकारी नापतोल निरीक्षक द्वारा खान-पान एवं नापतोल से संबंधित जानकारी देकर आम उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया कार्यक्रम के दौरान पेंशन ऐसोसिऐशन के सदस्य श्री एस.के. चतुर्वेदी एवं उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक श्री कौरव द्वारा भी उपभोक्ता जागरूकता के संबंध में अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम का मंच संचालन श्री शशिकांत शुक्ला सहकारी संघ कर्मचारी एवं कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार श्री आशीष नेमा द्वारा किया गया।

### सर्वधर्म मिलन समारोह आज

**नरसिंहपुर।** प्रेम, भाईचारा एवं शांति के संदेश के साथ मानव जाति के उद्धार के लिए अवतरित प्रभु ईसा मसीह का जन्मोत्सव धार्मिक सद्भाव एवं समन्वय की दृष्टि से सर्वधर्म मिलन समारोह के रूप में आयोजित किया जा रहा है। सच्चिदानंद आश्रम एवं समन्वय परिवार ने बताया कि आज 25 दिसम्बर को मनाया जाएगा।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर 2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन संबंधी जानकारी के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को सम्पन्न हुई। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी में (फोटो रहित) उपलब्ध करायी गयी। साथ ही मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रदाय की गई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती देवंती परते, बीजीपी के श्री विनोद श्रीवास्तव, कांग्रेस के श्री मनीष साहू, बीएसपी के श्री गिरबर सिंह टेंटवाल, आम आदमी पार्टी के श्री शब्बीर मंसूरी, श्री शैलेन्द्र सिंह जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन के लिए जाने की जानकारी दी गई। उन्हें अवगत कराया गया कि आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते हैं तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते हैं। यह प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य//222.ष्द्गश्चद्दह्यद्दष्-ह्लद्बश्चठ्ठ.द्बश्च.द्दश्1.द्बठ्ठ पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। अनुपस्थित/ स्थानांतरित/ मृत/ दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों के नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही है उनकी सूची का प्रदर्शन भी सीईओ एमपी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर की वेबसाइट पर किया गया है। संबंधित पंचायत भवन/ शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है। जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में गणना अवधि के दौरान 12874 मृत, 4006 दोहरी प्रविष्टि, 8382 अनुपस्थित तथा 20503 स्थानांतरित निर्वाचक पाएं गए, जिनकी सूची पूर्व में मतदान केन्द्रवार बीएलओ- बीएलए की बैठक में साझा की गयी थीं। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे आपत्तियों को प्रस्तुत करने का कार्य किया जाएगा। बैठक में सभी से आग्रह किया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र निर्वाचकों के नाम सम्मिलित कराने के लिए प्रपत्र-6, अयोग्य व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली से हटाने के लिए प्रपत्र 7 एवं प्रविष्टि में सुधार आदि के लिए प्ररूप-8 में आवेदन करने में आम नागरिकों का सहयोग करें। बीएलए के माध्यम से भी प्रतिदिन 10 आवेदन मय सूची के इस वचन के साथ प्रस्तुत कर सकता है कि उसने व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रपत्रों के विवरण का सत्यापन कर लिया है तथा वह संतुष्ट हैं कि वे सही है। नाम जोड़ने के प्ररूप-6 के साथ एवं राज्य से बाहर से स्थानातंरित निर्वाचक के प्रकरण में घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाना है। विशेषतौर से ऐसे छूटे हुए पात्र नागरिक जो एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें प्रेरित कर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के प्रयास किया जावे। पात्रता की जांच के आधार पर नोटिस देकर पात्रता की पुष्टि करने तथा आपत्तियों की प्राप्ति एवं निराकरण का कार्य आयोग समय सारणी के अनुसार जारी रहेगा। सभी से अपील की गई कि निर्वाचक नामावलियों के संचालित विशेष गहन 2026 के सफल के लिए सहयोग प्रदान कर निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रतिपादित करें।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 से

**मण्डला/अंजनिया।** अंजनिया के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जबलपुर के विख्यात होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ विजय सिंह यादव द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अंजनिया शाखा में डॉ यादव होमियोपैथिक क्लीनिक जबलपुर के तत्वाधान में दो दिवसीय निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। यह शिविर 29 व 30 दिसंबर को लगाया जा रहा है। जिसमें डॉ विजय सिंह यादव द्वारा रोगियों का स्वस्थ परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क होम्योपैथिक दवाई प्रदान की जावेगी होमियोपैथी एक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति हैं जिसमें पुरुषों महिलाओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की नई पुरानी बीमारियों का सफल इलाज आज पूरे विश्व में किया जा रहा हैं। भारतीय स्टेट बैंक अंजनिया शाखा के द्वारा आयोजित होने वाले इस स्वस्थ शिविर का लाभ उठाते हुए अपने स्वास्थ का परीक्षण कराने अपील की गई है।

## सांदीपनि विद्यालय में सृजन कार्यक्रम

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।



सांदीपनि विद्यालय निवास में वेद प्रकाश अवधिया के मार्गदर्शन में सृजन कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधियों अभिभावकों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजू रानी कुलस्ते उपस्थित रहीं, वहीं कार्यक्रम अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों के रूप में आकाश पांडे (मंडल अध्यक्ष), राकेश रजक (मंडल महामंत्री) एवं स्वरूप मरावी जी (मंडल महामंत्री) उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट मॉडल एवं रचनात्मक कार्यों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की कार्यक्रम के अंतिम चरण में शिक्षा समिति अध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी, आकाश पांडे सहित अन्य अतिथियों द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें विद्यालय में अनुशासन शैक्षणिक गुणवत्ता एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

### खरीदी केंद्र का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** किसानों को पारदर्शी और सुगम धान खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने बुधवार को ग्राम बकोरी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए किसानों के सामने ही धान की बोरियों की तौल करवाई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके ।



## जल संचय अभियान का कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** बुधवार को ग्राम पंचायत बरगवां के बरगंवा में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समंवयक राजेंद्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक संतोष झारिया के मार्गदर्शन मे जल संचय अभियान का कार्यक्रम सम्पन किया गया जिसमे नवांकुर संस्था आदिवासी बैगा विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमति गंगोत्री बड़गैया एवं मप्र अभियान परिषद की मेंटर्स श्रीमति रागिनी हरदहा ग्राम विकास प्रसफुटन समिति की अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव, सचिव आलोक जंघेला एवं समस्त ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

## सुशासन सप्ताह पर सीधा संवाद

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को और अधिक सुदृढ़ करना है इसी क्रम में कलेक्टर ग्राम पंचायत चिरईडोंगरी जनपद पंचायत नारायणगंज में आयोजित शिविर में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और शिकायतें गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए।

# कालजयी व्यक्तित्व श्रद्धेय 'अटल जी : प्रहलाद पटैल

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** 20वीं शताब्दी में हुए महापुरुषों में एक महापुरुष हैं ''श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी'' जिन्हें निष्काम कर्मयोगी, प्रखर राष्ट्रवाद के जागृत पुरुष, पदों से ऊपर प्रतिष्ठा, दूरदृश्टा, विकास पुरुष, प्रशासन की दक्षता एवं पारदर्शिता, संसदीय जीवन में मूल्यों पर अडिग रहने वाले तथा परंपराओं के ऐसे निर्माता जिन्हें विरोधी भी गर्व से स्वीकार करते हैं। इसी कारण उन्हें कालजयी कहा जाता है। एक व्यक्ति में कितने गुण हो सकते हैं जो व्यक्ति को महान बनाते हैं। लेखक, वक्ता, कवि, जनप्रतिनिधि, संगठक, संपूर्ण समर्पण, विचारक, निर्भय साहसी, शरीर और मन की एकाग्रता के प्रतीक, सादगी एवं भारतीय वेशभूषा, जीवन शैली खानपान स्वाद के लिए एक अलग पहचान देने वाले अटल जी 20वीं सदी के महान नायक एवं प्रेरणा पुरुष थे। उक्ताशय के विचार पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम प्रहलाद पटैल ने जारी अपने लेख में कहा कि कालजयी व्यक्तित्व श्रद्धेय 'अटल जी से मैं जब 1989 में पहले लोकसभा चुनाव जीतकर दिल्ली पहुंचा था तो उन्होंने कहा था, पहली जीत आसान है, पुनरावृति कठिन है। जब मैं दूसरा चुनाव हारा तो उनका वह वाक्य सदैव याद रहता है। यह उनका अनुभव एवं दूरदर्शिता थी जो अगली पीढ़ी को स्पष्टता के साथ निर्देशित करती थी, सचेत करती थी। फिर मैं उनके मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री बना तो मुझे कोयला मंत्रालय मिला शपथ के साथ ही विभाग भी घोषित हो गया मैं उन्हें प्रणाम



करने झुका तो उनका स्पष्ट निर्देश वाक्य था यह काजल की कोठरी है जाते तो साबुत है, पर साबुत वापस निकलना मुश्किल होता है। मैं उठा और मैंने कहा आपका विश्वास नहीं टूटने दूंगा। इतिहास गवाह है, कोयला मंत्रालय है, उसका इतिहास है, लेकिन मैं अछूता रह सका तो उसमें सिर्फ और सिर्फ अटल जी का निर्देश, चेतावनी या समझाईश ही थी जिसने मुझे बचा लिया।मुझे श्रद्धेय अटल जी का स्नेह हमेशा पुत्रवत मिलता रहा, एक बार उनसे पूछा कि कहां है पता नहीं है? मैंने कहा समय के लिए एक बार कोशिश की थी, व्यस्तता में समय नहीं मिल पाया। बात आगे बड़ी तो मैंने कहा 'हम तो गांव के लोग हैं हमारा कोई कार्य प्रधानमंत्री जी के लायक तो होता नहीं है, आप पहचानते हैं यही हमारी पूंजी है।' इसके अलावा क्या चाहिए। वास्तव में मैं इसे ही अपनी पूंजी मानता हूं। संसद में पूरे संसदीय जीवन में कभी भी विरोध स्वरूप 'वेल' में नहीं गया तो यह प्रेरणा अटल जी की थी, मैं अपनी सीट पर ही बैठा तो यह सीख अटल जी की ही थी, यदि आज तक मैं मर्यादित एवं विषय के साथ खड़ा हूं तो इसके पीछे सामर्थ्य अटल जी ही है। आज संसद में हम जैसे व्यक्तियों के जो मूल्य हैं उसमें अटल जी के बगैर कुछ भी नहीं है। संसद में 'कौल एंड सिकधर' यह अन्य संसदीय नियमों के ज्ञाता हों, पर अटल जी की राय नियम भले ना हो पर मर्यादाओं को संरक्षित करती है क्योंकि संसद नियम और मर्यादाओं दोनों से चलती है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका संकल्प सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा और मूल्यों के लिए वे सदैव स्मरण किए जाएंगे। मुझे मध्य प्रदेश की सरकार में मंत्री होने के निमित्त कुछ स्मृतियां संजोने का अवसर मिला की श्रद्धेय अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष में उन्हें ग्रामीण विकास व पंचायत में याद रखा जा सके, क्योंकि प्रधानमंत्री सड़क आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, जनजातीय मंत्रालय बनाकर आदिवासियों की चिंता करने वाले, उत्तर पूर्व को समानता देने के लिए उत्तर पूर्व के लिए मंत्रालय देने वाले अटल जी ग्रामीण विकास के हिमायती थे। मैंने 25 दिसंबर 2024 से ''अटल ग्राम सेवा सदन'' के नाम से 2500 से ज्यादा ग्राम पंचायत भवन, ''अटल सुशासन भवन'' के नाम से 106 जनपद पंचायत भवन एवं 5 ''अटल जिला सुशासन भवन'' के नाम से जिला पंचायत भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया था, वह पूरे हो रहे हैं। 3752 अटल सामुदायिक भवन जन आकांक्षाओं के प्रतीक हैं। एक कार्यकर्ता की यही श्रद्धांजलि है, यही शब्दांजलि है। वे अमृत पुरुष हैं, अमर पुरुष हैं, आत्मीय स्नेह देने वाले महापुरुष हैं, उन्हें नमन।

# मनरेगा नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## कांग्रेस बोली गांधी ही नहीं, गरीबों का हक मिटाने की भी साजिश

कटनी (स्वतंत्रमत)।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के फैसले के खिलाफ बड़ी संख्या कांग्रेस जनो ने कलेक्ट्रेट पहुँच कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपते जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में भाजपा सरकार की नीतियों पर सीधा हमला बोला गया कांग्रेस नेताओं ने इसे गरीब, किसान और मजदूर विरोधी कदम बताया। इस दौरान शहर अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम-बदलकर गांधी जी की विचारधारा और गरीबों के अधिकार दोनों को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने से गांधी जी लोगों के दिलों से नहीं निकलेंगे



बल्कि इससे भाजपा की गरीब विरोधी सोच उजागर होती है। ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा मजदूरों के लिए जीवन रेखा थी मनमोहन सिंह सरकार ने 15 दिन में भुगतान का कानूनी अधिकार दिया था, लेकिन भाजपा शासन में मजदूरों को महीनों भुगतान का इंतजार करना पड़ रहा है पिछले तीन वर्षों से कई क्षेत्रों में भुगतान लंबित है, जो सीधे तौर पर मजदूरों की रोजी-रोटी पर हमला है। यूथ नेता अंशु मिश्रा ने कहा पहले मनरेगा का पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी, लेकिन अब नई योजना में 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार पर भार डाला जा रहा है। योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश की जा रही है। पूर्व महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा ने याद दिलाया कि कोरोना महामारी के दौरान जब लाखों मजदूर शहरों से गांव लौटे थे, तब मनरेगा ने ही उन्हें काम और सम्मान दिया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा के साथ छेड़छाड़ बंद नहीं की, तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। जरूरत पड़ी तो किसान और मजदूरों के हक में जेल भरो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, राजेश जाटव, अजय जैसवानी, राजा जगवानी, रंजीत सिंह, श्याम पाहुजा, मुकेश परोहा, विनीत जायसवाल, जालिम यादव, अमन जैन, बंटी तिवारी, मौसुफ अहमद बिट्टू, कपिल रजक, अजय कोल, राजकुमार विश्वकर्मा, सूर्यकांत कुशवाहा, ओमकार सिंह तेकाम, श्याम यादव, विजय मंगल चौधरी, अजय वर्मा, अभय खरे, मुकेश यादव सलाहुद्दीन खान, रमेश प्यासी, प्रशांत पांडे, कु. लता खरे, सुमन रजक, रमाकांत दुबे, नारायण निषाद, कैलाश कन्नौजिया, शरद पाल सिंह, मुकेश मिश्रा, प्रहलाद, दिग्विजय सिंह रमेश अहिरवार, शेख मुश्ताक, अंशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनो की मौजूदगी रही।

# परीक्षा केंद्र की मांग को लेकर एनएसयूआई का हल्लाबोल

### ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में तालाबंदी सदृश प्रदर्शन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में मंगलवार को छात्र सुविधाओं को लेकर एनएसयूआई ने उग्र प्रदर्शन किया। छात्र नेता अवध यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर के भीतर ही डेरा डाल दिया और कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के लिए स्थानीय स्तर पर ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता अवध यादव ने महाविद्यालय प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ढीमरखेड़ा क्षेत्र एक ग्रामीण अंचल है। यहाँ अध्ययनरत अधिकांश छात्र-छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। वर्तमान व्यवस्था के तहत, इन छात्रों को सप्लीमेंट्री परीक्षा देने के लिए करीब 70 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय स्थित तिलक महाविद्यालय जाना पड़ता है। एक तो परीक्षा का मानसिक दबाव और ऊपर से इतनी



लंबी दूरी का सफर, छात्राओं के लिए यह न केवल थकाने वाला है बल्कि असुरक्षित और आर्थिक बोझ डालने वाला भी है। प्रशासन की इस उदासीनता का खामियाजा गरीब छात्र भुगत रहे हैं। प्रदर्शन के अंत में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए ढीमरखेड़ा महाविद्यालय को ही आगामी सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के लिए केंद्र घोषित किया जाए। छात्रों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया और परीक्षा केंद्र की व्यवस्था नहीं बदली गई, तो एनएसयूआई चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री से वल्लभ भवन में शासकीय शिक्षक संगठन की हुई विस्तृत चर्चा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय शिक्षक संगठन ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर संगठन के तीन सूत्रीय ज्ञापन पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे एवं प्रांतीय महासचिव जितेंद्र शाक्य के साथ राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। शासकीय शिक्षक संगठन के तीन सूत्रीय ज्ञापन में संवर्ग के शिक्षकों के सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से, अनुकम्पा नियुक्ति में नियमों का सरलीकरण एवं ट्रायबल के स्कूलों का शिक्षा विभाग में मर्जिकरण की मांग विशेष रहे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा की। उक्त चर्चा के दौरान जो तथ्य सामने आए उनके अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति के



मामले में बहुत कुछ सहूलियत होने जा रही है, ट्रायबल के स्कूलों के स्कूल शिक्षा विभाग में मर्जिकरण का मामला अब समान्य प्रशासन विभाग पहुँच गया है और अब निराकरण के नजदीक है। सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से का मामला कुछ तकनीकी कारणों से लम्बित हो रहा है जिनके निराकरण के लिए मंत्रालय स्तर पर कार्यवाही प्रचलन में है और शासकीय शिक्षक संगठन भी अन्य वरिष्ठ संगठनों के साथ मिलकर बाधा दूर करने का प्रयास कर रहा है। शासकीय शिक्षक संगठन ने स्कूल शिक्षा मंत्री के सकारात्मक रुख का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# आर्ट्स एण्ड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेज में नेशनल मैथमेटिक्स डे मनाया गया

कटनी (स्वतंत्रमत)।

चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के तत्वाधान में कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज कटनी में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्डा के निर्देशन में नेशनल मैथमेटिक्स डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के छायाप्रति के दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्डा द्वारा मुख्य अतिथि सरस्वती उ.मा. विद्यालय प्रमोद पाण्डे एवं बार्डस्ले उ.मा. विद्यालय कटनी कनक आशवानी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका का स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महान गणितज्ञ डॉ. निवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया नेशनल मैथमेटिक्स डे के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्र छात्राओं को गणित के महत्व के विषय में जानकारी प्रदान करना एवं जागरूकता फैलाना व विश्लेषणात्मक-तर्किक सोच को बढावा देना



है। कार्यक्रम में पी.पी.टी. के माध्यम से प्राचीन भारतीय गणितज्ञ एवं उनके जीवनवृत्त से सम्बंधित जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं ने प्राचीन गणितज्ञों के विषय में स्पीच प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार महक नागवानी एवं आलिया परवीन, द्वितीय पुरस्कार अभय गुप्ता एवं सिद्धांत नामदेव व तृतीय पुरस्कार प्रिया कचेर एवं प्रियंका बैरागी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन साइंस विभागाध्यक्ष आराधना अग्रहरि द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्डा, महाविद्यालय उप प्राचार्य डॉ. राजीव खत्री, कला विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति छिरौल्या, वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. शरद निरंकारी, कम्प्यूटर एवं विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. आराधना अग्रहरि, सहायक प्राध्यापक रीतेश कुमार निगम, सहायक प्राध्यापक अतुल जैन, लाईब्रेरियन श्रीलम राजवानी, सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र वर्मा, मुकेश गुप्ता, सहायक प्राध्यापिका ऋचा डेंगरे, सहायक प्राध्यापक डॉ. आर.आर.एस. परिहार, सहायक प्राध्यापक रवि यादव, पंकज सेक्सरिया, गगन गुप्ता, समीप श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापिका प्रियंका गुप्ता, रोहिणी सिंह ठाकुर, सहायक प्राध्यापक अरूण कुमार चौधरी, बीरेन्द्र कुशवाहा, आकांक्षा सिंह तोमर, प्रभा मिश्रा, सहायक प्राध्यापिका शिवानी मलिक, प्रतीक्षा मिश्रा, मनोज मिश्रा, वैशाली सिंह ठाकुर, सोनिया रावत, सृष्टि जैन, प्रीति मिश्रा एवं सहायक स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# बहोरीबंद में वार्षिक महामस्तिकाभिषेक 28 को



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बहोरीबंद श्री दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद में विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी 16 वी शताब्दी की 16 फुट ऊंची खड्गासन 1008 भगवान शांतिनाथ की मनोज्ञ प्रतिमा का वार्षिक महामस्तिकाभिषेक 28 दिसंबर को होने जा रहा है तीर्थ क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष उत्तमचंद जैन ने बताया कि मंदिर की में प्रातः अभिषेक शांतिधारा शांति विधान तथा दोपहर में वार्षिक महामस्तिकाभिषेक का आयोजन रखा गया है जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं सभी से महाआयोजन में पहुंचने की अपील की है उन्होंने बताया कि वार्षिक महामस्तिकाभिषेक को लेकर जैनसमाज में बहुत ही उत्साह रहता है।

## सुशासन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सामूहिक शपथ कार्यक्रम

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में सामूहिक शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कार्यालय में पदस्थ समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन, पारदर्शिता, ईमानदारी, निष्पक्षता एवं जनसेवा के मूल सिद्धांतों का पालन करने की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से पुलिस बल को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आमजन के प्रति संवेदनशील, उत्तरदायी एवं न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

# सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम

### एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर सामुदायिक पुलिस योजना सृजन कार्यक्रम का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मानव जीवन विकास समिति और मध्य प्रदेश पुलिस जिला कटनी के तत्वाधान मे मध्य प्रदेश सामुदायिक पुलिस भोपाल के निर्देशन मे कटनी जिला पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन मे बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व मे सामुदायिक पुलिस सृजन कार्यक्रम एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर 15 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ 22 दिसम्बर से 05 जनवरी तक मानव जीवन विकास समिति बिजौरी मे आयोजित किया जा रहा है। निर्भय सिंह सचिव मानव जीवन




विकास समिति द्वारा बताया गया कि यह सृजन कार्यक्रम आत्मरक्षा, लैंगिग सकारात्मक कार्यो एवं नेतृत्व पहल के माध्यम से किशोरों और किशोरियों का सशक्तिकरण करना, समुदाय को आगे बढ़ाने और बदलाव लाने की दिशा मे आत्मविश्वास और कौशल से परिपूर्ण करने हेतु क्षमता निर्माण करना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम से बच्चों का क्षमता निर्माण किया जायेगा, बच्चों को पढ़ाई की ओर ले जाना, कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान कराना और कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता जैसे निबंध लेखन, भाषण, वाद विवाद, खेलकूद, चित्रकला, दौड़ आदि गतिविधियों का आयोजन करने पर भी प्रकाश डाला गया यह भी बताया गया कि साईबर क्राईम, डिजीटल अरेस्ट, आनलाईन चैटिंग से बचे तत्काल पुलिस को सूचना दे। थाना प्रभारी के.के. पटेल द्वारा बताया गया कि बच्चों डरो नही हम आपके साथ है आपको जागरूक होना है ताकि आपके घर, परिवार, मुहल्ले और गांव मे अनाधिकृत गतिविधियां नही होने पाये। सहायक उप निरीक्षक रामगोपाल दुबे द्वारा बताया गया कि सृजन कार्यक्रम के माध्यम से किशोरों और किशोरियों को सशक्त करने का काम किया जायेगा। आरक्षक विकास कुमार मिश्रा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया बच्चों को बताया गया कि पढ़ाई जरूरी है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर दीपक कुशवाहा द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम सोशल मीडिया उपयोग को लेकर प्रकाश डाला गया। आज के इस कार्यक्रम में 38 किशोरों और 40 किशोरियों ने भाग लिया। समिति कार्यकर्ता गुलशन सिंह और रामकिशोर चौधरी का विशेष सहयोग रहा।

# जेपीवी डीएवी में श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर प्रश्न मंच का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जेपीवीडीएवी विद्यालय में श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर 23 दिसम्बर को एक ज्ञानवर्धक प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एस. के. सिन्हा ने की। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संस्कृत शिक्षक अमरदीप शर्मा, ओमशंकर शुक्ला एवं सत्यम तिवारी का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के द्वारा हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रतिभागी कक्षा आठवीं के विद्यार्थी थे तथा मंच संचालन ओमशंकर शुक्ला द्वारा किया गया। प्रश्न मंच में विद्यालय के चारों सदन- दयानंद, अरविंदो, विवेकानंद एवं श्रद्धानंद-, से पाँच-पाँच प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रकार कुल 20 प्रतिभागी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। प्रश्नोत्तरी स्वामी श्रद्धानंद जी के व्यक्तित्व, उनके बलिदान तथा आर्य महापुरुषों के आदर्शों पर आधारित थी। शंखनाद एवं ब्रह्मनाद गतिविधि ने सभी का मन मोह



लिया, जिसने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में स्वामी श्रद्धानंद के सिद्धांतों, राष्ट्र सेवा और उनके महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन विजेता तथा दयानंद सदन उपविजेता घोषित हुआ। विजेता सदन को स्मृति चिह्न, स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए, साथ ही प्राचार्य द्वारा प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों एवं महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

# खिरहनी फाटक निवासी कमलेश निषाद बनें जिले के पहले राहवीर



कटनी (स्वतंत्रमत)।

कमलेश निषाद जिले के पहले राहवीर बन गये हैं। बीते 26 जुलाई को पंचवटी ढाबा के समीप घटित सड़क दुर्घटना में घायल युवक को गोल्डन आवर में जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाकर घायल की जान बचाने के लिये 34 वर्षीय कमलेश निषाद को राहवीर योजना-2025 के तहत 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अप्रेजल कमेटी द्वारा कटनी के खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड थाना कोतवाली निवासी कमलेश निषाद पिता ननकू निषाद निवासी कटनी के नाम का अनुमोदन प्रस्ताव राहवीर योजना के लिये राज्य सड़क सुरक्षा समिति को प्रेषित किया गया था। यह घटना बीते 26 जुलाई की रात्रि 9:50 बजे पंचवटी ढाबा के पास घटित हुई थी। जहां सड़क दुर्घटना में उमरिया जिला निवासी 28 वर्षीय विपिन तिवारी पिता हरिनारायण तिवारी गंभीर रूप से घायल हुये थे। घायल विपिन तिवारी को तत्परता पूर्वक राहवीर कमलेश निषाद ने गोल्डन आवर में जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाकर घायल की जान बचाई थी। जहां परीक्षण के उपरांत घायल के पैर के ओपन ग्रेड 3 बी पटेला फ्रैक्चर में चोट पाई गई। इस पर घायल को शल्य क्रिया हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चोट गंभीर प्रकृति की श्रेणी में आती है और राहवीर कमलेश निषाद द्वारा किये गये सराहनीय कार्य की वजह से घायल को गोल्डन आवर में ईलाज मिला। जिसके कारण घायल की जिंदगी बचाई जा सकी। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल की मदद कर जिले के पहले राहवीर बनने पर कमलेश निषाद की प्रशंसा करते हुये बधाई दी। साथ ही घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में लोगों से मदद की अपील की है। गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को इस पुण्य और नेक काम के लिये राहवीर योजना के तहत 25 हजार रूपये की पुरस्कार राशि और सम्मान पत्र से सम्मानित करने का प्रावधान है।

# सनशाइन एकेडमी में क्रिसमस-डे का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

सनशाइन एकेडमी में क्रिसमस-डे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ इस दिन को सेलिब्रेट किया। प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। सांता क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सबका मन आकर्षित किया। इस अवसर पर सांता क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे और कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला क्रिसमस प्रेम, शांति और भाईचारे का पर्व है। इस दिन घरों, चर्चों और सार्वजनिक स्थलों पर क्रिसमस ट्री सजाने की परंपरा विशेष रूप से निभाई जाती है। हरे-भरे सदाबहार वृक्ष को जीवन, आशा और निरंतरता का प्रतीक माना जाता है। क्रिसमस ट्री पर लगाई जाने वाली प्रत्येक सजावटी वस्तु केवल सुंदरता बढ़ाने के लिए नहीं होती, बल्कि उसके पीछे धार्मिक और आध्यात्मिक भावनाएं जुड़ी होती हैं। विशेष रूप से सितारा, घंटी, रोशनी और उपहार। ये सभी क्रिसमस के संदेश को गहराई प्रदान करते हैं। क्रिसमस ट्री के शीर्ष पर लगाया जाने वाला सितारा ईसाई धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। क्रिसमस ट्री पर लगाया जाने वाला सितारा ईसाई धर्म में बेथलेहम के सितारे का प्रतीक है




जो ईसा मसीह के जन्म के समय आकाश में दिखाई दिया था। यह सितारा प्रतीकात्मक रूप में ईश्वर की उपस्थिति, दिव्यता और मार्गदर्शन को दर्शाता है। इसे क्रिसमस ट्री पर लगाना पवित्र घटना का स्मरण है। सितारे सदियों से मानव को राह दिखाते आ रहे हैं, क्रिसमस ट्री के शीर्ष पर लगाए जाने वाले सितारे ने भी ईसा मसीह के जन्म स्थान तक पहुंचने का मार्ग दिखाया था। क्रिसमस ट्री पर लटकाई जाने वाली घंटियाँ शुभ समाचार, आनंद और जागरूकता का प्रतीक मानी जाती हैं। पुराने समय में घंटियों की ध्वनि लोगों को एकत्रित करने और धार्मिक आयोजनों की सूचना देने का माध्यम होती थी। ईसाई परंपरा में घंटी की मधुर आवाज़ को नकारात्मक शक्तियों को दूर करने और वातावरण को सकारात्मक बनाने वाला माना गया है। घंटियाँ यह भी संदेश देती हैं कि प्रेम, क्षमा और करुणा को अपनाकर जीवन को मधुर बनाया जा सकता है। क्रिसमस ट्री पर जगमगाती लाइट्स अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक हैं। धार्मिक मान्यताओं में प्रभु यीशु को विश्व का प्रकाश कहा गया है। पहले समय में क्रिसमस ट्री पर मोमबत्तियाँ सजाई जाती थीं, जो अब रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिक लाइट्स में परिवर्तित हो चुकी हैं। ये लाइट्स जीवन में आशा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का संदेश देती हैं। रोशन क्रिसमस ट्री यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद की लौ बुझनी नहीं चाहिए। क्रिसमस ट्री के नीचे रखे जाने वाले उपहार प्रेम, त्याग और आपसी संबंधों की मजबूती का प्रतीक होते हैं। यह परंपरा प्रभु यीशु के जन्म पर उन्हें अर्पित किए गए उपहारों की स्मृति से जुड़ी मानी जाती है। उपहार देने का अर्थ केवल भौतिक वस्तु देना नहीं, बल्कि अपने प्रियजनों के प्रति अपनापन, स्नेह और सम्मान व्यक्त करना है। क्रिसमस के अवसर पर उपहारों का आदान-प्रदान समाज में सहयोग, उदारता और खुशी बाँटने की भावना को बढ़ावा देता है। क्रिसमस का त्यौहार हर साल 25 दिसंबर को ईसा मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है जो नाम मास ऑफ क्राइस्ट या जीसस से आया है। क्रिसमस का वास्तविक अर्थ है कि जीवन में मिठास घोलने का सबसे अच्छा तरीका आभार और ईश्वर के प्रति धन्यवाद की भावना रखना है। उन्होंने कहा, जब हम अपनी सफलता और आशीर्वाद को अधिकार की भावना से देखना बंद कर देते हैं और आभार से जीते हैं, तब जीवन में सच्ची खुशी आती है। चाहे वह पेड़ को सजाने का उत्साह हो, उपहारों का आदान-प्रदान करने की खुशी हो, या प्रियजनों के साथ मिलने का आराम हो, क्रिसमस एक ऐसा मौसम है जो हमारे अंदर के सर्वश्रेष्ठ को सामने लाता है।



# करणी सेना परिवार अब लड़ेगी चुनाव

### कटनी जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** हरदा आंदोलन न्याय की लड़ाई जीतकर और करणी सेना परिवार को राजनैतिक दल की घोषणा की खुशी के साथ-साथ में समस्त करणी सेना के एक होने की खुशी की खबर को लेकर कटनी जिला अध्यक्ष गनेश सिंह चौहान हरदा आंदोलन से वापसी हुई। जिनके स्वागत के लिए उनके निज निवास गर्ग चौराहा चौहान भवन में भव्य स्वागत करने पहुंचे समस्त करणी सैनिक। पत्रकार बंधुओं की वार्ता में बताया गया कि आज बड़े गर्व की बात है कि हम सभी सर्वसमाज के लोगों के लिए अब एक अपनी पार्टी भी है और अपना एक संगठन भी है। करणी सेना परिवार ने पिछले 19-20 सालों से केवल सरसमाज की आवाज उठाते हुए कई आंदोलन स्वयं के खर्चों पर किए, लेकिन न तो कांग्रेस राज में न अब भाजपा राज में मांगे पूरी की गई। इसलिए समाज के वरिष्ठ ने निर्णय लिया कि अब स्वयं ही पार्टी बनाकर चुनाव लड़े जाएंगे और लोकसभा एवं विधानसभा में जीत हासिल कर सर्वसमाज की मांगों पर काम किया जाएगा। जल्दी ही चुनाव में सर्व समाज को साथ लेकर करणी सेना परिवार पार्टी मजबूती से सामने आएगी और समाज को इस भ्रष्टाचार पार्टियों का काला चेहरा दिखाएगी। जिसके लिए हम सबको मिलकर अब अपने जिले में नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों का साथ देना जरूरी हो गया है। इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर होंगे। जिस तरह भाजपा के लिए आरएसएस काम करती है उसी तरह करणी सेना परिवार के लिए सामाजिक संगठन राजपूत करणी सेना पार्टी का कंधे से कंधा मिला के काम करेगी। साथ ही पत्रकार बंधुओं से आग्रह किया है कि इस नई पार्टी की शुरुवात में अपना आशीर्वाद प्रदान करे। स्वागत में सर्वसमाज के लोग भी पहुंचे जिसमें आयुष निगम, अजय जैन, आयुष अग्रवाल, जानू ठाकुर, निशांत सिंह, शुभम सिंह, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अजय सिंह, शिव सिंह इत्यादि करणी सैनिक शामिल रहे।

# कोहली ने तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड रोहित शर्मा ने की वॉर्नर की बराबरी

बेंगलुरु/जयपुर,(वार्ता)।

लिस्ट ए क्रिकेट विजय हजारे ट्रॉफी 2025 में बुधवार को रोहित-कोहली (रो-को) ने रिकार्ड बल्लेबाजी की। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने जहां आंध्र प्रदेश के खिलाफ अपनी 330वीं लिस्ट ए पारी में सबसे तेज 16 हजार रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर पछाड़ दिया है। वहीं रोहित शर्मा ने सिक्किम के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते शतक जड़ा और इस प्रारूप में सर्वाधिक नौ बार 150 से अधिक का स्कोर बनाकर डेविड वॉर्नर की बराबरी की। कोहली ने 10 हजार लिस्ट ए रन के बाद हर अगले हजार रन सबसे तेज बनाए हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज 16 हजार रन बनाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाजो में कोहली और तेंदुलकर ही दो भारतीय हैं। उनसे नीचे गोर्डन ग्रीनिज (422 पारियां), रिकी पोंटिंग (430), ग्राहम गूच और विव रिचर्ड्स (435) हैं। तेंदुलकर ने 16 हजार रनों तक पहुंचने के लिए 391 पारियां ली थीं और उन्होंने 551 लिस्ट ए मुकाबलों की 538 पारियों में कुल 21,999 रन बनाए। जिसमें 452 एकदिवसीय पारियों में उनके 18,426 रन शामिल थे। कोहली ने इससे पहले 2009-10 में विजय हज़ारे ट्रॉफी मैच खेला था जबकि रोहित ने 2017-18 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। रोहित ने आज



38 वर्ष और 238 दिन की उम्र में शतक जड़ा और वह इस टूर्नामेंट में शतक जड़ने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए। इस टूर्नामेंट में शतक बनाने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बंगाल के अनुस्तुप मजूमदार हैं जिन्होंने 39 वर्ष की उम्र में 2023-24 सीजन में दो शतक जड़े थे। 62 गेंदों पर शतक बनाने के बाद रोहित की पारी 94 गेंदों पर 155 के निजी स्कोर पर समाप्त हुई। रोहित ने अपनी पारी में 18 चौके और नौ छक्के लगाए। यह मैच मुंबई ने आठ विकेट से जीता। विजय हजारे ट्रॉफी में कोहली शानदार फॉर्म के साथ आए थे, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में वह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। सीरीज में कोहली ने दो शतक और एक नाबाद अर्धशतक जड़ा था। रोहित ने भी ऑस्ट्रेलिया में शतक और एक अर्धशतक जड़ा था जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में उन्होंने दो अर्धशतक जड़े थे।

### विराट का शतक, दिल्ली ने आंध्र प्रदेश को चार विकेट से हराया

सिमरजीत सिंह (पांच विकेट) और प्रिंस यादव (तीन विकेट) के बाद विराट कोहली (131) की शतकीय, प्रियांश आर्य (74) और नीतीश राणा (77) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत दिल्ली ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2025 के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में आंध्र प्रदेश को 74 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। 299 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 37.4 ओवर में छह विकेट पर 300 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने अर्पित राणा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए प्रियांश आर्य के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़े। 13वें ओवर में राजू ने प्रियांश आर्य को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। प्रियांश आर्य ने 44 गेंदों में सात चौके और पांच छक्के लगाते हुए 74 रनों की पारी खेली।

### रोहित के शतक से मुंबई ने सिक्कि म को आठ विकेट से हराया

रोहित शर्मा (155) की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने बुधवार को विजय हजारे टूर्नामेंट एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सिक्किम को 117 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। रोहित शर्मा को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतर मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी और रोहित शर्मा की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 141 रन जोड़े। मुम्बई का पहला विकेट अंगकृष रघुवंशी (38) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाये। रोहित शर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली। उन्होंने 94 गेंदों में 18 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 155 रनों की मैच विजयी पारी खेली।

# 36 गेंदों में शतक जड़ वैभव सूर्यवंशी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

रांची (वार्ता)।



युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन मात्र 36 गेंदों में शतक बनाकर 14 साल और 272 दिन की उम्र में पुरुषों की लिस्ट ए क्रिकेट में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। रांची में प्लेट लीग के मैच में बिहार की ओर से खेल रहे सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि टी-20 के इतर सीनियर क्रिकेट में उनका पहला शतक है। यह लिस्ट-ए मैचों में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक भी है। रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने पिछले साल अरुणाचल प्रदेश के खलाफ ही केवल 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मात्र 59 गेंदों में 150 रन पूरे किए, जो कि विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मामले में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। डिविलियर्स ने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मात्र 64 गेंदों में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी अंत में 84 गेंदों में 190 रन बनाकर आउट हुए और अपने दोहरे शतक से चूक गए। उनकी उस पारी में 16 चौके और 15 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। सूर्यवंशी ने इसी महीने यूएई में हुए अंडर-19 एशिया कप में मेजबान के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रन की शानदार पारी खेली थी। उस पारी के दौरान वह 2002 में टॉन्टन में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायडू द्वारा बनाए गए भारत के लंबे समय से चले आ रहे यूथ वनडे रिकॉर्ड 177 रन से मात्र छह रन दूर रह गए थे। 15 यूथ एकदिवसीय मैचों में सूर्यवंशी का औसत 51.13 और स्ट्राइक रेट 158.79 का रहा है, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। पिछले महीने दोहा में सूर्यवंशी ने पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक जड़ा था, जब उन्होंने राइजिग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 42 गेंदों में 144 रन बनाए थे। उस दिन उन्होंने 32 गेंदों में शतक पूरा किया, जो पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से छठा सबसे तेज शतक भी था। इस टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने, जब उन्होंने इस महीने कोलकाता में महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 61 गेंदों में 108 रन बनाए थे। साल 2025 सूर्यवंशी के लिए ब्रेकथ्रू साल साबित हुआ है। 13 साल की उम्र में आईपीएल नीलामी में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक जड़ा।

### जापानी गोल्फ के दिग्गज जंबो ओजाकी का निधन

**टोक्यो (वार्ता)।** जापान के सबसे सफल प्रोफेशनल गोल्फर, मसाशी जंबो ओज़ाकी का 78 साल की उम्र में निधन हो गया है। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, टी से लंबी दूरी तक शॉट मारने की वजह से जंबो नाम से मशहूर ओज़ाकी ने जापान टूर पर 94 बार जीत हासिल की और देश की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12 बार टॉप पर रहे। वह लगभग 200 हफ़्तों तक गोल्फ की रैंकिंग में टॉप 10 में रहे और 2011 में उन्हें वर्ल्ड गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

# उन्नति, तन्वी, रौनक चौहान ने शानदार अंदाज में शुरू किया अभियान

विजयवाड़ा (वार्ता)।

महिला वर्ग की टॉप सीड उन्नति हुड्डा, वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, अनुभवी आकर्षी कश्यप और उभरती हुई जूनियर रौनक चौहान ने बुधवार को विजयवाड़ा में 87वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह बनाई। पहले राउंड में बाई पाने वाली उन्नति ने वाइल्डकार्ड एंट्री आकांक्षा मत्ते को 21-8, 21-18 से हराया, जबकि तन्वी ने एशियन अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड मेडलिस्ट शायना मणमुथु को 21-10, 21-14 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। अगले राउंड में पहुंचने वालों में अनुभवी आकर्षी भी शामिल हैं, जिन्होंने एशियन अंडर-17 चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से हराया, जबकि अश्मिता चालिहा ने काव्या मारवानिया को 21-7, 21-11 से हराया। 16वीं सीड पूर्वा बर्वे एकमात्र सीडेड खिलाड़ी थीं जिन्हें हार का सामना करना पड़ा, वह



राउंड ऑफ 64 में एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से हार गईं। पुरुष सिंगल्स इवेंट में, 11वीं सीड चौहान ने रणवीर सिंह को 21-9, 21-13 से हराया, जबकि 12वीं सीड डी एस सानीथ ने अंकित मंडल को 21-7, 21-11 से हराकर अगले राउंड में अपनी जगह पक्की की।

16वीं सीड और गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 चैंपियन संस्कार सारस्वत ने भी शिखर रल्लन को 21-11, 21-13 से हराकर शानदार अंदाज में अपने अभियान की शुरुआत की।

### टाटा ओपन में होगी 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**जमशेदपुर (वार्ता)।** टाटा स्टील ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की घोषणा की है जो 25 से 28 दिसंबर, 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा। यह चार दिवसीय टूर्नामेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में 2 करोड़ रुपये का प्राइज पर्स है और यह 2025 पीजीटीआई सीजन का आखिरी चरण है। इस टूर्नामेंट में 126 प्रोफेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें 18 होल के चार राउंड होंगे। टॉप 50 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी दो राउंड के बाद कट में जगह बनाएंगे। टाटा ओपन दुनिया के उन दुर्लभ इवेंट्स में से एक है जो दो जगहों पर खेला जाता है।

# तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर पहुंचे, वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर मजबूत

दुबई (वार्ता)।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खत्म हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के खिलाड़ियों को पुरुष टी20 प्लेयर रैंकिंग में फायदा हुआ, जिसे टीम इंडिया ने 3-1 से जीता। अहमदाबाद में निर्णायक मैच रनों का अंबार था, जिसमें मेजबान टीम ने पहली पारी में 231 रन बनाए। भारत के टॉप स्कोरर तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 73 रन बनाए, जिससे वह श्रीलंका के पथुम निसंका को पीछे छोड़कर 805 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस की तेज 31 रनों की पारी ने उन्हें टॉप 10 में जगह बनाने में मदद की। जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी (चार ओवर में 2/17) की बदौलत भारत कुल स्कोर का बचाव करने में सफल रहा, जबकि वह मैच में एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने प्रति गेंद एक रन से कम की इकॉनमी से गेंदबाजी की। इससे उन्हें गेंदबाजी रैंकिंग में 10 स्थानों की छलांग लगाकर महेश थीक्षाना (622) के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। वरुण चक्रवर्ती के चार विकेट



लेने से रैंकिंग में उनका शीर्ष स्थान और मजबूत हो गया है, उनकी 804 की रेटिंग दूसरे स्थान पर मौजूद जैकब डफी (699) से काफी आगे है। आईसीसी पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में ताजा अपडेट के बाद ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की टेस्ट जीत में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि उन्होंने सीरीज जीत हासिल की, ऑस्ट्रेलिया ने घर पर एशेज अभियान में इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त बना ली, और ब्लैक कैप्स ने माउंट माउंगानुई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत हासिल की। इन प्रदर्शनों के कारण कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप स्थानों के करीब पहुंच गए हैं। एडिलेड में 82 रन की जीत में, ऑस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड ने टॉप ऑर्डर में आगे बढ़ाया, उनकी दूसरी पारी में 219 गेंदों पर 170 रन की पारी ने जीत की नींव रखी। इस पारी ने हेड को रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त तीसरे (815) स्थान पर पहुंचा दिया, जो उनके साथी स्टीव स्मिथ के साथ है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, एलेक्स कैरी के पहली पारी के शतक ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर को छह स्थान ऊपर चढ़ाकर टॉप दस में पहुंचा दिया, और वह 737 की करियर-सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए। तस्मान सागर के पार, यह न्यूज़ीलैंड की शानदार बल्लेबाजी थी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी जीत की नींव रखी, और वे 2-0 से सीरीज विजेता बने। रचिन रवींद्र के नाबाद 72 और 46 रनों ने उन्हें पांच स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि डेवोन कॉनवे के शानदार 227 और 100 रनों ने उन्हें 681 की करियर-उच्च रेटिंग तक पहुंचाया, जिससे वह संयुक्त 17वें स्थान पर आ गए।

# रोम के लिए मार्च से दोबारा उड़ान शुरू करेगी एयर इंडिया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया अगले साल 25 मार्च से दिल्ली और इटली की राजधानी रोम के बीच नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को बताया कि यह उड़ान सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी। इस मार्ग पर वह बोइंग 7878-8 विमान का परिचालन करेगी। इसमें बिजनेस श्रेणी में 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी क्लास में 238 सीटें होंगी।




रोम के लिए उड़ान लगभग छह साल बाद शुरू की जा रही है। कोविड-19 के समय साल 2020 में यह उड़ान बंद कर दी गयी थी। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा कि भारत और इटली के बीच संस्कृति, व्यापार और व्यवसाय में काफी कुछ साझा है। दोनों देशों की राजधानियों के बीच नॉन-स्टॉप सेवा शुरू करने से इटली के यात्रियों को भारतीय उपमहाद्वीप के साथ दक्षिण पूर्व एशिया के लिए भी अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे। वे दिल्ली होते हुए एयर इंडिया की उड़ान से बैंकॉक, कोलंबो, हो ची मिन्ह सिटी, काठमांडू, क्वालालम्पुर, मनीला, फुकेट और सिंगापुर जा सकेंगे।

# चावल, गेहूं नरम-तेल, दाल में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। वहीं, खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये गिरकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गयी। गेहूं आठ रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 22 रुपये और उड़द दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 10 रुपये और मसूर दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गयी। वहीं, तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में



मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा एक रिंगिट टूटकर 4035 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत की बढ़त में 48.93 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 25 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं, वनस्पति की कीमत 47 रुपये और मूंगफली तेल की 20 रुपये टूट गयी। सोया तेल में 15 रुपये और सरसों तेल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।

मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 14 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, चीनी गत दिवस के स्तर पर लगभग स्थिर रही।

### रुपया आठ पैसे कमजोर

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को आठ पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 89.71 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा मंगलवार को 5.50 पैसे मजबूत होकर 89.63 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये में आज भी भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह सात पैसे की बढ़त में 89.56 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 89.51 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बीच कारोबार में यह 89.83 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया था। अंत में 89.71 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर सूचकांक में नरमी से रुपये की गिरावट सीमित रही।

# सतत चेक क्लियरेंस प्रणाली का दूसरा चरण टला

**मुंबई (वार्ता)।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सतत चेक क्लियरेंस प्रणाली का दूसरा चरण जनवरी में लागू करने की योजना को फिलहाल टालते हुए इसकी तैयारी के लिए बैंकों को अतिरिक्त समय प्रदान किया है। इसका पहला चरण 04 अक्टूबर 2025 को लागू किया गया था और दूसरा चरण 03 जनवरी 2026 से लागू होना था। पहले चरण में जिस दिन चेक संबंधित बैंक को क्लियरेंस के लिए पेश किया गया है, उसी दिन उसे क्लियर करना या खारिज कर देना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं, दूसरे चरण में जिस घंटे में चेक पेश किया गया है उसके अगले तीन घंटे में उसे क्लियर या खारिज करने की अनिवार्यता का प्रस्ताव था। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा है, दूसरे चरण का क्रियान्वयन अगले नोटिस तक के लिए टाला जा रहा है ताकि बैंकों को अपने परिचालन को सुचारू करने के लिए और समय मिल सके। इसके अलावा, पहले चरण के तहत संबंधित बैंक को (जिसका चेक है) चेक प्रस्तुत करने और संबंधित बैंक द्वारा उसे क्लियर करने के समय में बदलाव किया गया है। चेक प्रस्तुत करने का समय सुबह 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक था जिसे बदलकर अब सुबह नौ बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक किया गया है। वहीं, चेक क्लियर करने या खारिज करने का समय सुबह 10 बजे से शाम सात बजे की बजाय अब सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा।

# शुरुआती बढ़त गंवाकर लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई (वार्ता)।** रुपये के कमजोर पड़ने से शुरुआती तेजी गंवाते हुए घरेलू शेयर बाजार गिरावट में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक (0.14 प्रतिशत) टूटकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 35.05 अंक यानी 0.13 प्रतिशत नीचे 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। डॉलर की तुलना में रुपये के कमजोर पड़ने से शेयर बाजारों में भी निवेश धारणा कमजोर हुई और बड़ी तथा मझौली कंपनियों में बिकवाली देखी गयी। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.81 प्रतिशत फिसल गया। वहीं, छोटी कंपनियों में लिवाली से स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.28 फीसदी की तेजी रही। एनएसई में कुल 3,247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,767 के शेयर लाल निशान में और 1,358 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 122 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। तेल एवं गैस, आईटी, एफएमसीजी, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांकों में गिरावट रही। मीडिया, धातु और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की



30 कंपनियों में से 16 के शेयरों में गिरावट रही। इंडिगो का शेयर सबसे अधिक 1.48 प्रतिशत टूट गया। सनफार्मा में 1.01 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.82, एशियन पेंट्स में 0.81 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 0.80 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, टाइटन और इंफोसिस में भी गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 2.36 प्रतिशत चढ़ा। मारुति सुजुकी में 0.79 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.73 प्रतिशत की तेजी रही। पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.53 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। जापान के निक्केई में 0.14 फीसदी की गिरावट रही।

### सूथ हेल्थकेयर का ओसाकी मेडिकल से करार

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अग्रणी व्यक्तिगत हाइजिन और आरोग्य कंपनी सूथ हेल्थकेयर ने जापान की ओसाकी मेडिकल कॉरपोरेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। ओसाकी मेडिकल ने पहली बार किसी भारतीय कंपनी से करार किया है। इस रणनीतिक सहयोग के तहत भारतीय बाजार में पहली बार प्रीमियम जापानी फेमिनिन हाइजिन, मैटरनिटी और बेबी केयर उत्पाद पेश किये जायेंगे। सूथ हेल्थकेयर ने हाल ही में मौजूदा निवेशकों और अति धनाढ्य परिवारों के एक समूह से 45 करोड़ रुपये जुटाये थे। एमओयू के अंतर्गत ओसाकी मेडिकल अपने वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त फेमिनिन, मदर एवं बेबी हाइजिन उत्पादों की श्रृंखला भारत में उपलब्ध करायेगा।

# जीएसटी लागू होने से पूरा देश बना एक बाजार: राधाकृष्णन

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश एक बाजार के रूप में उभरा है।

हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की पुस्तक मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण का यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विमोचन करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। देश में जीएसटी लागू होने से आज पूरा देश एक साझा बाजार बनकर उभरा है। इसका



सीधा लाभ छोटे और मझौले व्यापारियों तथा किसानों को मिल रहा है। आज पंजाब का किसान अपनी उपज केरल में बेच सकता है और हिमाचल प्रदेश का हथकरघा व्यापारी अपना सामान तमिलनाडु भेज सकता है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही पूरी हो जाती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है। उपराष्ट्रपति ने जनधन खातों की जिक्र करते हुए कहा कि जीरो बैलेंस के साथ बैंक खाते खोलने से हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा मिल सकी है और आज समाज के निचले तबके के करोड़ों रुपये बैंक खातों में जमा हैं। इन बैंक खातों की वजह से आज केंद्र और राज्य सरकारों की अनुदान योजनाओं की पूरी राशि सीधे गरीबों के खातों में जमा हो रही है और बिचौलिये तथा दलालों की भूमिका खत्म हो गयी है। डीबीटी के माध्यम से 47 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित किये जा चुके हैं। किसान सम्मान निधि का जिक्र करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि आज किसानों को उनके जमीन अधिग्रहण के लिए पहले की बजाय तिगुनी कीमत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली का राष्ट्रीय ग्रिड बनने से आज देश में बिजली की कटौती खत्म हो गई है और जनरेटर युग भी समाप्त हो गया है। श्री कुमार ने कहा कि जब श्री मोदी ने सत्ता संभाली थी तो मुद्रास्फीति की दर 10 प्रतिशत थी और राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.1 प्रतिशत पर था और रोजगार के साधन नगण्य थे।

# हम सुशासन और संवेदनशीलता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डी.डी. कॉन्क्लेव 2025 में की सहभागिता

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर नवाचार कर रही है। जनसेवा के कार्यों और प्रदेश के अभ्युदय के लिए कई कार्यों को आरंभ किया गया है। हम सुशासन और संवेदनशीलता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। शासन के धन का सदुपयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों का कल्याण हो यह हमारा लक्ष्य है। वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया। वर्ष 2026 में कृषि और कृषक कल्याण को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी और वर्ष 2027 युवाओं को समर्पित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाल सलाम को आखिरी सलाम कहते हुए नक्सलवाद को प्रदेश से समाप्त करना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि रही। प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के सक्रिय सहयोग से राज्य सरकार निर्धारित समय-सीमा से पहले नक्सलवाद को समाप्त करने में सफल रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दूरदर्शन के डी.डी. कॉन्क्लेव भोपाल-2025 में मध्यप्रदेश सरकार के 2 वर्ष के कार्यों पर आधारित विशेष सत्र में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरूगन, केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एंकर सुधीर




चौधरी ने साक्षात्कार लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियों, सरकार की प्राथमिकताओं, चुनौतियों, भविष्य की कार्ययोजना तथा व्यक्तिगत जीवन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दमदार दो साल-मोहन सरकार लघु फिल्म का रिमोट कंट्रोल से विमोचन भी किया है।

### बजट को डबल करना हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट को डबल करना हमारा लक्ष्य है। इसके साथ ही मितव्ययिता से बचत करना भी हमारी प्राथमिकता है। सौर ऊर्जा को प्राथमिकता देकर हम सरकार के खर्च में कमी के साथ-साथ किसानों को भी बचत के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नवकरणीय ऊर्जा के प्रोत्साहन से देश में सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश उपलब्ध करा रहा है। दिल्ली की मेट्रो की बिजली से संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब नीति और नीयत साफ हो तो ईश्वर भी मदद करते हैं। हमने सभी व्यवस्थाओं को प्रदेश में सुसंगत बनाने का प्रयास किया है। जन कल्याण की योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश हमारे लिए केवल एमओयू की संख्या नहीं बल्कि धरातल पर दिखने वाला रोजगार और उत्पादन है। इसी सोच के साथ प्रदेश में निवेश नीति और प्रशासनिक कार्यशैली दोनों में मूलभूत बदलाव किए गए। पहले इन्वेस्टर्स समिट केवल इंदौर में होती थी, हमने इन गतिविधियों का विस्तार प्रदेश के सभी संभागों में किया। परिणाम यह रहा कि जहां सामान्यतः 5-7 प्रतिशत निवेश प्रस्ताव ही जमीन पर उतरते थे, वहीं मध्यप्रदेश में यह अनुपात 30 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भावांतर योजना की शुरुआत वर्ष 2017 में की। थी भावांतर योजना में किसानों को उपज का उचित मूल्य मिले और बाजार की स्थिरता से सुरक्षा का कार्य हो रहा है। राज्य सरकार आगामी वर्ष को कृषि कल्याण के रूप में मनाने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना हमारे लिए सामाजिक न्याय और नारी सम्मान की स्थायी प्रतिबद्धता है। बहनों की जरूरत और आत्म सम्मान को समझते हुए राशि में डेढ़ गुना की वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और एयर एम्बुलेंस चलाने जैसे नवाचार किए गए हैं। स्वस्थ मध्यप्रदेश बनाना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश पर्यटन की दृष्टि से असीम संभावनाओं का प्रदेश है। सिंहस्थ - 2028 को हम एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देख रहे हैं। सरकार की तैयारियां अभी से समग्र और चरणबद्ध रूप से आरंभ हो चुकी है। हमारा प्रयास यह है कि प्रदेश में पर्यटन की व्यवस्थाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पहले से ही टाइगर स्टेट के रूप में पहचाना जाता था और अब चीता स्टेट के रूप में भी प्रदेश ने देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। हम मध्यप्रदेश को वन्य जीव संरक्षण का राष्ट्रीय और वैश्विक मॉडल बनाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विजन 2047 में मध्यप्रदेश को 225 लाख करोड़ रूपए की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय को 22 लाख रूपए बनाने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण, उद्योग, निवेश और निर्यात को नई ऊंचाई देने, ग्रीन एनर्जी और समावेशी विकास के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। प्रदेश को निवेश और व्यापार का स्वाभाविक हब बनाने के लिए सड़क, रेल, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची बंद करने, समाज में सादगी, समानता और सामाजिक समरसता का वातावरण बनाने का संदेश देने के उद्देश्य से, उन्होंने अपने बेटे की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में अपने पारिवारिक जीवन और रूचियों से सबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्होंने कहा कि हमारी अध्ययन की प्रवृत्ति केवल डिग्री या नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से न हो, अपितु ज्ञानार्जन और व्यक्तित्व विकास भी अध्ययनशीलता का आधार होना चाहिए। उज्जैन ऐतिहासिक रूप से ज्ञानार्जन और विद्या-अध्ययन का केन्द्र रहा है। वहां के साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक वातावरण से प्रभावित होना भी व्यक्ति के लिए स्वाभाविक है। केन्द्रीय मंत्री डॉ. मुरूगन ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन को समय-सीमा में क्रियान्वित कर रही है। मध्यप्रदेश विकास का केन्द्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश का नक्सल मुक्त होना बड़ी उपलब्धि है। यह गर्व का विषय है कि कई राज्य मध्यप्रदेश में लागू नवाचारों का अनुसरण कर रहे हैं।




## भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर ग्वालियर में होगा विशेष आयोजन : डॉ. यादव

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर ग्वालियर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। राज्य सरकार ने अटलजी की जयंती को सार्थक करते हुए कल 25 दिसंबर को गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के दृष्टिगत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इस अवसर पर प्रदेश में उद्योग एवं व्यापार गतिविधियों के विकास और विस्तार के लिए राज्य में लगभग 2 लाख करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई बड़ी सौगातें दी हैं। प्रदेश के लिए प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ग्वालियर के आयोजन में पधार रहे हैं। यह आयोजन प्रदेश सरकार के संकल्प को आगे बढ़ने वाला सिद्ध होगा। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह विभिन्न योजनों के हितग्राहियों, बेरोजगार युवाओं और निवेशकों को अनेक सौगातें भी प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने और भारत को विश्व की तीसरी सबसे सशक्त अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से आभार मानते हुए मध्यप्रदेश आगमन पर केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह का अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में घोषित किया है। इसके अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों एवं देश-विदेश में बिजनेस समिट आयोजित कर उद्योपतियों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रेरित और आमंत्रित किया गया। हमारी सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर सृजित हुए हैं। प्रदेश सरकार सभी प्रकार के उद्योग एवं व्यापार को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उद्योग एवं रोजगार वर्ष में राज्य में लगभग 8.5 लाख करोड़ के औद्योगिक विकास कार्यों को धरातल पर लाने का कार्य प्रारंभ हुआ है।

## रामकुमार विद्यालय के बच्चों को गर्म स्वेटर वितरण



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** श्री हनुमानगढी शिक्षण समिति दमोह की पालक संस्था श्री देव रामकुमार हनुमानगढी मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह द्वारा रामकुमार विद्यालय के कक्षा 6वी, 7वी, एवं 8वी के छात्रों को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीदेव रामकुमार हनुमानगढी मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुरू, श्री हनुमानगढी शिक्षण समिति दमोह के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता, सचिव हरिशंकर त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष स्वामी अशोक कुमार तिवारी, सहसचिव विजय सिंह ठाकुर, सदस्य राजेश दुबे, राजीव हजारी के साथ ही शाला के प्राचार्य, समस्त शालेय परिवार एवं विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## केबिनेट मंत्री पटेल ने किया हटा जपं परिसर में अटल सुशासन भवन और सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन

### पंचायत मंत्री ने पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत पर दिया जोर

हटा (स्वतंत्र मत)

पंचायत ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में करीब 1225 करोड़ 67 लाख की लागत से निर्माण होने वाले अटल सुशासन भवन और हटा जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीकृत 28 सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि पटेल ने भूमि पूजन कर शिलालेख का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि विकास की अपनी एक परिभाषा होती है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि सबका साथ सबका विकास कुछ लोगों को सिर्फ एक नारा लग रहा था लेकिन यह सच साबित हुआए ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग के माध्यम से कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। श्रद्धेय अटल जी



की जन्म जयंती पर 2474 पंचायत भवनों को बनाने का सौभाग्य मुझे और मेरे विभाग को मिल रहा है। यह सभी भवन अत्याधुनिक सुविधाओं और भविष्य की सम्भवनाओ को देखते बनाये जाने हैं। अब विकास के पैमाने बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पांचवे वित्त का पर्याप्त पैसा हैए पंचायते स्वाबलंबी बने और रोजगार को सृजन करे। इस बिषय पर कार्य करना होगा। श्री पटेल ने निर्मित होने बाले भवनों के सदुपयोग पर बोलते हुए कहा कि ग्रामों के इतिहास को सहेजने सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने, पंचायत से बेहतर कोई दूसरी संस्था देश मे नहीं हो सकती है। विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल आदि ने भी संबोधित किया। सीईओ संजीव गोश्वामी ने आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षक माधव पटेल ने किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपागरे, मण्डल अध्यक्ष ग्रामीण गोपाल पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, जनपद उपाध्यक्ष राजकुमारी छिरोलया, जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतुवाय, अभिषेक जैन, पूर्व बिधायक पीएल तंतुवाय, मण्डल अध्यक्ष कमलेश चौदहा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## सीएमओ ने अमले के साथ हटा बस स्टैंड पर दुकानों को व्यवस्थित कराया

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगरपालिका द्वारा बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के पास सीमेंटेड कराने के बाद बस स्टैंड को व्यवस्थित करने का प्रयास आरम्भ किया है। मनिहारी की दुकानों के लिए नगरपालिका की बाउंड्री के पास मंच के बाजू से पर्ची डालकर जगह आवंटित की गई है



हाथ ठेला और चलित दुकानों को सी एम ओ राजेन्द्र खरे ने बुधवार को नगरपालिका अमले और हटा पुलिस के साथ व्यवस्थित कराया। बस स्टैंड पर यंहा वहां लगने वाले फल और चाट के हाथ ठेलोए अन्य दुकानदारों को निर्देश देते हुए सभी को एक लाइन से व्यवस्थित कराकर बाजार व्यवस्थित कराया गया ताकि यात्रियों और बस चालको को कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े और बस स्टैंड पर सुचारू यातयात की व्यवस्था बनी रहे।

## हटा न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर, 13 यूनिट रक्त संग्रहित



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** एडीजे हटा न्यायालय सुनील कौशिक के विशेष पहल पर एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति हटा के तत्वाधान में हटा न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। रक्तदान शिविर में अधिवक्ताओंए न्यायालय कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मौके पर एडीजे हटा श्री सुनील कौशिक स्वयं रक्तदान कर उपस्थितजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। सीबीएमओ हटा ने बताया कि 13 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसे आवश्यकता अनुसार मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अकादमिक कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने की। सेमिनार के दौरान गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉण् ममता अवस्थी ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन.वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनके संघर्ष, शोध कार्य एवं गणित के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद रामानुजन ने अपनी विलक्षण प्रतिभा के बल पर



विश्व गणित को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ केके कोरी ने श्रीनिवास रामानुजन की एक विशेष गणितीय तकनीक को विद्यार्थियों के समक्ष व्यावहारिक रूप से प्रस्तुत कियाए जिससे विद्यार्थियों को विषय को समझने में विशेष सहायता मिली। डॉ. आरपी अहरवाल ने भी रामानुजन के कार्यों और उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर अपने विचार व्यक्त किए। दो दिवसीय सेमिनार में एमएससी गणित के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गणितीय विषयों पर प्रस्तुतियां दी गईं। इस आयोजन से विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचिए तार्किक सोच और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहन मिला।

# अटल जी ने अपना पूर्ण जीवन राष्ट्र और देश के लिये समर्पित कर दिया : शिवहरे

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर अटल वाटिका का लोकार्पण

दमोह (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने फतेहपुर में रिंग रोड की स्वीकृति दे दी जिसका पथरिया में 195 करोड़ की लागत से वायपास निमार्ण किया जायेगा। इस परियोजना में दो फ्लाई ओवर ओवरब्रिज शामिल होंगे। एक बोतराई की तरफ और दूसरा दूसरी दिशा में इन दोनों के बनने से ही रिंग रोड का काम पूरा होगा। अगले 3-4 महीनों में सर्वे पूरा करके इसका टेंडर निकालने की कार्रवाही की जाएगी। रिंग रोड बनने से अगले 5 वर्षों में पथरिया का काफी विस्तार होगा। जैसे ही सड़क का काम शुरू होता है, आसपास नए घर और बसावट आने लगती है जिसे वे श्असली विकास कह रहे हैं। इससे आसपास के गांवों के आवागमन में भी काफ ी सुधार होगा। यहाँ पर



पथरिया में अभी तक कोई पार्क नहीं था। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस है और उनके नाम पर अटल वाटिका का आज लोकार्पण हुआ। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने अटल वाटिका के लोकार्पण समारोह के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्माए पूर्व विधायक सोनाबाईए पूर्व कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष खरगराम पटैल, संतोष दुबे, जमना जैन, अमित बजाज, सुखई दाऊ, प्रेम पटैल, गौरव पटैल, सुरेश पटैल, योगेन्द्र चौधरी, पार्षद गण, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, मीडियाजन मौजूद थे। पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल ने नगर परिषद के अध्यक्ष और सभी पार्षदों को भी बधाई देते हुए कहा एक योजना पूरे पथरिया की बनाएं और पथरिया की पूरी योजना बनाकर के जहां-जहां पर बहुत आवश्यक काम है, सबसे पहले उन कामों को लेकर के व्यवस्था करेंगे कि बहुत जल्दी वह कार्य पूर्ण हो जाये। यह पथरिया का पहला पार्क है और यह पार्क अच्छा हो, यह सबकी कल्पना है। उन्होंने कहा आने वाले समय में हमारे पास जितना भी समय है, उस समय में आपको काम करके दिखाना है और इसके लिए थोड़े कड़े फ़ैसले करने पड़ेंगे, कड़े निर्णय लेने पड़ेंगे। उन्होने कहा भगवान बड़ी मुश्किल से ऐसे अवसर देता है जब किसी को पदाधिकारी बनाता है और जिम्मेदारी देता है और उस समय आपने क्या काम किया यह हमेशा याद किया जाता है। राज्यमंत्री पटैल ने कहा पथरिया के विकास में एक नया आयाम जोड़ने का जो काम मुख्यमंत्री ने किया है उनका आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। आने वाले समय में नया वर्ष लगने वाला है मेरी ओर से सभी नगरवासियों को, विधानसभा वासियों के लिए नए वर्ष की शुभकामनाएं। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा इस पार्क का लोकार्पण बहुत दिनों से प्रतीक्षारत था लेकिन आज पार्क का लोकार्पण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया गया हैए यह पार्क आज से आम जनता के लिए खुल जायेगा। अटल जी ने अपना पूर्ण जीवन राष्ट्र और देश के लिये समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा भ्रष्टाचार मुक्त जो सुशासन देने की जो सरकार में निर्णय हुआ उसे जोड़ा गया, किसानों के लिये क्रेडिट कार्डए उत्तर से लेकर दक्षिण तक और दक्षिण से लेकर उत्तर तक और पूरव से लेकर पश्चिम तक पूरे राष्ट्र का बांधने के लिये सड़कों का निर्माण कराने कार्य कियाए देश को एक सूत्र में बांधने एवं देश को परम वैभव तक पहुंचाने का एक रास्ता बनाया था।

## पंचायत उप निर्वाचन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत पंचायत उप निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपादित कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा पंचायत नियम 1995 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार विकासखण्ड पटेरा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी, विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोरा कला तथा विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान के मतदान केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न दायित्वों के निर्वहन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट पदाविहित किए गए हैं। विकासखण्ड पटेरा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के लिए प्रभारी तहसीलदार विवेक व्यास तेंदूखेड़ा पुलिस थाना कुम्हारीए नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह हिण्डोरिया पुलिस थाना कुम्हारी, नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता दमोह पुलिस थाना पटेरा तथा नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार पुलिस थाना रनेह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोराकला के लिए नायब तहसीलदार कोमल सिंह चढ़ार बटियागढ़ पुलिस चौकी केरबना तथा विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान के लिए नायब तहसीलदार बृन्देश पाण्डेय पथरिया पुलिस चौकी सागर नाका, थाना दमोह देहात को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

PWD/08/PRO No. 711 Dated 24/12/2025

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_469775_1 Date 29/12/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतर्गत थाने के सामने से लेकर विजय कॉस्मेटिक के पास तक सड़क की साइड मरम्मत एवं नाली मरम्मत कवर्ड करते हुये चेंबर लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>6.73 लाख | 2,000/-<br>6737/- | 12/01/2026 |
| 2. | 2025_UAD_469775_2 Date 29/12/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतर्गत फूटाताल मैदान दरहाई क्षेत्र में एवं दुर्गा मंदिर के आस-पास विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>3.60 लाख | 2,000/-<br>3602/- | 12/01/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म
नगर निगम, जबलपुर

# आकर्षक साज-सज्जा से जगमगा उठे चर्च

## गिरिजाघरों में क्रिसमस की पूर्व संध्या हुए विविध कार्यक्रम





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

क्रिसमस को लेकर शहर के गिरिजाघरों में उत्साह चरम पर है। प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गिरजाघरों को आकर्षक रोशनी, रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया जा रहा है। चर्च परिसरों में क्रिसमस ट्री लगाए जा रहे हैं, वहीं यीशु के जन्म से जुड़ी सुंदर झांकियां भी तैयार की जा रही हैं।

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर विशेष प्रार्थना सभाओं और मध्यरात्रि मिस्सा (मिडनाइट मास) की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सदर स्थित सेंट पीटर एंड पॉल महा गिरजाघर में धर्म प्रांत प्रमुख डॉ. वल्लन अररसु शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाली विशेष प्रार्थनाओं का नेतृत्व करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चर्च प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। चर्च पदाधिकारियों का कहना है कि क्रिसमस केवल उत्सव नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों और धर्मों के लोगों से शांति और प्रेम का संदेश फैलाने की अपील की गई है। वहीं नॉर्थ सिविल लाइन स्थित क्राइस्ट चर्च में भी क्रिसमस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। घरों और चर्चों में केक, मोमबत्तियां और अन्य सजावटी सामग्री तैयार की जा रही है। बच्चों के लिए सांता क्लॉज और उपहार वितरण जैसे विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## सेंट जॉन्स लूथरन स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं क्रिसमस सेलीब्रेशन




**जबलपुर।** सेंट जॉन्स लूथरन स्कूल रामनगर, रामपुर का वार्षिकोत्सव एवं क्रिसमस सेलीब्रेशन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जेकब दिलराज एवं प्राचार्य श्रीमती अनीता दिलराज रहे। इस अवसर पर शाला शिक्षक शिक्षिकायें श्रीमती सुधा राजपूत, अंजना लोथ, विभा मिश्रा, नीलम मलिक, ज्योति नागेश, कु. अंजली यादव, नैना झा, श्वेता सिंह ठाकुर, रोशनी विश्वकर्मा, वन्दना विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



































हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**